आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 21°C | 12°C |

इनसाइड न्यूज

योगी के मंत्री पर डोरे डाल रही कांग्रेस

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

रविवार 05 जनवरी, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 84 www.janexpresslive.com/epaper



कहते थे सरकारी गाड़ी-बंगला नहीं लेंगे... 12

# जीत के लिए 'योगी' मंत्र, फेल होगा विपक्ष का हर तंत्र

- मिल्कीपुर के उपचुनाव का अखाड़ा तैयार, भाजपा ने ठोकी ताल
- योगी पहुंचे अयोध्या, राजनीतिक सरगर्मी बढ़ीं

जन एक्सप्रेस। संतोष कुमार दीक्षित

राज्य मुख्यालय। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर विधानसभा उपचुनाव की सुगबुगाहट के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अयोध्या पहुंचे। कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में सीएम ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए विपक्ष के हर तंत्र को फेल करने की योजना पर काम करने के लिए एजजुट होकर पूरी ताकत से मैदान में उतरने को कहा है। सूत्रों की माने तो मिल्कीपुर विस सीट को सीएम योगी ने साख का सवाल बना लिया है और हर हाल में इसे जीतने की जुगत में जुट गए हैं।




### योगी के छह मंत्री तैयार कर रहे जमीन

मिल्कीपुर सीट को जीतने के लिए प्रदेश सरकार के छह मंत्री जमीन तैयार करने में जुटे हैं। ये मंत्री सरकार की विकास परियोजनाओं और उनके समस्याओं के समाधान पर काम कर रहे हैं ताकि मतदाताओं के बीच पार्टी के लिए समर्थन जुटाया जा सके। बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी को यहां से हार मिली थी और उस दौरान हार का कारण विकास कार्यों के दौरान लोगों की जमीन छिनने और कम मुआवजा, विस्थापन में परेशानी जैसी वजह सामने आने की चर्चाएं जोरों से चली थीं।

### 24 घंटे पहले पहुंचे थे ये मंत्री

सीएम योगी के पहुंचने से पहले रामनगरी में शुक्रवार को जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर और खाद्य रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा अयोध्या पहुंच गए थे। शनिवार को प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर सिंह, आयुष राज्य मंत्री दया शंकर मिश्र दयालु और खेल राज्यमंत्री गिरीश यादव पहुंचे थे।

### जल्द हो सकता है मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव

दिल्ली विधानसभा चुनाव के साथ मिल्कीपुर का उपचुनाव हो सकता है।ऐसे में भाजपा यहां पूरी ताकत झोंक रही है। उपचुनाव जीतने के लिए योगी सरकार और भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कुंदरकी की तर्ज पर भाजपा यहां घर-घर जाकर ऐसे वोटरों को तलाश रही जो बीजेपी को वोट नहीं देते हैं। पार्टी ऐसे वोटरों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करेगी और सरकार की योजनाओं से अवगत कराने के साथ ही पात्रों को योजना से लाभान्वित भी कराया जाएगा।

### डरी हुई है भाजपा: अवधेश प्रसाद

योगी आदित्यनाथ के अयोध्या दौरे को लेकर सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर बीजेपी डरी हुई है। सोचने वाली बात है कि एक सीट से भाजपा को क्या फर्क पड़ेगा। उसकी पूर्ण बहुमत की राज्य में सरकार है फिर डर कैसा?। कटाक्ष करते हुए कहा कि मिल्कीपुर सीट के लिए मुख्यमंत्री का सात बार दौरा करना कहीं न कहीं अंदर का डर दिखाता है। तीन महीने में 16 मंत्री आ चुके हैं। भाजपा की सोच गलत साबित होगी। हमें मिल्कीपुर की जनता पर भरोसा है, वह हमारे बेटे अजीत प्रसाद को ही चुनाव जिताएगी।

### भाजपा ने अयोध्या को बनाया विकास का प्रतीक

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास की प्रतीक है। हमने अयोध्या को विकास का प्रतीक बनाया है। हम विकास और सनातन के प्रतीक राम को मानते हैं, जबकि सपा विध्वंस के प्रतीक बाबर को मानती है। समाजवादी पार्टी ने अयोध्या को विकास को रोका, राम भक्तों पर गोलियां चलवाईं और प्रदेश को दंगे की आग में भी झोंका। समाजवादी पार्टी आज भी आतंकियों, दुराचारियों, अपराधियों के साथ खड़ी रहती है, जबकि भाजपा निरंतर देश-प्रदेश को विकास की ओर ले जा रही है। बिना भेदभाव सिर्फ पात्रता के आधार पर आवास, शौचालय, निशुल्क गैस कनेक्शन दिया जा रहा है। प्रदेश को अराजकता तथा माफिया राज से मुक्त कराया गया है। सीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता के बीच में जाएं और विकास के बलबूते वोट की अपील करें।

### कुंदरकी जीता, मिल्कीपुर भी जीतेंगे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं की हौसलाअफजाई भी की। उन्होंने कहा कि जब रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई तो दुनिया ने अयोध्यावासियों को सिर आंखों पर बिठाया। उन्होंने कहा कि कुंदरकी में 65 प्रतिशत मुस्लिम आबादी के बाद भी विकास के नाम पर भारतीय जनता पार्टी ने रिकार्ड मतों से उपचुनाव में जीत हासिल की। कार्यकर्ताओं की बदौलत ही उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में 9 में से 7 सीट जीतने में हमनें सफलता हासिल हुई। कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ मिल्कीपुर उपचुनाव को रिकार्ड मतों से जीतने का लक्ष्य लेकर कार्य करें।

### बैठक में ये रहे मौजूद

संचालन विधान परिषद सदस्य इंजी. अवनीश सिंह पटेल ने किया। बैठक में प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री जेपीएस राठौर, गिरीश चंद्र यादव, दयाशंकर मिश्र दयालु, मयंकेश्वर शरण सिंह, सतीश शर्मा, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक रामचंद्र यादव, वेद प्रकाश गुप्ता, अमित सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह समेत मिल्कीपुर विधान सभा के सभी मंडल अध्यक्ष, प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, जिला पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# सर्दी का सितम

## 14 राज्यों में कोहरा, दिल्ली-कोलकाता एयरपोर्ट पर 295 फ्लाइट लेट

- पंजाब-यूपी में विजिबिलिटी जीरो, हरियाणा में धुंध के चलते एक्सीडेंट, 2 की मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश के 14 राज्यों में घने कोहरे का असर देखने को मिल रहा है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली विजिबिलिटी घटकर जीरो मीटर तक पहुंच गई है। इस कारण कई फ्लाइट्स और ट्रेनें लेट हुईं। अकेले दिल्ली एयरपोर्ट पर शनिवार सुबह 255 फ्लाइट्स निर्धारित समय पर उड़ान नहीं भर सकीं। 43 फ्लाइट्स को रद्द कर दिया गया। दिल्ली स्टेशन पर ट्रेनें अपने निर्धारित समय से लेट पहुंचीं। कोलकाता एयरपोर्ट पर भी 40 फ्लाइट्स लेट हुईं, वहीं, 5 कैंसिल कर दी गई। चंडीगढ़, अमृतसर और आगरा एयरपोर्ट पर भी फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। हरियाणा में हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर धुंध के कारण एक कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार सवार की मदद के लिए पहुंचे लोग पहुंचे। पीछे से आ रहे ट्रक चालक को कोहरे के कारण सड़क पर लोग दिखाई नहीं दिए। उसने लोगों को रौंद दिया। हादसे में 2 लोगों की मौत हुई। 4 लोग घायल हुए हैं। राजस्थान और मध्य प्रदेश के भी कई जिलों में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी 100 मीटर तक रह गई। मौसम विभाग ने कहा है कि राजस्थान के कुछ जिलों में कल बारिश हो सकती है, लेकिन एमपी में बारिश के कोई आसार नहीं है। हालांकि, यहां 2 दिन बाद ठंड से राहत मिल सकती है।



### दृश्यता शून्य तक पहुंची

दिल्ली-एनसीआर में मौसम का मिजाज बदल चुका है। शनिवार सुबह से ही पूरे एनसीआर में घना कोहरा छाया हुआ है। कई जगहों पर दृश्यता जीरो तक पहुंच गई है। ऐसे में लोगों को सड़क पर गाड़ियों की फॉग लाइट जलानी पड़ रही है। वहीं कोहरे की वजह से रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों की चाल थम गई। कानपुर के यात्री बृज किशोर वर्मा का कहना है कि कानपुर से आने वाली ट्रेन छह घंटे देरी से चल रही है। वह दो-तीन घंटे से स्टेशन पर इंतजार कर रहे हैं। उन्हें बताया गया है कि सभी ट्रेनें देरी से चल रही हैं। वहीं हवाईअड्डों पर विमानों की आवाजाही भी प्रभावित हुई। इससे यात्रियों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा।

### यूपी में घना कोहरा, विजिबिलिटी शून्य

यूपी में सर्दी बढ़ गई है। घना कोहरा छाया है। सीजन में लगातार दूसरे दिन शनिवार को 10 जिलों में कोल्ड-डे का अलर्ट जारी किया गया। बर्फीली हवाओं से लोगों की कंपकंपी छूट रही है। बीते 24 घंटे में कानपुर प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। जहां पारा 4.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश में 20 शहरों का पारा 10 डिग्री से कम दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने 26 जिलों में कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। लखनऊ में सुबह 9 बजे तक विजिबिलिटी 50 मीटर से कम रही। बेंगलुरु और दिल्ली से लखनऊ आने वाली दो फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं। यहां से उड़ान भरने वाली कई फ्लाइट्स 8 घंटे तक लेट हैं। मेरठ, औरेया, मैनपुरी समेत कई शहरों में विजिबिलिटी जीरो पर पहुंच गई। संभल, गाजियाबाद, हापुड़ और अयोध्या में वाहन रेंगते रहे। आगरा में कोहरे के चलते शुक्रवार देर रात किरावली इलाके में 3 वाहनों की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में एक की मौत हो गई। 30 यात्री घायल हैं।

### एमपी-राजस्थान और उत्तर भारत के राज्यों में ठंड बढ़ेगी

जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख में बर्फबारी होने से सर्द हवाएं प्रदेश में आ रही हैं। अभी 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर 222 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से जेट स्ट्रीम चल रही है। इस कारण ठंड का असर है। आने वाले दिनों में बर्फ पिघलेगी। जिससे हवा की रफ्तार तेज होगी और प्रदेश में ठंड का असर बढ़ जाएगा। इस कारण जनवरी में प्रदेश का मौसम ठंडा ही रहेगा। 20 से 22 दिन तक शीतलहर चलने का अनुमान है।

### 400+ फ्लाइट्स लेट हुई

खराब मौसम का असर एयर कनेक्टिविटी पर पड़ा। दिल्ली में शुक्रवार को भी घना कोहरा छाया रहा और विजबिलिटी जीरो तक पहुंच गई थी। इसके चलते करीब 400 फ्लाइट्स लेट हो गईं। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के मुताबिक करीब 470 फ्लाइट्स लेट हुईं। वहीं, गुवाहाटी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक दर्जन से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द करनी पड़ीं, जबकि 30 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट हुईं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बताया कि घने कोहरे की वजह से पूरा परिचालन बाधित रहा। आने वाले दिनों में भी ऐसे ही हालात रहने का अनुमान है।

### कश्मीर की ठंड का श्रीनगर पर असर

अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर घाटी के कुछ हिस्सों में घने कोहरे के कारण शनिवार को श्रीनगर हवाई अड्डे पर उड़ानों का परिचालन प्रभावित हुआ। उन्होंने बताया कि सुबह श्रीनगर समेत कश्मीर में कोहरे की मोटी चादर छाई रही। कोहरे के कारण खराब दृश्यता के कारण हवाई अड्डे पर परिचालन प्रभावित हुआ और सुबह की सभी उड़ानें काफी देर से उड़ीं।

# उत्तर प्रदेश बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच आज 'बीएल संतोष'

- भाजपा संगठन के पुनर्गठन प्रक्रिया के लिए आज मिलेगा 'बीएल मंत्र'

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

इन दिनों भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक ढांचे में बदलाव को लेकर ताना-बाना बुनने में व्यस्त है। इसी क्रम में भाजपा के जिलाध्यक्षों के चुनाव के लिए पांच जनवरी को प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। कार्यशाला में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष पहुंचेंगे और बीजेपी जिलाध्यक्षों के निर्वाचन प्रकिया का मंत्र देंगे।

### चल रहा मंथन

संगठनात्मक ढांचे में बदलाव को लेकर करीब एक पखवाड़े से भाजपा के अंदर मंथन जारी है। सूत्रों की मानें तो भाजपा के इस मैराथन मंथन के बाद 70 से अधिक संगठनात्मक जिलों में मंडलों का गठन कंप्लीट कर लिया गया है। हालांकि प्रदेश चुनाव अधिकारी ने पत्र जारी कर 5 जनवरी को होने वाली कार्यशाला में मंडल अध्यक्षों की प्रक्रिया पूरी करने की बात कही जा रही है।



### जिलाध्यक्षों के चुनाव पर निगाहें

दिलचस्प दौर में पहुंचे जिलाध्यक्षो के चुनाव को लेकर पांच जनवरी को होने वाली कार्यशाला पर सभी की निगाहें टिकी हैं। चुनाव की गंभीरता का इस बात से समझा जा सकता है कि खुद राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष चुनाव प्रक्रिया को समझाने के लिए शिरकत करने आ रहे हैं।

### इन महानुभावों की रहेगी गरिमामयी उपस्थिति

राज्य स्तरीय कार्यशाला में प्रदेश के राष्ट्रीय सह प्रभारी नरेश बंसल, प्रदेश सह प्रभारी संजय भाटिया व संजीव चौरसिया, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह मौजूद रहेंगे। इसमें प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश सह चुनाव अधिकारी, प्रदेश अपील कमेटी, पर्यवेक्षक, क्षेत्रीय प्रभारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिला चुनाव अधिकारी एवं जिला प्रभारी भी प्रतिभाग करेंगे।

## महाकुंभ का सरकारी एक्स हैंडल सस्पेंड

हैक या रुल्स वाइलेशन की आशंका, महाकुंभ-2025 के नाम से कई फेक अकाउंट भी एक्टिव

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

प्रयागराज महाकुंभ का आधिकारिक एक्स हैंडल (https://&.com/MahaKumbh_2025) सस्पेंड कर दिया गया है। हालांकि 24 घंटे बाद फिर से एक्टिवेट हो गया है। आशंका जताई जा रही है कि इसे हैक करने की कोशिश की गई होगी या अकाउंट से एक्स के नियमों का उल्लंघन किया गया है। हालांकि, कई घंटों से सस्पेंड होने के बावजूद इस मामले में कोई भी आधिकारिक बयान अभी तक सामने नहीं आया है। इस एक्स हैंडल से 14000 लोग जुड़े हैं। इस एक्स हैंडल पर मेला से जुड़ी सभी जानकारियां शेयर हो रही थीं। वहीं, इन दिनों महाकुंभ-2025 के नाम से कई फेक अकाउंट भी एक्टिव हैं। महाकुंभ-2025 नाम से कई अकाउंट वेरिफाइड भी हैं। बता दें कि सरकार ने इस बार महाकुंभ के लिए दिव्य, भव्य और डिजिटल का नारा दिया है। ऐसे में अगर आधिकारिक एक्स हैंडल ही सस्पेंड हो जाता है तो यह सरकार की साख पर एक बड़ा सवालिया निशान लगाता है।

### कॉपी राइट पॉलिसी का लगातार उल्लंघन

इस समय कुंभ मेला के इस अकाउंट से लगातार धार्मिक रील्स पोस्ट की जा रही थी। इसमें जो गाने लग रहे थे, आशंका है कि इसको लेकर कॉपी राइट क्लेम किया गया हो।

## जम्मू-कश्मीर में सेना का ट्रक खाई में गिरा, 4 जवानों की मौत, 2 गंभीर



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार दोपहर सेना का ट्रक खाई में गिर गया। हादसे में 4 जवानों की मौत हो गई। 2 जवान गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रक में 6 जवान ही सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि हादसा जिले के एसके पायीन इलाके में हुआ। यहां ट्रक सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरा। घटना पर सेना ने बयान जारी किया है। इसमें बताया गया है कि खराब मौसम के कारण विजिबिलिटी कम थी। इस कारण ट्रक सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरा।

### एलजी सिन्हा ने घटना पर दुख जताया

बांदीपोरा हादसे पर एलजी मनोज सिन्हा ने दुख जताया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के जवानों की जान जाने से गहरा दुख हुआ है। राष्ट्र उनकी सेवा और प्रतिबद्धता के लिए बहुत आभारी है।

# अब ट्रैफिक की चुनौती संभालेंगी 'लेडी सिंघम'

## सीएम योगी ने ट्रैफिक पुलिस में महिलाओं की अलग से विंग बनाने के निर्देश दिए



- यातायात पुलिसकर्मियों की कमी को देखते हुए आरक्षी के 10 हजार अतिरिक्त पद सृजित करने को भी कहा
- इसमें महिला निरीक्षक, उप निरीक्षक और सिपाही को अलग से तैनात किया जाएगा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

अब ट्रैफिक की चुनौती संभालने के लिए लेडी सिंघम की खास भर्ती होगी। सीएम योगी ने ट्रैफिक पुलिस में महिलाओं की अलग से विंग बनाने के निर्देश दिए हैं। यातायात पुलिसकर्मियों की कमी को देखते हुए आरक्षी के 10 हजार अतिरिक्त पद सृजित करने को भी कहा है। इसमें महिला निरीक्षक, उप निरीक्षक और सिपाही को अलग से तैनात किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदेश दे दिए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक से संबंधित दिशा-निर्देश विभागों को जारी कर दिए गए हैं। इसमें पिछले साल प्रदेश में सड़क हादसों में हुई मौतों की संख्या में इस बार 50 फीसदी कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा यूपी के जिलों मे रोड सेफ्टी एक्शन प्लान बनाने के ठोस उपाय भी बताए गए।

### बसों से होने वाली दुर्घटनाओं पर विशेष तौर पर सख्ती से रोक लगाएं

परिवहन विभाग की बसों से होने वाली दुर्घटनाओं पर विशेष तौर पर सख्ती से रोक लगाने को कहा गया है। सीएम ने वाहनों के चालान का शुल्क अवश्य जमा कराने का मैकेनिज्म बनाने और नियमों का उल्लंघन करने पर चार चरण में कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अगर नियमों को तोड़ा गया तो लाइसेंस का निलंबन, निरस्तीकरण, बीमा राशि में वृद्धि और पंजीकरण रद्द हो सकता है।

### सीसीटीवी की फुटेज सबसे पहले गृह विभाग को उपलब्ध कराने के आदेश

सीएम योगी ने 5 से 10 जनवरी तक जागरूकता अभियान चलाए जाने और उसके बाद नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने शहरों के साथ ग्रामीण इलाकों में भी रात को गश्त बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं। सीएम योगी ने सरकारी और सार्वजनिक स्थानों पर लगे सीसीटीवी की फुटेज सबसे पहले गृह विभाग को उपलब्ध कराने के आदेश भी दिए।

# महाकुम्भ के कल्पवास में रियायती दरों पर आटा, चावल और चीनी मिलेगी

## राशन कार्ड योजना के तहत, प्रत्येक इकाई को रियायती दरों पर तीन किलो आटा और दो किलो चावल मिलेगा

- आटा 5 रुपये प्रति किलो और चावल 6 रुपये प्रति किलो में मिलेगा
- इसके अलावा, प्रत्येक कार्डधारक को 18 रुपये में 1 किलो चीनी भी मिलेगी
- इसके लिए राज्य सरकार ने शुक्रवार को राशन कार्ड जारी करना शुरू कर दिया

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रयागराज में आगामी महाकुंभ के दौरान एक महीने तक चलने वाले कल्पवास में भाग लेने वालों को रियायती दरों पर आटा, चावल और चीनी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार ने शुक्रवार को राशन कार्ड जारी करना शुरू कर दिया है। कल्पवास की अवधि 13 जनवरी से शुरू होने वाली है। सरकार अखाड़ों और संस्थाओं को परमिट कार्ड जारी करेगी, जिसके तहत वे रियायती दरों पर चीनी, चावल और आटा प्राप्त कर सकेंगे। कल्पवास के दौरान श्रद्धालु संगम तट पर टेंटों में रहते हैं और आधुनिक सुख-सुविधाओं से दूर एक साधारण जीवनशैली अपनाते हुए अपने शरीर, मन और आत्मा को शुद्ध करते हैं। राशन कार्ड योजना के तहत, प्रत्येक इकाई को रियायती दरों पर तीन किलो आटा और दो किलो चावल मिलेगा - आटा 5 रुपये प्रति किलो और चावल 6 रुपये प्रति किलो। इसके अलावा, प्रत्येक कार्डधारक को 18 रुपये में 1 किलो चीनी भी मिलेगी, कुंभ के जिला आपूर्ति अधिकारी सुनील सिंह ने कहा।



### महाकुंभ के दौरान करीब 1.2 लाख राशन कार्ड जारी किए जाएंगे

सरकार को उम्मीद है कि महाकुंभ के दौरान करीब 1.2 लाख राशन कार्ड जारी किए जाएंगे। इसके लिए 93 विशेष रूप से प्रशिक्षित लेखपालों की टीम तैनात की गई है, जो सत्यापन पूरा करने के बाद कार्ड जारी करेंगे। आवेदकों को पते के सत्यापन के लिए दस्तावेज जमा करने होंगे।

### 25 सेक्टरों में स्थापित 138 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से वितरित किया जाएगा राशन

रियायती राशन महाकुंभ क्षेत्र के 25 सेक्टरों में स्थापित 138 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से वितरित किया जाएगा। पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने आटा, चावल और चीनी के भंडारण के लिए पांच बड़े गोदाम बनाए हैं। इन गोदामों से उचित मूल्य की दुकानों को राशन की आपूर्ति की जाएगी। सरकार ने इन गोदामों में 60,000 क्विंटल आटा, 40,000 क्विंटल चावल और 20,000 क्विंटल चीनी का स्टॉक रखने की तैयारी की है।

### 24 गैस एजेंसियों पर पात्र व्यक्तियों को नए गैस कनेक्शन दिए जाएंगे

सरकार 24 गैस एजेंसियां स्थापित कर रही है, जहां सत्यापन के बाद पात्र व्यक्तियों को नए गैस कनेक्शन दिए जाएंगे। जिन लोगों के पास पहले से ही खाली गैस सिलेंडर हैं, वे इन एजेंसियों पर रिफिलिंग की सेवाएं ले सकते हैं। अलग-अलग ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तीन सिलेंडर साइज़ - 5 किलोग्राम, 14.2 किलोग्राम और 19 किलोग्राम - की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

### साधु और सदस्य सीधे गोदामों से राशन ले सकते हैं

सरकार महाकुंभ में भाग लेने वाले अखाड़ों और संस्थाओं को परमिट कार्ड जारी करने की योजना बना रही है। ये कार्ड अखाड़ों और संस्थाओं के अनुरोध पर पूरी तरह से सत्यापन के बाद जारी किए जाएंगे। साधु और सदस्य सीधे गोदामों से राशन ले सकते हैं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सीतापुर ने नौ विकेट से उरई को हराया

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर आयोजित अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के 22वे सुभाष चैलेंज कप 2024-25 का ग्रुप सी का दूसरा लीग मैच शनिवार को उरई और सीतापुर न्यू स्टार के बीच खेला गया। जिसमें सीतापुर ने नौ विकेट से इस मुकाबले को अपने नाम कर लिया। शनिवार को हुए मैच में पहले टॉस जीतकर उरई ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 20.4 ओवर में 10 विकेट खोकर 96 रन बनाए। जिसमें दिव्यांशु के 29 और गोविंद के 17 रन शामिल रहे। सीतापुर के गेंदबाज आशुतोष ने तीन और सिद्धार्थ चार विकेट लिए। 97 रनों का पीछा करने उतरी सीतापुर की टीम ने मात्र 6.4 ओवर में एक विकेट खो कर 97 में बना लिए। जिसमें तनमय के 68 और सिद्धार्थ के 11 रन शामिल रहे। उरई के गेंदबाज दिव्यांशु ने एक विकेट लिया। सीतापुर ने इस मुकाबले को नौ विकेट से अपने नाम किया। सीतापुर के सिद्धार्थ को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। मैच में शाहनवाज हुसैन और ऋषि यादव अंपायर की भूमिका में रहे। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, अनिल, अनूप त्रिपाठी, सर्वजीत सिंह, पत्रकार राकेश चैधरी, लवलेश निषाद, दीपक मिश्रा, सौरभ नाहर, लोकेश सिंह, आदेश अनुराग, फिरोज अंसारी, रानू आदि मौजूद रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की कैद

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** नाबालिग से दुराचार करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 14,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 16 जून 2019 को एक महिला ने मानिकपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी नाबालिग बेटी घर में अकेली थी। इस दौरान खरौंध गांव के कैमहापुरवा का निवासी कल्लू ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया और किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने शनिवार को इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी कल्लू को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 14,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### अवैध शराब बरामद, दो कारोबारी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्दशन में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने दो आरोपियों को 22 क्वार्टर देशी व 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।

इस अभियान में कोतवाली कर्वी के उपनिरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा तथा उनके हमराही आरक्षी नीतू द्विवेदी द्वारा आरोपी गुलाब बाबू निवासी कसहाई रोड कोतवाली कर्वी को 22 क्वार्टर देशी शराब के साथ तथा थाना मानिकपुर के उपनिरीक्षक कुंवर प्रखर सिंह तथा उनकी टीम आरक्षी अजीजउद्दीन व धीरेन्द्र द्वारा आरोपी गोकुल प्रसाद निवासी ग्राम कटरा मजरा गिदुरहा थाना मानिकपुर को 10 लीटर कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

### चेक बाउंस में आढ़ती को छह माह की सजा, ढाई लाख रुपये जुर्माना

**जन एक्सप्रेस/उरई।** चेक बाउंस के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायाधीश ने छह माह की सजा सुनाई और ढाई लाख रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। कोंच कोतवाली क्षेत्र मोहल्ला जवाहर नगर निवासी उमाचरण कुशवाहा ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वर्ष 2015 में पड़री गांव निवासी नरेंद्र कुमार को ढाई लाख की मटर बेची थी। जिसके बदले उसने ढाई लाख की चेक दी थी। जब उसने चेक बैंक में लगाई तो रुपये न होने के कारण चेक बाउंस हो गई।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी गईं जनसस्याएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिला मुख्यालय समेत राजापुर, मऊ व मानिकपुर तहसील में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कर्वी तहसील में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता व अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों व प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित कार्यवाही करते हुए शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी भूपेश द्विवेदी, उपजिलाधिकारी पूजा साहू, तहसीलदार कर्वी वाचस्पति सिंह, प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी रीता सिंह, थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इसी प्रकार राजापुर तहसील में उपजिलाधिकारी आलोक सिंह व तहसीलदार विजय यादव ने समाधान दिवस में समस्याएं सुनी। इस दौरान प्राप्त कुल 34 प्रार्थना पत्रों में से पांच प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। साथ ही अन्य प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में तहसील केसरी प्रसाद, दिनेश कुमार सिंह, रोहित कुमार, आलोक सिंह, सहित दर्जनों ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र देकर निस्तारण की मांग की। इस दौरान उपजिलाधिकारी आलोक सिंह ने कहा कि बिना भेदभाव के साथ दोनों पक्षों की उपस्थिति में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। जिससे शिकायतकर्ता को तहसील दिवस व थाना दिवस के चक्कर न लगाने पड़े। इन मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के ऊपर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार मनोज सिंह, सहायक चकबंदी अधिकारी राजीव दुबे, क्राइम इंस्पेक्टर राजापुर विनय विक्रम सिंह, उपनिरीक्षक सरधुवा राजेश कुमार राय, लेखपाल संघ अध्यक्ष रामनिवास शुक्ला, सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अलावा तहसील मऊ में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम ने जनसमस्याएं सुनी। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सौरभ यादव समेत सम्बन्धित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### तहसील दिवस में आए वृद्ध की अचानक सड़क पर गिरने से मौत

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** तहसील कार्यालय में आयोजित समाधान दिवस में आए वृद्ध की अचानक सड़क पर गिरने से मौत हो गई।कुठौन्द के ग्राम शेखपुरा बुजुर्ग निवासी इंद्रबहादुर 60 वर्ष पुत्र सुखपाल अपने भतीजे अंकित के साथ तहसील कार्यालय में आयोजित समाधान दिवस में आए थे। बताया गया कि भतीजा सोनू उन्हें छोड़कर चला गया था। वृद्ध समाधान दिवस में आने के बाद किसी काम से बाहर निकल आया और मुख्य मार्ग पर अचानक बेहोश होकर वह सड़क पर गिर गया। वृद्ध के सड़क पर गिरते ही आसपास के दुकानदार मौके पर एकत्रित हो गये और उन्होंने तत्काल उसे ई-रिक्शा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां पर चिकित्सक ने जांच पड़ताल के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डॉ. योगेश आर्या ने बताया कि वृद्ध की मौत का कारण पता नही चल सका, क्योंकि वह चिकित्सालय में मृत अवस्था में आया था। अनुमान लगाया जा रहा है कि वृद्ध की मौत ठंड लगने के कारण हुई है। फिलहाल सूचना मिलते ही हदरुख चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## महाकुंभ के दृष्टिगत एडीएम ने कराया भीड़ प्रबंधन का पूर्वाभ्यास



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

प्रयागराज महाकुंभ के मद्देनजर धर्मनगरी में भी श्रद्धालुओं की भीड़ होने की संभावनाओं के चलते अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम की अध्यक्षता में शनिवार को रामघाट में भीड़ प्रबंधन एवं भगदड़ की तैयारियों की तैयारियों को लेकर पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में आकस्मिक आपदा से निपटने से तरीके बताए गए।

अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि इसी माह प्रयागराज महाकुंभ 2025 का आयोजन शुरु हो जाएगा। जिसमें प्रयागराज के साथ चित्रकूट में भी श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। ऐसे में भीड़ प्रबंधन के लिए कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लोगों की क्षमता की जानकरी रखनी चाहिए। साथ ही कार्यक्रम की गतिविधियों का पूर्व ज्ञान भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगदड़ की स्थिति में भीड़ की दिशा में चलना चाहिए। यदि संतुलन बिगड़ने से व्यक्ति जमीन पर गिर जाए तो जल्द से जल्द अपने पैरों पर खड़े हो जाएं या इसके लिए मदद मांगे। भगदड़ की स्थिति में अपने हाथों को बाक्सर की तरह रखकर अपनी छाती को सुरक्षित रखना चाहिए और सुरक्षित स्थान की ओर बढ़ना चाहिए। आयोजकों को विद्युत, अग्निशमन यंत्रों का अधिकृत उपयोग और सुरक्षा मानदंड़ों को पूरा करने वाली अन्य व्यवस्थाओं को पूरा करना चाहिए। इस मौके पर जवानों द्वारा भीड़ प्रबंधन एवं भगदड़ की स्थिति में राहत कार्य चलाए जाने का अभ्यास भी किया गया। इस मौके पर पुलिस, राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## समाज कार्य विभाग को विश्वविद्यालय देगा एक करोड़ रुपये का योगदान- कुलपति

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




जनपद में शनिवार को लुई ब्रेल की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान दृष्टिबाधितों के लिए दिए गए उनके योगदान को याद किया गया।

शनिवार को जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में लुई ब्रेल की जयंती के अवसर पर समाज कार्य विभाग द्वारा अष्टावक्र सभागार में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें दृष्टिबाधितों के लिए दिए गए उनके योगदान को याद किया गया। महाविद्यालय के कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई संगोष्ठी में समाज कार्य विभाग द्वारा दिये गये प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए कुलपति ने समाज कार्य विभाग को एक करोड़ रुपये का योगदान देने की बात कही। इस दौरान उन्होंने अंधकार से प्रकाश की ओर चलने का संदेश दिया गया। इसके बाद रामघाट में शाम के समय सांस्कृति कार्यक्रम एवं दीपोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्र पुषपेन्द्र सिंह ने किया। इस मौके पर रिशा देवी, कुलाधिपति के निजी सचिव आरपी मिश्रा, डॉ अमिता मिश्रा, डॉ विनोद कुमार मिश्रा, डॉ गोपाल मिश्र, डॉ ज्योति, मनीष कुमार, डॉ पवन त्रिपाठी, डॉ अत्रि मुनि त्रिपाठी सहित शिक्षकगण और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### हारजीत की बाजी लगाते सात जुआरी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** गांव में पार्क के पास जुआ खेल रहे सात लोगों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से लगभग 11790 रुपये बरामद किए। कोतवाली में तैनात एसएसआई गौरव मिश्रा को सूचना मिली कि सुढ़ार सालाबाद गांव में पार्क के पास कुछ लोग हार जीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही वह एसआई राजेश वशिष्ठ व पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुचं गए। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही वहां जुआ खेल रहे लोगों ने भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने मौके से हरेंद्र सिंह, अंशुल, कल्लू उर्फ रिषी, रामभद्र उर्फ जीतू, रामेश्वर उर्फ रामू, महावीर व आदित्य निवासीगण सुढ़ार सालाबद को दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके पास से 11790 रुपये नकद व दो ताश की गड्डी बरामद किए। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## किसानों की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही भाजपा सरकार- विजयमणि

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



कौंग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य सहित 50 किसानों पर फर्जी मुकदमा दर्ज करने के विरोध में शनिवार को कौंग्रेस कार्यकताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सदर को सौपा।

इस दौरान कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि किसानो की आवाज उठाने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के खिलाफ दर्ज झूठ मुकदमा वापस लिया जाए। जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी ने कहा कि विगत दिनों झांसी में कई दिनों तक इंतजार के बाद भी सरकारी खरीद केंद्र पर किसानों की मूंगफली नहीं खरीदने पर कमीशन के रूप में 1400 से 1800 रुपए की वसूली से आक्रोशित किसान भोजला मंडी से अपनी मूंगफली से लदी ट्रैक्टर टालियां लेकर जिलाधिकारी को अपनी पीड़ा सुनने पहुंचे थे। जिसके बाद बदले की भावना से किसानों और पूर्व मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के विरुद्ध फर्जी मुकदमा दर्ज कर लिया गया। इस मौके पर कांग्रेस नेता शिव गुलाम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, सेवा दल चेयरमैन चुनवाद प्रसाद, महेंद्र सिंह पटेल, अजीत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## कोहरे के लेकर टैक्टर-ट्रालियों में लगवाए गए रिफ्लेक्टर टेप

- कार्यालय में शिविर लगाकर चालक व परिचालकों की स्वास्थ्य व नेत्र की जांच की गई

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शनिवार को कालपी मण्डी परिसर में कोहरे के दृष्टिगत टैक्टर-ट्रालियों में रिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए और मौजूद लोगों को जागरूक किया गया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत कोहरे के दृष्टिगत शनिवार को कालपी मण्डी परिसर में ट्रेक्टर ट्रालियों में रिफ्लेक्टर टेप लगवाए। इतना ही नहीं बल्कि व्यापारी संघ के अध्यक्ष शिशु यादव, नीरज आदि उपस्थित ट्रैक्टर स्वामियों/किसानों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए जागरुक किया। इससे पहले सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण के लिए शिविर लगाकर लगभग 70 चालक व परिचालकों के स्वास्थ्य व नेत्र की जाच की गई। कार्यक्रम में सुरेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा0/प्रर्व0), संतोष कुमार पटेल, मोटर वाहन निरीक्षक, अखिलेश कुमार, मेडिकल आफिसर, ज्योति सिंह, नेत्र परीक्षण अधिकारी, रुबी राजपूत, स्टाफ नर्स, जयन्त सिंह पाल, (लैव टेक्नीशियन), प्रवर्तन पटल प्रभारी सिपाही लाल (प्रधान सहायक) व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सुरेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा./प्रव.) द्वारा उपस्थित सभी लोगों को यातायात नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें हेलमेट, सीट-बेल्ट का प्रयोग कर वाहन का संचालन करने की सलाह दी,और अपील की है कि अपने संबंधियों को भी सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जागरुक करें।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम गुढ़ा के पास ईंटे भरकर ले जा रहे ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर युवक की मौत हो गई।

रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम महटौली निवासी अर्पित पुत्र शिवकांत उर्फ गुड्डू तिवारी शुक्रवार को अपने महिंद्रा ट्रैक्टर से अजीतमल औरैया ईंटे भरने गया था। बताया गया कि वह गांव के ही निवासी अपने दोस्त सोनू राजपूत 28 वर्ष पुत्र बृजबिहारी को भी साथ ले गया था। देर शाम वह ईट भरकर ट्रैक्टर से अपने घर वापस लौट रहे थे। तभी वापस लौटते समय अर्पित तिवारी ट्रैक्टर चला रहा था और सोनू पास में बोनट पर बैठा हुआ था। तभी ग्राम गुढ़ा के पास ट्रैक्टर के बोनट से फिसलकर नीचे गिर गया और ईंटों से लदी ट्राली के पहिए के नीचे आने से वह घायल हो गया। घटना से वहां हड़कंप मच गया और राहगीर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा ले गए। जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताया गया कि मृतक सोनू अपने पिता का एकलौता पुत्र था और उसका विवाह करीब तीन वर्ष पहले हुआ था। उसकी एक लगभग दो वर्षीय पुत्री और एक पांच माह का नवजात शिशु है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं इकलौते पुत्र की मौत के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## छह से 25 जनवरी तक वितरित किया जाएगा खाद्यान्न- डीएसओ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत माह जनवरी के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण छह से 25 जनवरी तक किया जाएगा। सभी अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थी इस अवधि में उचित दर विक्रेता दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकते है। जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह जनवरी के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण छह से 25 जनवरी मध्य किया जाना है। इस अवधि में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्ड 17 किग्रा गेहूँ एवं 18 किग्रा चावल (कुल 35 किग्रा) एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को प्रति यूनिट 2.3 किग्रा गेहूँ एवं 2.7 किग्रा चावल (कुल पांच किग्रा प्रति यूनिट) खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। इस योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 25 जनवरी होगी। बताया कि 25 जनवरी को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क वितरण किया जाएगा। उन्होंने जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं व कार्डधारकों के बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण के बाद तत्काल उसी समय अनुमन्य मात्रा में राशन सामग्री उपलब्ध करा दी जाए। बताया कि वितरण व्यवस्था के सुचारू एवं पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारी तथा पूर्ति निरीक्षकों द्वारा जांच कर नियमानुसार वितरण कराया जाएगा।

## भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर का हुआ जोरदार स्वागत

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



शनिवार को नगीना संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर रावण का कालपी में समर्थकों तथा कार्यकर्ताओं के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। भीम आर्मी की राजनीतिक ताकत को भापकर बसपा कार्यकर्ताओं में बेचैनी दिखाई दी। लखनऊ से उरई के कार्यक्रम में जाते वक्त बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार कालपी के यमुना पुल के निकट दुर्गा मंदिर चौराहा में जैसे ही भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का काफिला पहुंचा। तो पहले से ही मौजूद समर्थकों तथा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए जोरदार स्वागत किया।कालपी यमुना पुल पर भीम आर्मी के भारी तादाद में कार्यकर्ता तथा समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत किया । स्वागत करने वाले में विनोद अहिरवार सभासद, अशोक अहिरवार, डालचंद अहिरवार, गौरव राजरानी उर्फ राजो देवी,, अतुल, देवेंद्र, छोटू,, विपिन, अजय,, शमशेर सिंह, राहुल, अमित गौतम, सुमित, राजा, करन राजेपुरा आदि मौजूद रहे। अपने स्वागत से गदगद सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिए आव्हान किया। ज्ञात हो कि जनपद जालौन में बहुजन समाज पार्टी का जनाधार बहुत ही मजबूत रहा है। भीम आर्मी की दस्तक को समझ कर बसपा नेताओं में बेचैनी पैदा होने लगी है।

## देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है व्यापारी : दयाशंकर सिंह

**जन एक्सप्रेस । उरई**




उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का विशाल व्यापारी सम्मेलन शनिवार को शहर के राठ रोड स्थित एक मैरिज हॉल में संपन्न हुआ। इसमें व्यापारियों से निर्भीक होकर कारोबार करने समेत उद्योगों की ओर बढ़ने की अपील की गई। उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार परिवहन दयाशंकर सिंह नें कहा कि देश की अर्थव्यवस्था व्यापारियों से चलती है। व्यापारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कहा कि उत्तर प्रदेश में अब से कुछ वर्षों पूर्व व्यापारी खौफ और दहशत में रहता था। उससे वसूली होती थी, लेकिन जब से उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार में सत्तारूढ़ हुई, योगी मुख्यमंत्री बने है खौफ और दहशत फैलाने वाले जेलों की सलाखों में है। व्यापारी निर्भीक होकर व्यापार कर रहा है। उससे कोई चौथ वसूली करने वाला नहीं है। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा व्यापारियों के हित में लिए गए तमाम निर्णयों की जानकारी दी। इससे पहले कार्यक्रम के मुख्यवक्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में सबसे बड़ा संगठन व्यापार मंडल है। इसके लिए कई व्यापारियों ने शहादत दी है। सालों तक व्यापारियों को संगठित करने में कड़ी मेहनत भी की है। स्वर्गीय पंडित श्याम बिहारी मिश्रा और लाला विशंभर दयाल अग्रवाल के लगाए इस वृक्ष को लगभग 52 वर्ष हो चुके हैं। प्रांतीय महामंत्री डॉ. दिलीप सेठ ने कहा कि प्रशासन की ओर से किसी व्यापारी को समस्या होने पर उसका समाधान शासन स्तर से कराने का आश्वासन दिया। इससे पहले कार्यक्रम को सदर विधायक गौरीशंकर बर्मा, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मणदास वावानी, सहसंयोजक विवेक गुप्ता, स्वागत अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष अशोक राठौर नें भी सम्बोधित किया। वही आये हुए अतिथियों का उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अरुण गुप्ता, नगर अध्यक्ष साजिद खान नें फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद जिलाध्यक्ष अरुण गुप्ता के द्वारा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल युवा टीम की घोषणा की गई। जिसमें शिवम प्रजापति जिलाध्यक्ष, अनुज नाग व शैलेंद्र प्रजापति जिला महामंत्री, गौरव ददरैया व प्रदुम सारोठिया जिला संयुक्त महामंत्री बनाएं गए। इस मौके पर अनिल बहुगुणा, रेखा बर्मा, रंजीत सरदार आदि लोग मौजूद रहे।



**टीएमसी नेता की हत्या गहरी साजिश...**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को दावा किया कि मालदा जिले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक अनुभवी नेता की हत्या गहरी साजिश का हिस्सा है। अधिकारी ने अदालत की निगरानी में किसी केंद्रीय एजेंसी द्वारा इस मामले की... पढ़ें पेज 12 पर...

# योगी के मंत्री पर डोरे डाल रही कांग्रेस

- योगी से मिले मंत्री आशीष, सीएम ने उचित कार्रवाई का दिया आश्वासन

**जन एक्सप्रेस | राज्य मुख्यालय**

आशीष पटेल vs पल्लवी पटेल का मुद्दा इन दिनों राजनीतिक गलियारे में चर्चा का विषय बना हुआ है। जीजा-साली के बीच की यह राजनीतिक लड़ाई कहां तक जाएगी यह तो समय के गर्त में है, लेकिन आरोप-प्रत्यारोप के इस दौर में आशीष पटेल ने सीएम योगी से मुलाकात की और आधे घंटे तक चली चर्चा के बाद योगी ने जांच के साथ उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसी बीच कांग्रेस कहां पीछे रहने वाली थी, पार्टी ने योगी के मंत्री पर डोरे डालना शुरू कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने आशीष को कांग्रेस में आने का ऑफर पेश किया है।

### योगी सरकार को कठघरे में खड़ा कर रहे थे आशीष

अपना दल (एस) के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष पटेल योगी सरकार को कठघरे में खड़ा करने के साथ ही लगातार हमलावर थे। एसटीएफ से जान का खतरा बनाने के साथ ही अपनी ही सरकार पर सवालिया निशान लगाने से योगी सरकार की छवि धूमिल करने वाले बयान दे रहे थे। वहीं लखनऊ में बीते रोज हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भी पति के हां में हां मिलाते यूपी सरकार को आड़े हाथों लिया था। दोनों नेताओं की नाराजगी और बयानबाजी भाजपा और संघ को नागवार गुजरी।




### पल्लवी पटेल के आरोपों पर गरमाई थी राजनीति

अपना दल कमेरावादी की नेता और सपा विधायक पल्लवी पटेल ने प्रौद्योगिकी विभाग में नियमों का उल्लंघन कर पैसे लेकर पदोन्नति दिए जाने की बात कहते हुए योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। जिसके बाद राजनीति गरमाई। इतना ही नहीं विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान पल्लवी धरने पर बैठ गईं थीं। इन आरोपों को आशीष ने अपने खिलाफ साजिश करार दिया था। और उसके बाद लगातार सोशल मीडिया एक्स पर 'पोस्ट वार' छिड़ गया।

### शाह ने की अनुप्रिया से बात

सूत्रों की मानें लखनऊ में अपना दल (एस) के कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद आशीष और अनुप्रिया पटेल के योगी सरकार विरोधी बयानों के बाद शुक्रवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह ने अनुप्रिया पटेल से फोन पर बात की थी। इस दौरान उन्हें संयम बरतने और अनावश्यक बयानबाजी न करने की सलाह भी दी गई थी। शायद यही वजह है कि शनिवार को सीएम योगी और आशीष पटेल के बीच वार्ता हुई।

### सीएम-मंत्री की लड़ाई में कांग्रेस की एंट्री

योगी सरकार और प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल के बीच चल रहे शीतयुद्ध के बीच कांग्रेस के अजय राय ने एंट्री की है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष खुले मंच से मंत्री आशीष पटेल को कांग्रेस में आने का निमंत्रण दिया है। अजय राय ने कहा, अगर आप दबाव में काम कर रहे हैं, तो इस्तीफा देकर कांग्रेस में आ जाइए। हम आपका स्वागत करेंगे।

## डायना-सुलोचना ने 4 घंटे बाघ को तलाशा

**जंगल में 5 किमी तक कॉम्बिंग की, ट्रेंकुलाइज गन के साथ एक्सपर्ट भी रहे मौजूद**

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ के रहमानखेड़ा में बाघ की दहशत बनी हुई है। शनिवार को हथिनी सुलोचना और डायना ने जंगल में 4 घंटे तक बाघ की तलाश की। वन विभाग की टीम दोनों हथिनियों को लेकर सुबह 10ः00 बजे से दोपहर 2ः00 बजे तक बाग और जंगल में सर्च अभियान चलाया। टीम में तीन ट्रेंकुलाइज एक्सपर्ट और दो महावत भी हथिनी पर मौजूद रहे। टीम करीब साढ़े 5 किलोमीटर के दायरे में पग चिन्हों को देखते हुए कांबिंग की। लेकिन बाघ का कहीं पता नहीं चला। अब बाघ को तलाशने का अभियान रविवार सुबह फिर से चलाया जाएगा। शुक्रवार को बाघ तीसरी बार मचान के पास पहुंचा लेकिन वन विभाग की टीम पकड़ नहीं पाई। शुक्रवार को हथिनी सुलोचना और डायना दुधवा से 12 घंटे का सफर तय कर पहुंची हैं। दोनों को कंट्रोल करने के लिए चार महावत हैं। महावतों ने बताया कि सुलोचना और डायना ने अब तक पांच ऑपरेशन किया है।

### ऐसे सर्च करेंगी सुलोचना और डायना

महावत मेहताब ने बताया- दोनों हथिनी एक साथ कॉम्बिंग करेंगी। हाथी पर एक महावत और एक डॉक्टर बैठेंगे। पैरों के निशान को ट्रेस कर बाघ की लोकेशन का पता लगाएंगी। जैसे ही बाघ की लोकेशन पता लगेगी। हथिनियों को उसी जगह खड़ा कर दिया जाएगा। हथिनी को बाघ के बारे में पता चलता है तो पैर से जमीन खरोचने लगती हैं। आवाज निकालती हैं, जिससे डॉक्टर बाघ को ट्रांकुलाइज कर सकेंगे।

# लखनऊ से बांग्लादेशी होंगे बाहर, सर्वे जारी

## शहर को झुग्गी-झोपड़ी मुक्त बनाने के लिए मेयर का मिशन, जीरो गार्बेज सिटी लक्ष्य

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ में जीरो गार्बेज सिटी का सपना पूरा करने के लिए नगर निगम ने तैयारियां पूरी कर ली है। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह का कहना है कि अब नगर निगम के पास पूरे संसाधन हैं, जिससे शहर को जीरो गार्बेज सिटी का दर्जा मिल सकेगा। महापौर सुषमा खर्कवाल का दावा है कि शहर को एक साल के भीतर भीतर कचरा मुक्त कर देंगे। शहर से निकलने वाले सभी कचरों का शत प्रतिशत निस्तारण किया जाएगा। इन दावों के बीच शहर को कचरा मुक्त करने में सबसे बड़े अवरोध अवैध रूप से बनी झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले लोग बन रहे।

### नगर निगम को ऐतराज

ये लोग शहर के करीब सभी हिस्सों में डोर टू डोर कूड़ा उठाने का काम करते हैं। इसी से नगर निगम को एतराज है। अधिकारियों का कहना है कि इसके चलते शहर के विभिन्न इलाकों की कॉलोनी, सड़क, प्लॉट और नाले में कचरे का ढेर बन जाता है। यह लोग कूड़े से जरूरी सामान गत्ता, शीशा, प्लास्टिक, लोहा सहित अन्य सामान निकाल कर कूड़ा कहीं पर भी फेंक देते हैं, लेकिन नगर निगम की तरफ से अधिकृत की गई एजेंसियों में सबसे अधिक लोग इन्हीं झुग्गी-झोपड़ियों के रहने वाले हैं, जो कूड़ा उठाने के काम में नगर निगम की तरफ से अधिकृत एजेंसियों से जुड़े हुए हैं। ऐसे लोगों की संख्या करीब 1200 है।



### चरण बद्ध तरीके से कार्रवाई की तैयारी

महापौर सुषमा खर्कवाल का कहना है कि चरणबद्ध तरीके से शहर में अवैध झुग्गी-झोपड़ी को हटाया जाएगा। इसमें पहले सर्वे को पूरा किया जाएगा। इसके बाद अवैध रूप से बांग्लादेशियों को रखने पर प्लॉट मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद इन झुग्गी-झोपड़ी को हटाया जाएगा। इस दौरान लोगों की पहचान की जाएगी कि कौन लोग कहां के रहने वाले हैं। कथित बांग्लादेशियों की पहचान करने और कार्रवाई के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

### झुग्गी-झोपड़ी ध्वस्त करने के बाद मिलेगा आवास

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह का कहना है कि इन झुग्गी-झोपड़ी को हटाने में अभी लंबा समय लगेगा, लेकिन सर्वे के बाद इन पर कार्रवाई होगी। यहां रहने वाले लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास दिया जाएगा। इसके लिए एलडीए, जिला प्रशासन, नगर निगम सहित अन्य विभागों को मिलकर काम करना पड़ेगा।

### शहर के 10 वार्ड में 7,335 झुग्गी-झोपड़ी

नगर निगम की तरफ से किए गए सर्वे में शहर के 10 वार्ड में 7,335 झुग्गी-झोपड़ी मिली हैं, जिसमें से 30,607 की संख्या में लोग कूड़े के काम से जुड़े हुए हैं। यह नगर निगम की तरफ से अधिकृत की गई एजेंसी और सरकारी कर्मचारियों की संख्या से तीन गुना अधिक मैन पावर है। इसमें सबसे बड़ी संख्या जोन-7 की है। यहां पर कार्रवाई होने के बाद से अब ठेलियों से झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोग कूड़ा नहीं उठा रहे। सिर्फ जोन-7 में कुल 2 हजार की संख्या में झुग्गी झोपड़ी होने की बात सर्वे में सामने आई है।

### बांग्लादेशी साबित हुए तो करना होगा पलायन

महापौर ने बांग्लादेशी का मुद्दा उठाया है। इसके लिए नगर निगम ने अब सर्वे करना भी शुरू कर दिया है। यह मुद्दा अब बड़ा होता जा रहा है। इसमें पुलिस, प्रशासन और नगर निगम को संयुक्त रूप से काम करना होगा। सही जांच होने के बाद भी यह स्पष्ट हो सकेगा कि ये लोग कहां के रहने वाले हैं। क्योंकि इसमें अधिकतर लोगों का दावा है कि वह असम के गुवाहटी और उसके आसपास के रहने वाले हैं। वह भारतीय हैं। शासन स्तर पर गंभीरता से काम करने पर ही इन दावों का पता चल सकेगा। इसमें असम सरकार का भी सहयोग लेना पड़ेगा। लंबी प्रक्रिया के चलते यह ठंडे बस्ते भी जा सकता है, लेकिन अगर लोग जांच के बाद बांग्लादेशी साबित हुए तो उन्हें पलायन करना पड़ेगा।

### शहर के कूड़े पर पहला हक नगर निगम का

नगर आयुक्त का कहना है कि शहर के कूड़े पर पहला हक नगर निगम का है। नगर निगम की तरफ से अधिकृत लोग ही इसे उठा सकते हैं, लेकिन अनाधिकृत लोग कूड़ा उठाने के बाद इसे कहीं भी फेंक देते हैं। इससे कचरा फैलता है। शहर गंदा होता है। उनका कहना है कि शहर को स्वच्छता में नंबर एक बनाने के लिए यह पहल की जा रही है। इसीलिए यह रिफॉर्म लाया जा रहा है। ताकि स्वच्छ सुंदर लखनऊ का सपना साकार हो सके।

### झुग्गी-झोपड़ी हटाना ही चुनौती

महापौर ने हाल में ही में इंदिरानगर में हुई कार्रवाई के बाद झुग्गी-झोपड़ी पर बड़ी कार्रवाई करने का दावा किया, लेकिन एक प्लॉट में कार्रवाई के बाद दोबारा कहीं पर किसी अवैध बस्ती को ध्वस्त नहीं किया गया। महापौर ने मौके पर कहा था कि पुलिस और बिजली विभाग की मिलीभगत से यह झुग्गी-झोपड़ी बसाई गई हैं। नगर आयुक्त ने भी माना था कि नगर निगम के निचले स्तर के लोग इन लोगों से मिले हुए हैं। ऐसे में व्यवस्था में जमे लोगों का हाथ इनके ऊपर बना हुआ है, जहां से 5-6 करोड़ रुपए की महीने में आमदनी होती है। ऐसे में यह लोग भी प्रयास कर रहे कि किसी भी तरह से यह कार्रवाई न हो। इसमें सरकारी विभागों के साथ में सामाजिक पृष्ठ भूमि के लोग भी शामिल हैं।

# नगर निगम टीम ने सरकारी जमीन पर हुए कब्जे को कराया खाली

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह व अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के आदेश अनुसार संजय यादव प्रभारी अधिकारी संपत्ति द्वारा दिए गए निर्देशानुसार तहसीलदार अरविंद कुमार पांडे के निर्देश के क्रम में ग्राम देवपुर पारा तहसील व जिला लखनऊ की खसरा संख्या 1671/501 रकबा 0.069हे0 जो नगर निगम की भूमि है, इस पर अवैध रूप से किए गए कब्जे को नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार के नेतृत्व में नगर निगम लेखपाल अजीत तिवारी व नगर निगम लेखपाल अनुपम कुमार थानाध्यक्ष पारा द्वारा उपलब्ध कराई गई पर्याप्त पुलिस बल के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से 0.069हे0 भूमि से अवैध अतिक्रमण हटवा दिया गया।

## सरकार पर बरसे अजय राय, बोले, यदि मंत्री आशीष पटेल का हो रहा शोषण, तत्काल छोड़ देना चाहिए भाजपा का साथ



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में शनिवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पत्रकार वार्ता की। उन्होंने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि यदि मंत्री आशीष पटेल ने भ्रष्टाचार किया है तो मुख्यमंत्री हिम्मत दिखाते हुए उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें। यदि मंत्री सही हैं और सरकार एसटीएफ और सूचना निदेशक मिलकर उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं, तो अनुप्रिया पटेल को अपमान करने वाली सरकार का साथ तत्काल छोड़ देना चाहिए। कांग्रेस पार्टी इसका स्वागत करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में यह वार्ता की। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया। कहा कि यूपी में जब से योगी आदित्यनाथ की सरकार बनी है, तब से बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व्याप्त हो गया है। जनता परेशान है। सरकार में मंत्री आशीष पटेल की रिश्तेदार और विधायक पल्लवी पटेल खुद उनके ऊपर तथ्यों के साथ दावा करते हुए आरोप लगाया है। यह अपने आप में बड़ा सुबुत है। इस पर सरकार ना तो जांच कराने को तैयार है, ना ही मंत्री को बर्खास्त कर पा रहे हैं। वहीं मंत्री ने सीएम योगी के खास सिपहसालार एसटीएफ चीफ अमिताभ यश और सूचना निदेशक शिशिर सिंह पर आरोप लगाए हैं।

### हजारों करोड़ की बंदरबांट हुई

अजय राय ने कहा कि भाजपा सरकार की योजना जन जीवन मिशन में भ्रष्टाचार व्याप्त है। कहा कि केंद्र सरकार की यूपी में 31 हजार तीन सौ तीन करोड़ के घोटाले की एक जनहित याचिका उच्च न्यायालय के लखनऊ खंडपीठ में दायर की गई है। इसमें आरोप है कि इस योजना के तहत नियम कानून को ताक पर रखकर हजारों करोड़ की बंदरबांट हुई है।

### कुंभ मेले तक पहुंच गया भ्रष्टाचार

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार धार्मिक मुद्दों को उठाकर सत्ता में आई। अब भाजपा राज में भ्रष्टाचार से धर्म भी अछूता नहीं रहा। राम मंदिर से शुरू हुआ भ्रष्टाचार बनारस काशी कॉरिडोर होते हुए कुंभ मेले में भी पहुंच गया है। यहां पर सारे ठेके गुजरातियों को दिए गए हैं। जो पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। जो लोग आजादी के पहले कुंभ का काम करते थे, वह आज पेटी ठेकेदारों के रूप में काम कर रहे हैं।

### जनता बर्दाश्त नहीं करेगी

अजय राय ने कहा कि भाजपा सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार को अब प्रदेश की जनता भली भांति समझ चुकी है। अब वह इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। जनता विधानसभा चुनाव 2027 में भाजपा को वोट की चोट देकर सत्ता से बाहर करेगी।

# ग्राम चौपालों में 04 लाख 50 हजार से अधिक समस्याओं का निस्तारण



- प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के पात्र चयन में सहायक होंगी ग्राम चौपालें: केशव

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल,गांव की समस्या -गांव में समाधान का आयोजन किया जा रहा है।बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं? के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।उप मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण में नये मानकों के अनुरूप नये पात्र लाभार्थियों के चयन में ग्राम चौपालो की अहम् भूमिका रहेगी, इन चौपालों में सम्बन्धित ग्राम सभाओं के पात्रों के चयन में पारदर्शिता का विधिवत आंकलन भी हो जायेगा।ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1395 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 3927प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया।इन ग्राम चौपालों मे 3607 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 6218 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 75 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की।आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 01 लाख 17 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है।

# 24 मृतक आश्रितों को दिया गया नियुक्ति पत्र

## 23 आश्रितों को कनिष्ठ सहायक व एक को चतुर्थ श्रेणी के पद पर दी गई तैनाती

- बाल विकास सेवा व पुष्टाहार विभाग में मिली नियुक्ति, कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या ने प्रदान किया नियुक्ति पत्र

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



बाल विकास सेवा व पुष्टाहार विभाग में शनिवार को 24 मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या ने इन्हें नियुक्ति पत्र दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश के क्रम में शनिवार को कैबिनेट मंत्री, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, श्रीमती बेबी रानी मौर्या द्वारा विभाग के 24 मृतक आश्रितों को सरकारी सेवा में नियोजित किये जाने के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। विभागीय नियमानुसार 23 आश्रितों को कनिष्ठ सहायक एवं 01 को चतुर्थ श्रेणी के पद पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में तैनाती प्रदान की गयी। कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या ने सभी अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रतिबद्धता, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करने व जनहित पर जोर दिया। नियुक्ति पत्र पाकर सभी अभ्यर्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए माननीय मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री व विभाग के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर निदेशक संदीप कौर, अपर निदेशक (वित्त) अमर सिंह, उपनिदेशक डॉ. अनुपमा शांडिल्य आदि की उपस्थिति रही।

## उत्तर प्रदेश भाषा विभाग द्वारा कवि गोपाल दास नीरज की 100वीं जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ |** भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के नियंत्रणाधीन उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान को पद्म भूषण डॉ गोपाल दास नीरज की 100 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में कवि गोपाल दास नीरज का साहित्यिक अवदान विषयक संगोष्ठी आयोजन नेशनल पी0जी0 कॉलेज के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री विद्या बिंदु जी ने की, उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि नीरज जी का व्यक्तित्व प्रेरक है उनका 'एक स्वप्न के मर जाने से जीवन नहीं मरा करता है,' जैसे गीत आज भी प्रेरणा देते है, वे मानवता के कवि है उन्होंने आने वाली पीढ़ी को अपनी गीतों की विरासत छोड़ी हैं। मुख्य वक्ता प्रो हरि शंकर मिश्र जी ने नीरज जी के व्यक्तित्व को विस्तार पूर्वक रखते हुए कहा कि वे संघर्ष से जन्मे रचनाकार हैं।

# नगर विकास मंत्री ने की अधिकारियों के साथ निकायों की नगरीय व्यवस्थाओं, स्वच्छता कार्यों की वर्चुअल समीक्षा

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- निराश्रित एवं ज़रूरतमंद लोगों को ठंड से बचाने के लिए आश्रय स्थलों के उचित व्यवस्थापन एवं अलाव की व्यवस्था के निर्देश
- प्रयागराज व कुंभ तीर्थ क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण रोकथाम रहे-शर्मा

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शनिवार को सुबह 8 बजे नगर विकास विभाग के उच्च अधिकारियों, नगर निगमों केनगर आयुक्तों एवं नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों के साथ नगरीय व्यवस्थाओं, स्वच्छता कार्यों की वर्चुअल समीक्षा बैठक किया। इसमें बैठक में लगभग एक हज़ार लोग जुड़े रहे। नगर विकास मंत्री ने इस बैठक में निकाय अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष रूप से निराश्रित एवं ज़रूरतमंद लोगों को कड़ाके की ठंड और सर्दी से बचाने के लिए आश्रय स्थलों का उचित व्यवस्थापन एवं अलाव की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। प्रयागराज महाकुंभ के दृष्टिगत नगरीय निकायों की स्वच्छता व सुंदरता पर विशेष ध्यान देंगे, जिससे कि इन नगरों से होकर जाने वाले तीर्थयात्रियों को अच्छा अनुभव हो। बैठक में मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ की व्यवस्था में नगर विकास विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके दृष्टिगत प्रयागराज नगर के सभी क्षेत्रों में भारत की भव्यता, तीर्थराज की दिव्यता और अपने प्रदेश की आधुनिकता दिखे इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाए। प्रयागराज में नगरीय सुगमता - स्वच्छता-सुंदरता बढ़ाने हेतु शहर की मुख्य सड़कों से अंदरूनी गलियों तक कहीं भी गड्ढा, गंदगी या अंधेरा न रहे। कोई नाली या सीवर बंद न हो और जल निकासी की समस्या न रहे।नए निर्माण होने के कारण कहीं पर भी मलवा पड़ा न रहे। कोई कार्यदाई संस्था मलवा छोड़कर गई हो या नाले और सीवर में डाल कर गई हो तो उसकी सफ़ाई करने के साथ-साथ उक्त संस्था का पेमेंट रोकने सहित कार्यवाही की जाय। कहीं भी नई खुदाई या तोड़-फोड़ अब मात्र अपरिहार्य कारणों से ही की जाय और नगर निगम को बताकर ही हो, शहर में कहीं अंधेरा न रहे स्ट्रीट लाइट चालू स्थिति में रहे। नगर विकास मंत्री ने प्रयागराज नगर आयुक्त से कहा कि सभी प्रकार के सामान व मानव बल की उपलब्धता मुख्यालय से करा लें। उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि नये कार्य न किया जाय विशेषकर जल निगम द्वारा जैसे खुदाई इत्यादि। नये कार्य अथवा नव निर्माण कार्य जहां भी हुए हो उन स्थानों से मलबों की साफ-सफाई और यदि किसी अन्य विभाग द्वारा मलबा फैलाया गया है तो उसे चेतावनी देना और उस पर जुर्माना लगाया जाय। मलबे एकत्रित होने वाले स्थान के पास नाले का निरीक्षण अवश्य करें, चोक होने की स्थिति में तत्कालिक रुप से सफाई कराए। कहीं पर भी नाला-नाली के ओवरफ्लो होने की समस्या न उत्पन्न हो। सभासद और पार्षदों के साथ मिलकर कार्य करें, उन्हें स्टोर व सामान उपलब्ध करायें। पर्याप्त मैनपावर और मशीन की व्यवस्था रहे। मुख्य मार्गों पर निर्माण सामग्री नहीं रहनी चाहिए, तत्काल हटाए। ऐजेंसी के माध्यम से नगर का सुशोभन किया जाय। कहीं पर भी अशोभनीय न दिखें, ऐसे स्थानों को होर्डिंग से व अन्य उपायों से सुन्दर बनाया जाय। शहर में स्ट्रीट लाइटों का निरीक्षण कराकर उन्हें दुरुस्त कर लिया जाय तथा जहां पर क्षमता वृद्धि की आवश्यकता हो, वहां बढ़ाया जाय। आन्तरिक गलियों में भी पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था हो, सड़कों, गलियों व नाला-नालियों की साफ-सफाई के पुख्ता इंतजाम हो। लोगों को आने जाने में आसानी हो प्रयागराज में पर्याप्त मात्रा में संकेतक अवश्य लगाया जाय। नगर विकास विभाग की अधिक से अधिक ब्रांडिंग करें। प्रत्येक दिवस अलग अलग वार्डों को चिन्हित कर साफ-सफाई कराई जाय। कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए डीसीसीसी राउंड द क्लाक चलाना है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ में प्रदेश में करोड़ों लोग आ रहे है। प्रयागराज सहित अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों अयोध्या, काशी, विंध्याचल देवी, चित्रकूट पर भी सौन्दर्यीकरण और नगर सुशोभन की समुचित व्यवस्था की जाए। व्यापारिक संगठनों से भी नगरो के सुशोभन में मदद ली जाय।

# शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु डीएम ने सुनी जन समस्याएं

जन एक्सप्रेस । अमेठी




जनसामान्य की शिकायतों के समय से निस्तारण हेतु शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।जिसमें डीएम ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये,शिकायतों को गम्भीरता से लेकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध ढंग से निस्तारण किया जाए।समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण का निर्देश दिया। संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील अमेठी में कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुई।जिनमें 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया।तहसील तिलोई में 20 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।तहसील मुसाफिरखाना में 30 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 02 शिकायतों का निस्तारण कराया गया।तथा तहसील गौरीगंज में 11 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया।शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10ः00 बजे से 12ः00 बजे तक जन समस्याओं को सुने।और उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उपजिलाधिकारी आशीष सिंह,पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार अमेठी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जिलाधिकारी निशा अनंत ने शनिवार को जनपद में विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।सर्वप्रथम डीएम ने सीएचसी अमेठी परिसर में बन रहे ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट लैब का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान भवन का कार्य पूर्ण पाया गया।किंतु कुछ कार्यों की गुणवत्ता में कमी पाई गई।जिसको लेकर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संबंधित निर्माण इकाई को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच लें।उनमें लगने वाले समस्त सामान,उपकरण मानक के अनुरूप हो।उन्होंने निर्माण इकाई को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी टाइल्स व लाइट खराब है।उन्हें शीघ्र बदलवाया जाए।तथा सिंक,वॉश बेसिन के लीकेज को ठीक कराने को कहा।एवं साफ सफाई का विशेष ख्याल रखने को निर्देशित किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अमेठी में प्रोजेक्ट अलंकरण के तहत कराए जा रहे अनुरक्षण कार्य का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान मौके पर कार्य बंद पाया गया।जिस पर जिलाधिकारी ने शीघ्र निर्माण की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों व निर्माण इकाई को दिया।कॉलेज परिसर में साफ सफाई न होने के कारण डीएम ने प्रधानाचार्य जीजीआईसी को कॉलेज परिसर में साफ सफाई कराए जाने को कहा।साथ ही अन्य सुविधाओं का जायजा लिया।इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत बाहापुर में निर्माणाधीन एएनएम सेंटर तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य को परखा,व संबंधित कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।इस दौरान पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, प्राचार्य जीजीआईसी अमेठी निर्माण इकाई के अधिशासी अभियंता हरिओम मिश्रा सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## ऊंचाहार विधायक ने किया स्मृति द्वार का लोकार्पण

# स्व0 दिनेश बहादुर सिंह सदैव हम सब के बीच जीवित रहेंगे : डॉ. मनोज पाण्डेय

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ,शाखा-रायबरेली के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व0श्री दिनेश बहादुर सिंह की स्मृति में स्थापित प्रवेश द्वार का लोकार्पण ऊंचाहार विधायक/पूर्व कैबिनेट मंत्री माननीय मनोज कुमार पांडेय जी द्वारा जिलाध्यक्ष जी के पैतृक गांव धोबहा,जगतपुर में प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यक्रम में फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए ऊंचाहार विधायक/पूर्व कैबिनेट मंत्री माननीय मनोज कुमार पांडेय जी ने कहा कि स्व0 दिनेश बहादुर सिंह ने शिक्षक समाज के साथ-साथ सर्वसमाज के लिए संघर्ष किया,इसीलिए समाज में आज उनकी स्मृतियां हम सब के बीच जीवित हैं और सदैव वह हम सब के बीच जीवित रहेंगे। उनकी सरलता,सहजता,कर्मठता,सांगठनिक क्षमता को आज भी याद किया जाता है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष श्री राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि स्व0 दिनेश बहादुर सिंह से सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी। जिला मंत्री श्री मुकेश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि ऊंचाहार विधायक/पूर्व कैबिनेट मंत्री माननीय मनोज कुमार पांडेय जी द्वारा प्रवेश द्वार बनवाकर संगठन का सम्मान बढाया गया है। जिला कोषाध्यक्ष यादवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि पूर्व जिलाध्यक्ष स्व0 दिनेश बहादुर सिंह को माननीय विधायक जी अपना मित्र मानते थे तो उन्होंने आज अपना मित्रता का फर्ज अदा कर दिया है।

जनपदीय संयुक्त मंत्री डा चंद्र मणि बाजपेई ने कहा कि प्रदेश में पहली बार ऐसा हुआ है कि संगठन के सिपाही का स्मृति द्वार स्थापित किया गया है।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष स्व0 दिनेश बहादुर सिंह जी की पुत्रियों को माननीय विधायक जी ने स्मृति चिह्न भेंट किया। जिला मंत्री श्री मुकेश चंद्र द्विवेदी,जनपदीय कोषाध्यक्ष श्री यादवेन्द्र प्रताप सिंह,जनपदीय संयुक्त मंत्री डा चंद्र मणि बाजपेई,जनपदीय संगठन मंत्री श्री सुजीत चौधरी,जनपदीय उपाध्यक्ष श्री अनुराग शुक्ला,संघर्ष समिति के जिला मंत्री श्री सुधीर सिंहसंयुक्त मंत्री अवध किशोर शुक्ला सहित कार्यक्रम के आयोजक जगतपुर अध्यक्ष डा संजय सिंह,मंत्री आशुतोष पाण्डेय और जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष दीपक कुमार सहित उपस्थित शिक्षक साथियों को माननीय विधायक जी ने अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित कियाकार्यक्रम का संचालन श्री शिवकुमार सिंह ने किया।

## गुरु गोविंद सिंह की जयंती के प्रकाश पर्व पर शोभा यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** श्री गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती के प्रकाश पर्व पर निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा का स्वागत कोतवाली रोड स्थित मुकेश कम्पयूटर्स पर विभिन्न संगठनों द्वारा किया गया। सिख धर्म में गुरू गोबिंद सिंह का महत्वपूर्ण योगदान माना जाता है। गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज ने सिख धर्म के लिए कई नियम बनाए, जिसका पालन आज भी किया जाता है। उन्होनें गुरू ग्रंथ साहिब को गुरू के रूप में स्थापित किया और सामाजिक समानता का पुरजोर समर्थन किया। उपस्थित सभी लोगों ने पंच प्यारों का मार्ल्यापण कर स्वागत किया एवं पवित्र गुरू ग्रन्थ साहिब के दर्शन किये, तदुपरान्त प्रसाद के रूप में मिष्ठान वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि शोभा यात्रा के प्रारम्भ वर्ष से ही वरिष्ठ व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी के नेतृत्व में स्वागत किया जाता रहा है। शोभा यात्रा का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से भौमेश स्वर्णकार, इं. दुर्गा प्रसाद स्वर्णकार, संत गाडगे सेवक कमलेश चौधरी, अनुज बरवारी, रामकेश यादव एडवोकेट, दिनेश पारसनाथ सोनी, पुरूषोत्तम सोनी, केदार नाथ शास्त्री आदि लोग रहे।

# दबिश के दौरान पकड़ी गई पैंसठ लीटर अवैध शराब, ढाई कुंतल लहन नष्ट

जन एक्सप्रेस । अमेठी



अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में शनिवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम ब्राम्हडी, कोहरा पसियाना,सेरौली,बरसंडा तथा हाजीगंज में आकस्मिक दबिश दी गयी।दबिश के दौरान क्षेत्र तीन के थाना मुसाफिर खाना अन्तर्गत ग्राम हाजीगंज व थाना कमरौली अन्तर्गत ग्राम बरसांडा से लगभग 65 ली. अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। तथा लगभग ढाई कुंतल लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया।इस कार्यवाही मे दो अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए गए। साथ ही आबकारी दुकानो का सघन निरीक्षण किया गया।ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई।इस कार्यवाही मे चंद्रभान वर्मा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र तीन व समस्त स्टाफ शामिल रहे।

## मिल्कीपुर पहुंचे योगी : उपचुनाव की सरगर्मी के बीच टटोली कार्यकर्ताओं की नब्ज

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर होने वाले संभावित उपचुनाव के पहले सीएम योगी शनिवार को यहां पहुंचे हैं। लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद से वह पांच बार यहां आ चुके हैं। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र का सियासी पारा और भाजपा कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अयोध्या के मिल्कीपुर में थे। लोकसभा चुनाव के नतीजे के बाद सीएम योगी का मिल्कीपुर का यह पांचवा दौरा था। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कार्यकर्ताओं और ग्राम प्रधानों से सीएम योगी ने बातचीत की और उनके मन को टटोला। कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान सीएम योगी ने उन्हें जीत का मंत्र भी दिया। सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि वे सभी मतदाताओं के संपर्क में रहें और अपनी योजनाओं का बखान भी करते रहें। माना जा रहा है कि दिल्ली विधानसभा के चुनाव के साथ मिल्कीपुर के भी उप चुनाव का डंका बज सकता है। सीएम योगी के इस मंथन के बाद भाजपा बहुत जल्द ही मिल्कीपुर से अपना प्रत्याशी घोषित कर सकती है। कार्यकर्ताओं में उत्साह और जिम्मेदारी का एहसास दिलाने के लिए सीएम योगी ने अपनी कैबिनेट के सात मंत्रियों के साथ मंथन किया। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सूर्य प्रताप शाही, मयंकेश्वर शरण सिंह, गिरीश यादव, दयाशंकर मिश्र दयालु, सतीश शर्मा व जेपीएस राठौर सीएम योगी के सिपहसालार के रूप में मौजूद रहे। जनता तय करे कि दहशत में कौन है

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि सरकार अपनी योजनाओं को जन जन तक पहुंचा रही है। वहीं सपा सांसद अवधेश प्रसाद के बयान कि भाजपा दहशत में है पर मंत्रियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हुए नौ सीटों के चुनाव में सात सीट भाजपा ने जीती है और सपा ने दो तो अब जनता तय करे कि दहशत में कौन है।

# एनटीपीसी में सीएसआर हितधारकों के साथ संवाद बैठक का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



एनटीपीसी ऊंचाहार में आसपास की ग्राम सभाओं के प्रधानों व हितधारकों संग संवाद बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में परियोजना प्रमुख श्री मनदीप सिंह छाबड़ा ने महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री रवि प्रकाश अग्रवाल, मानव संसाधन प्रमुख श्रीमती रूमा दे शर्मा सहित मुख्य चिकित्साधिकारी (जीवन ज्योति चिकित्सालय) डॉ. मधु सिंह, अपर महाप्रबंधक (राख उपयोगिता) श्रीमती प्रीति सिन्हा व उप महाप्रबंधक (सिविल) श्री राजेश शर्मा आदि ने सम्मिलित होकर ग्राम प्रधानों की समस्याओं को सुना व उनके निराकरण के उपायों पर चर्चा कीइस अवसर पर श्री छाबड़ा ने उपस्थितजन को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी परियोजना के सभी हितधारक हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। आपकी सहायता से निरंतर रूप से व्यावसायिक संबंधों को मधुर बनाने में मदद मिलती है और परियोजना व आसपास के ग्रामीणों में सामंजस्य बना रहता है। एनटीपीसी ऊंचाहार का हमेशा का यह प्रयास रहता है कि जनकल्याण के सभी कार्यों में आप सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो बैठक के दौरान उपस्थित जन को मधुमक्खी पालन के विषय से अवगत करवाया गया, जिसे सभी ग्राम प्रधानों सहित प्रधान प्रतिनिधि ने बहुत सराहा बैठक का संचालन प्रबंधक (नैगम सामाजिक दायित्व) श्रीमती स्नेहा त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# तहसील लालगंज में डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली




जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील लालगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 135 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 07 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिएइस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा, एसडीएम लालगंज नवदीप शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# किसान मजदूर सम्मान न्याय यात्रा की बैठक कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में संपन्न हुई



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

ऐतिहासिक तिलक भवन कॉंग्रेस कार्यालय पर अमेठी के जनप्रिय सांसद श्री किशोरी लाल शर्मा जी के निर्देशन पर निवर्तमान अध्यक्ष पंकज तिवारी जी की अध्यक्षता में जिला कॉंग्रेस कमेटी द्वारा किसान मजदूर सम्मान न्याय यात्रा निकाली जाने के संदर्भ में बैठक आहूत हुयी ।कार्यक्रम का संचालन निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी विजय शंकर अग्निहोत्री जी ने किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान कॉंग्रेस राष्ट्रीय समन्वयक दीपक शर्मा (हिमाचल प्रदेश) को रायबरेली किसान मजदूर सम्मान न्याय यात्रा कोऑर्डिनेटर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि रायबरेली में सन 1921 ईज़् में पंडित जवाहर लाल नेहरू किसान आंदोलन शुरुआत की थी। कॉंग्रेस सदैव से ही किसान मजदूर वर्ग के लिए कार्य किया। कॉंग्रेस पार्टी प्रदेश के सभी जनपदों में 300 किसान न्याय योद्धा बनाएगी और न्याय यात्रा की शुरुआत और समापन भी एतिहासिक स्थल से तय किया जाएगा। राष्ट्रीय समन्वयक ने उत्तर प्रदेश के प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय जी और अमेठी के जनप्रिय सांसद श्री किशोरी लाल शर्मा जी का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष प्रशासनिक प्रभारी निर्मल शुक्ला, पूर्व चेयरमैन मो इलियास, निवर्तमान उपाध्यक्ष शुक्ला सईदुल हसन, उत्तर प्रदेश किसान कॉंग्रेस के महासचिव रामकुमार सिंह, निवर्तमान महामंत्री महेश प्रसाद शर्मा, किसान कॉंग्रेस निवर्तमान अध्यक्ष रमाकांत सिंह, निवर्तमान महामंत्री संतोष त्रिवेदी, ढ्ष्ष्ट मेंबर वीरेन्द्र यादव, निवर्तमान शहर उपाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, निवर्तमान शहर उपाध्यक्ष सूर्य कुमार बाजपेई, निवर्तमान महामंत्री अजीत सिंह, निवर्तमान महामंत्री नौशाद खतीब, निवर्तमान शहर महामंत्री मनोज मिश्रा, निवर्तमान महामंत्री सर्वोत्तम मिश्रा, अनवार खान, अखिलेश मिश्रा निवर्तमान अभय त्रिवेदी, प्रमोद पांडेय, शशिकांत पांडेय, अनिल मिश्रा, सेवादल अध्यक्ष कल्याण श्रीवास्तव, छात्र संगठन अध्यक्ष आयुष द्विवेदी, पिछड़ा वर्ग जिला ओमप्रकाश पाल,अल्पसंख्यक अध्यक्ष हाफिज रियाज़ , सोशल मीडिया विभाग अध्यक्ष विजय पटेल, विश्वनाथ त्रिवेदी, ब्लॉक प्रभारी अजय सिंह, आकर्षण द्विवेदी, संजय श्रीवास्तव, शैलेन्द्र सिंह, अलोक विक्रम यादव, मनोज तिवारी,अनिरुद्ध दीक्षित, अनीता श्रीवास, निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष कामतानाथ सिंह, ज्योति प्रसाद पासी और समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, महामंत्री, जिला सचिव और फ्रंटल संगठन आदि मौजूद रहे।

## कड़ाके की ठंड से बेपटरी हुआ जनजीवन

जन एक्सप्रेस । अमेठी

पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी होने का व्यापक असर जिले में भी देखने को मिल रहा है। पिछले चार दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड ने लोगों के जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। बहुत जरूरी काम होने पर ही घर से निकल रहे हैं। स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं व नौकरी-पेशा के लोगों को इस मौसम में ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। पिछले नौ दिनों में अधिकतम तापमान 12 डिग्री तक लुढ़क गया है। जबकि न्यूनतम में पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार सुबह घने कोहरे की चादर छाई रही। थोड़ी दूर तक का भी कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। इसके चलते यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ। कुछ गाड़ियां हेडलाइट जलाकर सड़कों पर रेंगती नजर आईं। आसमान में दिनभर बादल छाए रहे।

## कांग्रेस किसानों का उत्पीड़न रोकने हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

भाजपा सरकार किसानों की घोर विरोधी है लगातार किसानों का उत्पीड़न कर रही हैं। झांसी का ताजा प्रकरण इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है, जिसमें किसानों की जायज मांगों को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य कॉंग्रेस प्रतिनिधि मंडल स्थानीय प्रशासन से वार्ता किया तो, चिढ़कर उनके खि़लाफ़ मुकदमा पंजीकृत कर दिया। जो किसानों के साथ नाइंसाफी है उत्तर प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के निर्देश पर उक्त अवांछनीय व अवैधानिक कार्यवाही के विरुद्ध रायबरेली जिला/शहर कॉंग्रेस कमेटी ने किसानों का उत्पीड़न रोकने हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी के माध्यम सेमहामहिमराज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा इस अवसर पर कार्य अध्यक्ष पंकज तिवारी,निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी विजय शंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला सईदुल हसन, पूर्व चेयरमैन मो इलियास मन्त्री वीरेन्द्र यादव रामकुमार सिंह,महेश प्रसाद शर्मा, संतोष त्रिवेदी,अजीत सिंह, नौशाद खतीब, अनवार खान आशीष द्विवेदी, सूर्य कुमार बाजपेई मनोज मिश्रा, अभय त्रिवेदी सर्वोत्तम मिश्रा, प्रमोद पांडेय, अनवार खान, शशिकांत पांडेय, अनिल मिश्रा रमाकांत सिंह, कल्याण श्रीवास्तव, छात्र संगठन अध्यक्ष आयुष द्विवेदी ओमप्रकाश पाल,अल्पसंख्यक अध्यक्ष हाफिज रियाज़ विजय पटेल अजय सिंह, आकर्षण द्विवेदी, संजय श्रीवास्तव, शैलेन्द्र सिंह, अलोक विक्रम यादव, मनोज तिवारी,अनिरुद्ध दीक्षित, अनीता श्रीवासओमप्रकाश, अरुण यादव,अशरफ खान, प्रमोद बाजपेई,दल बहादुर सिंह,शंभू शरण पाल,कामतानाथ सिंहऔर समस्त महामंत्री, जिला सचिव, ब्लॉक अध्यक्ष, न्याय पंचायत अध्यक्ष और फ्रंटल संगठन आदि मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत रामपुर पवारा में बीस साल से अधूरा पड़ा बारात घर

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जनपद के विकासखंड सिंहपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर पवारा के गांव पूरे चौबे में बारातघर निर्माण कार्य करीब बीस साल पहले शुरू हुआ था।बारात घर का निर्माण आज भी अधूरा पड़ा है।यह परियोजना न केवल पूर्ण होने से वंचित है।बल्कि इसे आज तक ग्राम पंचायत को सौंपा भी नहीं गया है।ग्राम पंचायत को हैंडोवर होने के पहले ही अधूरा बारात घर जर्जर हो रहा है।स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों से अनुरोध किया है,कि बारात घर की साफ सफाई और मरम्मत कार्य आदि जल्द से जल्द कराया जाए।अधिक समय बीत जाने के बावजूद ग्राम पंचायत को बारात घर नहीं सौंपे जाने के कारण स्थानीय निवासियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा।जिससे वित्तीय प्रबंधन पर भी सवाल उठ रहे हैं।इतने लंबे समय तक निर्माण अधूरा रहने से प्रशासन और परियोजना प्रबंधन पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। बारात घर के अधूरे होने के कारण ग्रामीणों को शादी और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए वैकल्पिक स्थानों का सहारा लेना पड़ता है।एवं सार्वजनिक सुविधाओं की कमी से स्थानीय लोगों में रोष है। उनका कहना है कि इस परियोजना में देरी के कारणों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई हो।तथा बारात घर का निर्माण जल्द से जल्द पूरा कर ग्राम पंचायत को सौंपा जाए।और भविष्य में ऐसी परियोजनाओं के लिए बेहतर योजना और धनराशि का पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित किया जाए।यह मामला प्रशासनिक उदासीनता का प्रतीक है।जिसे जिला प्रशासन को तुरंत संज्ञान में लेने की आवश्यकता है।पूरे चौबे रामपुर पांवरा निवासी अखिलेश तिवारी का कहना है कि इसमें पूर्व की सरकार की घोर लापरवाही है।जिसने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया।वहीं स्थानीय निवासी विजय शुक्ला बताते हैं, कि बारात घर कंप्लीट ना हो पाने के कारण बेटियों की शादी ब्याह में भी गांव के लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, रविवार, 05 जनवरी, 2025





**पोस्टमार्टम के बाद मजदूर का शव...**

राइस मिल में काम करने के दौरान मजदूर की मौत होने पर पोस्टमार्टम के बाद शनिवार स्वजन शव वाहन में रखकर मिल गेट पर पंहुच गए। गुस्साएं स्वजनो ने चार... ▸ शेष पेज 10 पर...

# 30 लाख की डिमांड पूरी न करने पर बहु को पीटा, पिलाया टॉयलेट क्लीनर

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



रेल बाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत दहेज में 30 लाख की डिमांड पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने बहु को बेरहमी से पीटा और टॉयलेट क्लियर पिलाकर हत्या का करने का प्रयास किया। इतना ही नहीं तलाक भी दे दिया है। विवाहिता की सूचना पर मायके वाले पहुंचे और बेटी को एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। रेल बाजार पुलिस ने पति और सास ससुर समेत 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपियों की तलाश की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक गणेश नगर रावतपुर के रहने वाली आफरीन फातिमा ने बताया कि 9 फरवरी 2024 को उसका निकाह रेल बाजार के रहने वाले जीशान से हुआ था। शादी के बाद 5-6 महीने तो सब कुछ ठीक-ठाक चल लेकिन इसके बाद दहेज में 30 लाख की डिमांड करते हुए उत्पीड़न शुरू कर दिया। रुपए की मांग पूरी नहीं होने पर आए दिन मारपीट और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। आप है कि 3 जनवरी 2024 को पति किसी लड़की से फोन पर बात कर रहे थे। आफरीन फातिमा ने देख लिया और इसका विरोध किया तो मारपीट शुरू कर दी। पति से बचाव को एक फर्स्ट फ्लोर में ग्राउंड फ्लोर में सांस फरहद नसीम और ससुर रईस के पास खींचते हुए पहुंचा। तो मदद करने की वजह है वह भी मारपीट करने लगे। इतना ही नहीं सास ससुर और पति ने दबोच कर टॉयलेट क्लीनर पिलाकर हत्या का प्रयास किया। इसमें जेठानी सना ननद गुड़िया, और नंदोई सल्लू ने भी सहयोग किया। किसी तरह का भाग कर अपने कमरे में पहुंची और बदहवास हालत में मायके फोन करके बताया कि ससुराल वाले टॉयलेट क्लीनर पिलाकर हत्या करना चाहते हैं। इस दौरान दरवाजा तोड़कर भीतर पहुंच गया और मोबाइल छीन लिया। इसके बाद तीन बार तलाक तलाक तलाक बोलकर तीन तलाक दे दिया। रेल बाजार थाने के पुलिस और मायके वाले मौके पर पहुंचे और आफरीन फातिमा को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले में डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि विवाहित निजी अस्पताल में एडमिट है उसका इलाज चल रहा है और हालत खतरे से बाहर है। मायके वालों की तहरीर पर आरोपी पति, सांस, जेठानी, नंदोई, ससुर, के खिलाफ मारपीट शारीरिक कुर्ता और मानसिक उत्पीड़न करने समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# अलग-अलग जगह देर रात लगी आग, कई बाइकें और लोडर जले, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

अलग-अलग थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार की देर रात एक वाहन और एक वाहन रिपेयरिंग की दुकान में आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। आग लगने से वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गए किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

पहली घटना में बांस मंडी में शुक्रवार की देर रात सड़क किनारे खड़े एक लोडर में आग लग गई। लोडर से आग की लपटें उठने लगीं। आसपास के लोगों ने देखते ही शोर मचाया, इसी दौरान वहां से निकल रहे कुली बाजार चौकी प्रभारी ने फायर ब्रिगेड लाटूशरोड को सूचना दी। इसके बाद तुरंत ही मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग बुझाई। सूचना पर पहुंची फायर कर्मियों ने लोडर धूं धूं कर जल रहा था। तत्काल कार्रवाई करते हुए आग बुझाई गई। कोई जनहानि नहीं हुई। दूसरी घटना में शुक्रवार की रात गुजैनी के अंतर्गत तकरीबन मिनी कंट्रोल रूम में सूचना मिली कि एक बाइक रिपेयरिंग की दुकान में आग लग गई। तत्काल ही फजलगंज फायर स्टेशन से एक यूनिट फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर रवाना की गई।

गुजैनी बाईपास के किनारे बनी एक मोटर रिपेयरिंग की दुकान में लगी आग को फायर कर्मियों ने बुझाना शुरू किया। आग से कई बाइक जलकर राख हो गईं। कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई।

# ऑनलाइन कंपनी में निवेश का झांसा देकर 76 लाख की ठगी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कल्याणपुर के डिविनिटी होम्स निवासी नीरज सिंह से 76 लाख रुपये की ठगी हो गई। साइबर अपराधियों ने सोशल मीडिया के जरिये ऑनलाइन कंपनी में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा दिया और उनसे विभिन्न बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर करा लिए। निवेश किए गए रुपये वापस मांगने पर शातिरों ने 71 लाख रुपये बतौर टैक्स डिपॉजिट और जमा करने की बात कही। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नवाबगंज के तिलकनगर उर्वशी अपार्टमेंट निवासी हेमंत पोद्दार से करीब 14 लाख की ठगी कर ली गई। साइबर ठगों ने शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 21 नवंबर से तीन दिसंबर के बीच 13 लाख, 80 हजार, 125 रुपये ठग लिए। ठगों ने उनके मोबाइल पर एक एप डाउनलोड करा रुपये ट्रांसफर कराए। उन्होंने जब एप वॉलेट से बैंक खाते में रुपये ट्रांसफर करने की कोशिश की तो एप ने रुपये निकालने की अनुमति नहीं दी।

# 141 करोड़ से कानपुर में बनेगी तीन नई सड़के



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

सीएम ग्रेड योजना फेज 1 और 2 के तहत 10 सड़कों के निर्माण की तैयारियों के बीच नगर निगम ने पेज 3 के तहत तीन सड़के बनाई जाने का प्रस्ताव तैयार कर अर्बन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एजेंसी को भेज दिया है। यूरिडा ने सहमति जताते हुए इसे स्वीकृत के लिए नगर विकास विभाग भेज दिया है। सीएम ग्रेड योजना 3 में घंटाघर से नरोरा चौराहा, मुरे कंपनी, घसियारी मंडी होते हुए घंटाघर तक 3200 मीटर लंबी सड़क शामिल है। इसके निर्माण की अनुमानित लागत 54.40 करोड रुपए है। नगर आयोग सुधीर कुमार ने बताया कि शासन में मोहर लगाते ही डीपीआर बनाई जाएगी। इसी तरह बर्रा में सचान चौराहे से हरमिलाप मिशन स्कूल रतनलाल नगर तक की 2900 मीटर लंबी सड़क निर्माण का 49.30 करोड़ और स्वरूप नगर स्थित लिट्ल फॉक्स स्कूल से आर नगर चौराहा होते हुए बंग भवन व राजीव पेट्रोल पंप से आर नगर चौराहे होते हुए गैस्ट्रो लिवर अस्पताल तक 2200 मीटर लंबी सड़क प्रस्तावित है। यूटिलिटी डस्ट शाहिद सड़क के निर्माण की अनुमानित लागत 37.40 करोड रुपए है।

इस प्रकार 141.10 करोड रुपए से 8.3 किलोमीटर लंबी इस सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है। यूरिडा के उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रस्ताव को शासन से स्वीकृत करने के लिए नगर विकास विभाग के विशेष सचिव के पास भेजा गया है।

# सफाईकर्मी ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



बारासिरोही कल्याणपुर इलाके में रहने वाले सफाई कर्मी ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसका शव सुबह से शाम तक बंद कमरे में लटकता रहा। शुक्रवार देर शाम जब उसके फूफा पहुंचे तब उन्होंने खिड़की से देखा तो घटना की जानकारी हुई।

मौके पर कल्याणपुर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। परिवार में माता पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। एकलौता युवक ही बचा था। फूफा के मुताबिक उसने ऐसा कदम क्यों उठाया इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। मूल रूप से कजरियाखंड शेखपुरा चौबेपुर निवासी गौरव कुमार उम्र 21 वर्ष मैथा ब्लॉक में सफाई कर्मचारी था। इससे पूर्व गौरव के पिता अशोक कुमार वहां पर सफाई कर्मी हुआ करते थे। पिता की मौत के बाद मृतक आश्रित में सन 2018-19 में गौरव कुमार को नौकरी मिल गई थी। गौरव की मां का देहांत और पहले हो चुका है। पिता की मौत के बाद वो अकेला रह गया था। उसके फूफा चौबेपुर निवासी कृपाशंकर उसकी देखभाल करते थे। कृपाशंकर खुद मैथा ब्लॉक के सचिव पद से रिटायर हो चुके हैं। गौरव ने अपने काम के दम पर बारासिरोही में ही दो खंड का मकान बना लिया था। निचले खंड में किराएदार और पहले माले पर वो खुद रह रहा था। कृपाशंकर के मुताबिक शुक्रवार को सुबह से लेकर शाम तक उन्होंने गौरव को 10-12 बार फोन किया मगर उसकी तरफ से कोई जवाब नहीं मिला। फिर वो देर शाम उसके घर पहुंचे। किराएदारों से पूछताछ की तो पता चला कि वो सुबह से निकला ही नहीं। फिर वो गौरव के पोर्शन में पहुंचे। खिड़की से झांका तो देखा गौरव का शव लटक रहा था। कल्याणपुर पुलिस को सूचित किया गया।

कृपाशंकर के मुताबिक गौरव को किसी तरह की कोई समस्या नहीं थी न ही कोई आर्थिक तंगी थी। फिर उसने यह कदम क्यों उठा लिया इसकी जानकारी नहीं है। इंस्पेक्टर कल्याणपुर के मुताबिक मौके पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मोबाइल फोन को देखा जा रहा है। परिवार वाले यदि कोई तहरीर देते हैं तो कार्रवाई की जाएगी।

# सब्जी शोध केंद्र पर लगे आलू के परीक्षणों की वैज्ञानिकों ने की सराहना

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



सीएसए के साग भाजी विज्ञान विभाग के केंद्र पर आलू की परीक्षण हेतु केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान शिमला द्वारा गठित तीन सदस्य टीम जिसमें डॉक्टर अश्वनी कुमार शर्मा केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान शिमला,डॉक्टर डी एल यादव कृषि विश्वविद्यालय कोटा राजस्थान और डॉक्टर सी एन राम कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या की संयुक्त टीम केंद्र पर भ्रमण किया। जिसमें डॉ पी के सिंह विभागाध्यक्ष एवं निदेशक शोध ने अपने समस्त स्टाफ डॉ आर के पाल, डॉ अजय कुमार यादव, डॉ डीपी सिंह, डॉ संजीव कुमार सचान, डॉ आशुतोष उपाध्याय तथा सूरज कटियार एवं राकेश सिंह के साथ वैज्ञानिकों की टीम को निरीक्षण कराया। जिसमें फसल उत्पादन, फसल सुधार एवं फसल सुरक्षा से संबंधित परीक्षण का अध्ययन किया। फसल सुधार में वैज्ञानिकों ने कुछ प्रजातियों को अगेती के लिए चिन्हित किया। वहीं पर फसल सुरक्षा में झुलसा रोग एवं फोमा रोग जिसे किसान अपनी भाषा में परपरा बोलते हैं का बारिकी से निरीक्षण किया और उपरोक्त रोगों के प्रबंधन के विषय में अच्छी जानकारी दीं।

जिसमे उन्होंने संस्तुत किया कि एज़ोक्सीस्तराबीन पल्स टेबुकोनाज़ोल 1 एम एल प्रति लीटर पानी के दर से छिड़काव करें। किसानों को रोग प्रबंधन में मददगार साबित होगा। टीम के सभी सदस्यों ने केंद्र पर लगे परीक्षण की सराहना की।

# बड़े धूमधाम से निकल गई श्याम बाबा की निशान यात्रा



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

श्याम सहारा परिवार (बर्तन बाजार) के द्वारा रविवार के दिन होने वाले श्याम महोत्सव से पहले शनिवार को बड़े उत्साह के साथ निशान यात्रा निकाली गई। अभिषेक कृष्ण शास्त्री (मथुरा वाले) द्वारा आरती पूजन करने के बाद यात्रा मोती मोहाल पकड़िया वाले पेड़ के पास से प्रारंभ होकर भूसा टोली बर्तन बाजार तेलियाना हुलागंज हरबंस मोहाल एक्सप्रेस रोड से होती हुई कैंट स्थित उत्सव गेस्ट हाउस पहुंची। निशान यात्रा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महंत व महिलाओं सहित हजारों भक्त मौजूद रहें। यात्रा के दौरान क्षेत्रीय लोगों ने पुष्पों की वर्षा की साथ में भक्ति गीतों के साथ सुंदर-सुंदर प्रभु की झांकियां के साथ महिलाएं झूम उठी। कार्यक्रम आयोजक पवन गुप्ता ने बताया प्रभु की इच्छा से पंचम महोत्सव का आयोजन हो रहा है हर वर्ष लोग बढ़कर महोत्सव और निशान यात्रा में पहुंच रहे हैं पार्षद रजत बाजपेई ने कहा कि श्याम बाबा ने हमको इस लायक बनाया है कि हम बाबा के सेवक बन सके बाबा की कृपा से दुखड़े दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूरी होती हैं जो लोग निशान यात्रा में शामिल होते हैं उनकी बाबा मनोकामना पूरी करते हैं। यात्रा के दौरान कार्यक्रम आयोजन पवन गुप्ता, पार्षद रजत बाजपेई, पवन डालमिया, अमर गुप्ता, सनी सिंह, टिंकू साहू, सौरभ गुप्ता, रवि गुप्ता, मनोज बाजपेई, विजय अवस्थी, मीडिया प्रभारी नितिन सिंह, पंकज पांडे, मोहित पांडे, पार्षद आदर्श गुप्ता आदि भक्त मौजूद रहें।

# बढ़ती शीतलहर को लेकर मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है। रात में पाला भी पड़ने लगा है। मौसम विभाग की ओर से तड़के मार्निंग वॉक पर जाने और देर रात यात्रा करने वालों के लिए चेतावनी जारी की गई है। लोगों से कहा गया है कि सुबह सात बजे के बाद टहलने निकलें। साथ ही रात को 10 बजे से पहले तक सुरक्षित जगह पर पहुंच जाएं। चिकित्सकों ने नहाते समय सीधे सिर पर पानी न डालने और हृदय, सांस और दूसरे रोगियों को ठंड से विशेष रूप से बचने की सलाह दी है। वहीं, सीएमओ ने सभी सीएचसी, पीएचसी केंद्रों में अलाव की व्यवस्था के अलावा रैन बसेरों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को कार्डियोलॉजी में हार्टअटैक के लक्षण वाले 38 रोगियों को भर्ती किया गया। लद्दाख और जम्मू-कश्मीर की पहाड़ियों पर जमकर हुई बर्फबारी ने यूपी के मैदानी क्षेत्रों में हाड़ कंपाने वाली ठंड बढ़ा दी है। शुक्रवार को कानपुर मंडल पूरे प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। कानपुर और इटावा जनपद का न्यूनतम पारा सबसे कम 4.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बनी।

## सर्विलांस सेल के आरक्षियों ने खोया हुआ मोबाइल लौटाया

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** सर्विलांस सेल में तैनात का0 आलोक और का0 नवीन ने अपनी सतर्कता और तत्परता से एक पीड़ित महिला का खोया हुआ मोबाइल फोन ढूंढकर वापस लौटाया। यह घटना ग्वालटोली क्षेत्र की है, जहां निवासिनी महिला ने अपना मोबाइल फोन खो जाने की शिकायत की थी। महिला की शिकायत मिलने पर, सर्विलांस सेल के उक्त आरक्षियों ने अपनी ड्यूटी

## सुपाड़ी कारोबार 90 प्रतिशत गिरा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** पान मसाला कारोबार पर बीते तीन महीने से की जा रही निगरानी से इससे जुड़े उत्पादों के कारोबार पर बड़ा असर पड़ा है। पान मसाला इकाइयों में उत्पादन घटकर 30 प्रतिशत पर आ गया है। इससे सुपाड़ी कारोबार तो 90 प्रतिशत गिर गया है। कत्था, लौंग, इलायची, पिपरमेंट, जड़ी-बूटी, गरी, अलग-अलग प्रकार के सुगंध का व्यापार सिमटकर 30-40 प्रतिशत ही रह गया है। उत्पादन घटने से कर्मचारियों और श्रमिकों को 15 दिन की छुट्टी दे दी गई है। प्रमुख सचिव के निर्देश पर एसजीएसटी के अधिकारी तीन महीने से पान मसाला कारोबार की निगरानी कर रहे हैं। इसके चलते सुपाड़ी, कत्था, चूना, लौंग, इलायची, मुलेठी, पिपरमेंट के कारोबार को तगड़ा झटका लगा है। पहले सामान्य दिनों में शहर में 1000 से 1200 बोरी सुपाड़ी की खपत होती थी जो अब 50 बोरी ही रह गई है। एक बोरी में 50 किलो सुपाड़ी होती है। महीने में औसतन चार से पांच करोड़ रुपये की सुपाड़ी की बिक्री होती थी।


## अनारक्षित मेला स्पेशल रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

**महाकुम्भ–2025 के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्वघोषित अनेक विशेष रेलगाड़ियों के साथ–साथ निम्नलिखित अतिरिक्त अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियों का संचालन भी निम्न विवरण के अनुसार किया जाएगा :–**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव | चलने की तिथि(यॉं) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04222 | अयोध्या धाम जं. | 10:10 | प्रयाग जं. | 15:45 | अयोध्या कैंट. जं., भरतकुंड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर जं., चिलबिला जं., प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन | 12.01, 13.01, 27.01, 28.01, 02.02, 11.02 एवं 25.02.2025 |
| 04228 | अयोध्या धाम जं. | 16:45 | प्रयाग जं. | 21:50 | | 12.01, 13.01, 27.01, 28.01, 01.02, 02.02, 10.02, 11.02, 24.02 एवं 25.02.2025 |
| 04274 | जौनपुर जं. | 18:40 | फाफामऊ जं. | 22:20 | जफराबाद जं., मडियाहूँ, जंघई एवं फूलपुर जं. स्टेशन | 12.01, 13.01, 27.01, 28.01, 01.02, 02.02, 10.02, 11.02, 24.02 एवं 25.02.2025 |
| 04272 | जौनपुर जं. | 10:30 | प्रयाग जं. | 14:40 | जफराबाद जं., मडियाहूँ, जंघई, फूलपुर जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन | 28.01.2025 |
| 04292 | लखनऊ | 14:00 | प्रयाग जं. | 19:55 | उतरेटिया, मोहनलाल गंज, बछरावाँ, रायबरेली, ऊँचाहार जं., परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर, लालगोपाल गंज एवं फाफामऊ जं. स्टेशन | 12.01, 13.01, 27.01, 28.01, 01.02, 02.02, 10.02, 11.02, 24.02 एवं 25.02.2025 |
| 04220 | अयोध्या धाम जं. | 07:10 | फाफामऊ जं. | 12:00 | अयोध्या कैंट. जं., भरतकुंड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर जं., चिलबिला जं., एवं प्रतापगढ़ जं. स्टेशन | 28.01.2025 |
| 04224 | अयोध्या कैंट जं. | 12:20 | प्रयाग जं. | 17:10 | भरतकुंड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर जं., चिलबिला जं., प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन | 28.01.2025 |
| 04226 | अयोध्या धाम जं. | 13:20 | प्रयाग जं. | 19:00 | अयोध्या कैंट. जं., भरतकुंड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर जं., चिलबिला जं., प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन | 28.01.2025 |
| 04294 | लखनऊ | 19:30 | फाफामऊ जं. | 00:45 | उतरेटिया, मोहनलाल गंज, बछरावाँ, रायबरेली, ऊँचाहार जं., परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर एवं लालगोपाल गंज स्टेशन | 28.01.2025 |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

YouTube f X पर हमें फॉलो करें


# बिल्हौर तहसील दिवस पर एडीएम व एसडीएम ने सुनी शिकायत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील संपूर्ण समाधान दिवस पर पहुंचे कानपुर एडीएम सप्लाई आशुतोष दुबे एवं उपजिलाधिकारी रश्मि लंबा, नायब तहसीलदार सीपी राजपूत और रंजीत यादव ,खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा और शिव नरेश राजपूत की मौजूदगी में फरियादों की शिकायतें सुनी गई शिकायत लेकर पहुंचे सरिगंवा थाना शिवराजपुर निवासी ने गांव में किए जा रहे तालाब पर अवैध अतिक्रमण को हटाने को लेकर शिकायत करते हुए बताया कि आराजी संख्या 325 क जो तालाब में दर्ज है जिस पर अवैध तरीके से गांव के ही देवेंद्र व राजेंद्र पुत्र दुशासन एवं पुत्री व दुशासन पुत्र गोधन एवं पत्नी द्वारा एक राय होकर तालाब पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है जो की ग्राम समाज की नाली व रास्ता बंद कर रहे हैं दुकानदार शिवराजपुर निवासी ने एडीएम को बताया कि कुत्ते को बिस्कुट खिलाना महंगा पड़ा सिपाही अभय सिंह ने पीटा मेरी दुकान से बेल्ट और टोपी ले गए उसका पैसा नहीं दिया। सुदामा पुत्र कामता प्रसाद निवासी ग्राम बेदीपुर ने गांव के ही प्रधान पति राहुल पाल पुत्र बड़े लाल पर आरोप लगाया है कि मुझसे करीब एक वर्ष पहले ग्राम प्रधान पति के द्वारा मुझसे 9000 हजार रुपए कैटल सेट गोट सेट बनवाने के नाम पर लिए थे जिसके बाद आज तक ना तो कैटल सेट गोट सेट मिला न ही मेरा रुपया जब मैं अपना रुपया मांगने गया तो प्रधान पति राहुल पाल द्वारा मुझसे गाली गलौज करते हुए भगा दिया गया संबंधित अधिकारियों ने जांच करने के निर्देश दिए एवं रानेपुर गांव निवासी फरियाद अली पुत्र जफर अली ने शिकायत करते हुए बताया कि गांव के ही अमर सिंह पुत्र राम सिंह संतोष सिंह गोलू सिंह आदि ने गांव के बाहर बने टीले के रूप में पड़ी आबादी की भूमि से आने-जाने का रास्ता है।

पढ़ें पेज 12 पर...

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# धार्मिक सहिष्णुता एवं सामाजिक सौहार्द के लिए गौवध निषिद्ध होना ही चाहिए

**उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में विशेष रूप से प्रमुख था और इसका उद्देश्य मौजूदा कानूनों को लागू करना और मांस उद्योग को विनियमित करना था। इस पहल के तहत कई अपंजीकृत और अनियमित बूचड़खानों को बंद कर दिया गया। 2016 से 2020 तक गौ-हत्या या गौमांस खाने के आरोपों में भीड़ की हिंसा और लिंचिंग की घटनाओं में 50 से अधिक लोगों की जान चली गई। ये दुखद घटनाएँ अक्सर ग़लतफ़हमी, झूठी अफ़वाहों या सोशल मीडिया पर गलत सूचना के कारण होती है। इस तरह की हिंसा ने समुदायों के बीच विभाजन पैदा किया है और भारत में शांति और एकता बनाए रखने के लिए इन मुद्दों को संबोधित करने के महत्व को रेखांकित किया है।**

*हमारा देश भारत अनेकता में एकता का सम्मान करने वाला विविधताओं से भरा है, जहाँ कई धर्मों और संस्कृतियों के लोग मिलजुल कर रहते करते हैं। यहाँ की आबादी में हिंदू लगभग 80 प्रतिशत, जबकि मुस्लिम लगभग 15प्रतिशत हैं। ऐसे में जहाँ ज़्यादातर लोग गाय को पवित्र पशु के रूप में मानते हैं और उसे आस्था की नजरों से देखते हैं, उनकी भावनाओं का सम्मान करना हम सभी की ज़िम्मेदारी है। दूसरों की मान्यताओं का सम्मान करना, सद्भाव से रहना और ऐसे किसी भी काम से बचना, जो दूसरों की भावनाओं को चोट पहुँचा सकता है या समाज में समस्याएँ पैदा कर सकता है। इस्लाम में, हमारा धर्म हमें दूसरों के साथ शांति से रहना और उनकी परंपराओं और मान्यताओं का सम्मान करना सिखाता है। क़ुरान हमें ऐसे काम करने से बचने के लिए कहता है, जो दूसरों की भावनाओं को चोट पहुँचा सकते हैं, खासकर अगर इससे बहस या हिंसा हो। जब हम समझते हैं कि भारत में अधिकतर लोग गाय को पवित्र मानते हैं तो सच्चे मुसलमान के तौर पर यह हमारा कर्तव्य है कि हम यह सुनिश्चित करें कि हम बहुसंख्यक समाज की भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं। यह प्यार और दोस्ती को सम्मान देकर सौहार्द और आपसी प्रेम को बढ़ाने वाले तरीके से जीने के बारे में है। भारत में सामाजिक तनाव और हिंसा का बड़ा कारण गौ-हत्या रहा है। हाल के वर्षों में, भीड़ द्वारा हमले और लिंचिंग की घटनाएँ हुई हैं, जहाँ गौ-हत्या या गौमांस खाने के आरोप में कई लोगों को पीटा गया या यहाँ तक कि मार दिया गया। इनमें से कई हमले ग़लतफ़हमी या अफ़वाहों के कारण हुए। ऐसी घटनाएँ समुदायों के बीच विभाजन पैदा करती हैं, जिससे लोगों का एक-दूसरे पर भरोसा करना मुश्किल हो जाता है। भारत में गौ-हत्या का इतना बड़ा मुद्दे बनने का एक कारण यह है कि गाय हिंदू संस्कृति के साथ बहुत गहराई से जुड़ी हुई है। गाय को गौ माता कहा जाता है, जिसका अर्थ है- गाय माता। हिंदुओं का मानना है कि गाय दयालुता, देखभाल और निःस्वार्थ भाव से देने की क्षमता का प्रतिनिधित्व करती है, क्योंकि यह मनुष्यों को दूध प्रदान करती है। ग्रामीण क्षेत्रों में गाय को परिवार का सदस्य माना जाता है। भारत दुनिया का बड़ा दूध उत्पादक है, जो वैश्विक डेयरी उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान देता है। लाखों किसान, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, अपनी आय के लिए गायों पर निर्भर हैं। भारतीय डेयरी उद्योग देश की कृषि की आधारशिला है, जिसका दूध उत्पादन वित्त वर्ष 2023 में लगभग 230 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुँच गया। यह पिछले वर्षों की तुलना में लगातार वृद्धि दर्शाता है, जो इस क्षेत्र के विकास और महत्व को रेखांकित करता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है, जहाँ प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 459 ग्राम प्रतिदिन है। इसलिए, जब गायों का वध किया जाता है तो यह इस व्यवस्था को बाधित करता है और गाँवों की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। गायों की रक्षा करना किसानों की आजीविका का समर्थन करना और देश की आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने से भी गहरे तक जुड़ा है। इस्लाम में, जानवरों की बलि देना धार्मिक प्रथाओं का हिस्सा है, खासकर ईद-उल-अज़हा के दौरान। हालाँकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इस्लाम में विशेष रूप से गायों की बलि की आवश्यकता नहीं है। अन्य जानवर जैसे बकरी, भेड़ या भैंस की भी बलि दी जा सकती है। भारत जैसे देश में जहाँ गौ-हत्या तनाव पैदा करती है, विकल्प चुनना दूसरों को चोट पहुँचाने से बचने का एक सरल तरीका है और अपने धार्मिक कर्तव्यों को भी पूरा करना है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**क्योंकि शिक्षा दृष्टि और दृष्टिकोण को बढ़ाती है, जिससे समाज में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है। इससे उन्नत एवं चरित्रसम्पन्न नागरिकों का निर्माण होता है एवं देश विकास की ओर अग्रसर होता है। सामाजिक न्याय के क्षेत्र में प्रगति करने की इच्छा भी बढ़ती है, हिंसा, असमानता और सांप्रदायिकता आदि से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। शिक्षा एक ऐसे लोकतंत्र को सुनिश्चित करती है जिसमें एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज शामिल हो। यह आर्थिक रूप से वंचित समूहों के उत्थान में भी मदद करता है और कई नौकरी और रोजगार के अवसरों का निर्माण सुनिश्चित करता है। एक सभ्य शिक्षा प्रणाली विचारों, ज्ञान और अच्छी प्रथाओं का शांतिपूर्ण आदान-प्रदान सुनिश्चित करती है।**

# स्कूलों में छात्रों की संख्या का घटना चिन्ताजनक



ललित गर्ग

**बुनियादी ढांचे की कमी और शिक्षा के प्रति समाज के कई वर्गों में कम उत्साह के कारण भारत में शिक्षा के लक्ष्य पूरे नहीं हो पाते हैं। शिक्षा प्रणाली में कुछ चुनौतियाँ हैं जिनके कारण भारत इष्टतम विकास को पूरा करने में सक्षम नहीं है। भारत में शिक्षा के परिदृश्य को बेहतर बनाने एवं छात्रों के नामांकन को बढ़ाने के लिए उन नीतियों पर सख्ती से काम करने की आवश्यकता है जो भारत में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली सुनिश्चित करें।**

शिक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में स्कूलों की संख्या बढ़ रही है, पर स्कूली छात्रों की संख्या घट रही है। स्कूली छात्रों की संख्या घटना न केवल चिंताजनक और विचारणीय है बल्कि नये भारत-सशक्त भारत निर्माण की एक बड़ी बाधा भी है। भारत में स्कूलों की संख्या में करीब 5,000 की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों सहित 14,89,115 स्कूल हैं। ये स्कूल 26,52,35,830 छात्रों को पढ़ाते हैं। इनमें से कुछ स्कूलों को उनकी प्रतिष्ठा, स्थापना के वर्षों, महत्वपूर्ण स्कूल परिणामों, मार्केटिंग रणनीतियों आदि के कारण उच्च छात्र नामांकन प्राप्त होते हैं लेकिन पर साल 2022-23 व 2023-24 के बीच स्कूली छात्रों के नामांकन में 37 लाख की कमी आई है। यह स्थिति अनेक सवाल खड़े करती है। क्या स्कूली शिक्षा ज्यादातर बच्चों की पहुंच के बाहर है? क्या शिक्षा का आकर्षण पहले की तुलना में घटा है? भारत में शिक्षा प्रणाली लाखों छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपने समृद्ध इतिहास और विविध संस्कृति के साथ, भारत में एक जटिल और विशाल शैक्षिक परिदृश्य है। भारत में शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत पूर्व-प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा सहित विभिन्न चरण शामिल हैं। महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं। डेटा एग्रीगेशन प्लैटफॉर्म यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस की यह ताजा रिपोर्ट देश के स्कूली इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के साथ ही उन अहम दिक्कतों की भी झलक देती है, जिन्हें दूर किया जाना बाकी है। बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहतर होने के बावजूद छात्रों की संख्या का घटना गहन विमर्श का विषय है। शिक्षा मानव-जीवन के विकास का आधार स्तंभ है। शिक्षा के अभाव में मानव-जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। यह मनुष्य को उत्कृष्टता एवं उच्चता के शिखर पर स्थापित करती है। शिक्षा प्रकाश एवं शक्ति का ऐसा स्रोत है जो नये भारत के विकास का आधार है। जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरन्तर सामंजस्यपूर्ण विकास करके नये भारत, सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प को मजबूती देता है। देश में पिछले साल के मुकाबले स्कूलों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन छात्रों के नामांकन में गिरावट देखी गई है। जहां स्कूलों की संख्या 14.66 लाख से बढ़कर 14.71 लाख हो गई वहीं इनमें होने वाला छात्रों का नामांकन 25.17 करोड़ से घटकर 24.80 करोड़ हो गया। यह गिरावट कमोबेश सभी श्रेणियों यानी लड़के लड़कियां, ओबीसी, अल्पसंख्यक आदि में है। जहां तक शिक्षा के बीच में छात्रों के स्कूल छोड़ने के मामलों की बात है तो इसमें सेकंडरी स्तर में होने वाली बढ़ोतरी ज्यादा परेशान



**भारत में शिक्षा प्रणाली लाखों छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपने समृद्ध इतिहास और विविध संस्कृति के साथ, भारत में एक जटिल और विशाल शैक्षिक परिदृश्य है।**

करने वाली है। मिडल स्कूलों में जो ड्रॉपआउट दर 5.2 प्रतिशत है, वह सेकंडरी स्टेज में आकर 10.9 प्रतिशत हो जाती है। इसके पीछे ओबीसी और एससी-एसटी श्रेणी के छात्रों को दाखिले के दौरान होने वाली जटिल प्रक्रिया, मुश्किलें और किसी अभावग्रस्त छात्र के लिए आर्थिक मदद या छात्रवृत्ति जैसी सुविधाओं की कमी का हाथ हो सकता है। छात्रों के नामांकन की घटती संख्या को जाति के आधार पर अगर देखें, तो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों के नामांकन में 25 लाख से अधिक, अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के छात्रों में 12 लाख और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के छात्रों में दो लाख की गिरावट हुई है। नामांकन से वंचित हुए अल्पसंख्यक छात्रों की संख्या तीन लाख है, जबकि इनमें से एक तिहाई मुस्लिम हैं। भारत में नई पीढ़ी को यथोचित शिक्षा नहीं मिल पा रही है। शिक्षा से वंचित रहने के जो कारण हैं, उनमें सबसे बड़ा कारण गरीबी है। सरकारी स्तर पर सरकारों ने गरीब छात्रों के लिए अनेक इंतजाम किए हैं, पर इन इंतजामों का सभी छात्रों तक समान रूप से पहुंचना आसान नहीं है। निचले स्तर पर शिक्षकों और शिक्षा कर्मचारियों को जितना सजग होना चाहिए, उतना सजग वे नहीं हो पा रहे हैं। भारत जैसे देश में शिक्षा एक अभियान है, इसके लिए अगर नियोजित एवं उत्साहपूर्ण माहौल न बनाया जाए, तो गरीब व वंचित बच्चों तक शिक्षा को पहुंचाना चुनौतीपूर्ण है। कोई संदेह नहीं कि किसी भी अभियान में अगर समर्पित लोग आपके पास नहीं हैं, तो फिर उस अभियान की सफलता संदिग्ध हो जाती है। भारत में शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की जरूरत है। यदि हमें सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करना है और सही दिशा में आगे बढ़ना है तो कई पहलुओं एवं मोर्चों पर काम करना आवश्यक है। हमारी आजादी के बाद से ही शिक्षा क्षेत्र में कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन्होंने हमें दुनिया में एक विकसित राष्ट्र बनने से रोक दिया है। भारत में एक सभ्य शिक्षा प्रणाली के महत्व की जरूरत को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नयी शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। देश की शिक्षा प्रणाली को नया आकार दिया जा रहा है और शिक्षा से जुड़े कई बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। प्रणाली को आधुनिक बनाने और व्यावसायिक प्रशिक्षण शुरू करने के प्रयास हो रहे हैं। बहरहाल, यह खुशी की बात है कि अब भारत के 91.7 प्रतिशत स्कूलों तक बिजली पहुंच चुकी है। अभियान चलाकर देश के बाकी बचे स्कूलों तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। देश में 98 प्रतिशत से ज्यादा स्कूलों तक पेयजल सुविधा के साथ ही टॉयलेट की सुविधा पहुंच चुकी है। स्कूलों को संसाधन संपन्न बनाने के साथ ही शिक्षकों और पुस्तकों की गुणवत्ता एवं स्कूलों को संसाधन के स्तर पर भी बहुत मजबूत करने की जरूरत है। भारत के 60 प्रतिशत स्कूलों में भी कंप्यूटर उपलब्ध नहीं हैं और इंटरनेट की सुविधा वाले स्कूलों की संख्या 50 प्रतिशत से भी कम है। आज के समय में जब हमें बड़े पैमाने पर कुशल कामगारों की जरूरत पड़ेगी, तब किसी का कंप्यूटर शिक्षा से वंचित होना बहुत महंगा पड़ेगा। आज के समय में हर छात्र या हर नागरिक को कंप्यूटर और इंटरनेट का सामान्य ज्ञान होना ही चाहिए। कंप्यूटर आज के समय में विलासिता नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य जरूरत है। नया भारत बनाने के लिए शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षा के ज़रिए ही देश का विकास होता है और समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। हालांकि, कई स्कूल अभिभावकों और छात्रों को बनाए रखने और आकर्षित करने के लिए संघर्ष करते हैं। इन संघर्ष की स्थितियां का नियंत्रित होना जरूरी है। इसी से भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक व्यवस्था एवं विश्व गुरु होने का दर्जा पा सकेगा।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | षष्ठी 20:14 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वभाद्रपदा 20:08 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | व्यतिपाता, 07:26 |
| सूर्योदयः | 07:18 |
| सूर्यास्तः | 17:33 |
| चंद्रमाः | कुंभ राशि में |
| राहुकालः | 16:16-17:33 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | पौष |
| शुभ मुहूर्तः | 12:05-12:46 |

## जन एक्सप्रेस

### चल रही तलाश !

*बनें नए समीकरण ।*
*चल रही तलाश ।।*
*लाना अलग चेहरे ।*
*जगी ऐसी प्यास ।।*
*करना सब नवीन है ।*
*आए नई बहार ।।*
*चाह रहे हम करने को ।*
*जनता पर उपकार ।।*
*किए यदि सुधार ।*
*तय मिलना है फल ।।*
*कार्यकर्ताओं को ।*
*मिल जाए कुछ बल ।।*
*रणनीति ही ऐसी ।*
*है हमने बनाई ।।*
*उब गए हैं हम ।*
*हुई जो जगहंसाई ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# फ्लॉपी आईलिड सिंड्रोम में लटक जाती हैं आंखों की पलकें



**फ्लॉपी** आईलिड सिंड्रोम एक दुर्लभ और असामान्य स्थिति है, जिसमें पलकों की त्वचा ज्यादा लचीली और ढीली हो जाती है। इस समस्या के कारण पलकों का सामान्य रूप से काम करना मुश्किल हो जाता है और वे अक्सर लटकने लगती हैं, जिससे आंखों में जलन, खुजली और सूजन की समस्या हो सकती है। यह स्थिति आमतौर पर सोते वक्त ज्यादा महसूस होती है, जब पलकों का पूरी तरह से बंद होना मुश्किल होता है। फ्लॉपी आईलिड सिंड्रोम के कारण आंखों में सूखापन, काले घेरे और दर्द जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इस स्थिति का इलाज सर्जरी, आंखों की देखभाल और कभी-कभी हॉर्मोनल उपचार से किया जा सकता है। इस लेख हम फ्लॉपी आईलिड सिंड्रोम पर विस्तार से बात करेंगे।

**फ्लॉपी आईलिड सिंड्रोम क्या है?:** फ्लॉपी आईलिड सिंड्रोम एक दुर्लभ आंख की बीमारी है जिसमें आंखों की पलकें बहुत ढीली और लचीली हो जाती हैं। इस स्थिति में पलकों का सामान्य रूप से सही तरीके से काम करना मुश्किल हो जाता है और वे आसानी से लटकने लगती हैं। यह समस्या ज्यादातर रात के समय या सोते वक्त महसूस होती है, जब पलकें आंखों से पूरी तरह से बंद नहीं हो पातीं।

**फ्लॉपी आईलिड सिंड्रोम के लक्षण:** पलकों का लचीलापन ज्यादा हो जाता है, जिससे वे आसानी से लटकने लगती हैं। आंखों में जलन, खुजली और सूजन महसूस हो सकती है। पलकों का नॉर्मल तरीके से मूवमेंट न होने के कारण आंखों में दर्द हो सकता है। आंखों के आसपास काले घेरे और सूजन का एहसास हो सकता है। पलकों के ढीले होने के कारण आंखों में ड्राईनेस या बार-बार खुलने की समस्या हो सकती है।

**फ्लॉपी आईलिड सिंड्रोम के कारण:** पलकों की ढीली त्वचा का कारण पुरानी चोट या धूप का असर हो सकता है। उम्र बढ़ने के साथ त्वचा में लचीलापन कम हो जाता है, जो पलकों के ढीला होने का कारण बन सकता है। यह समस्या कुछ लोगों में जेनेटिक कारणों से भी हो सकती है, जहां पलकों की संरचना सामान्य से अलग होती है। हॉर्मोनल असंतुलन भी त्वचा के लचीलापन को प्रभावित कर सकती है, जिससे पलकें लटक सकती हैं। इस स्थिति में सोते वक्त पलकें पूरी तरह से बंद नहीं हो पातीं और इस वजह से फ्लॉपी आईलिड सिंड्रोम की संभावना बढ़ सकती है।

**फ्लॉपी आईलिड सिंड्रोम का इलाज:** फ्लॉपी आईलिड सिंड्रोम का इलाज आमतौर पर एक्जामिनेशन पर आधारित होता है। पलकों की स्थिति को सुधारने के लिए सर्जिकल विकल्प हो सकता है, जिसमें पलकों को सामान्य स्थिति में लाने के लिए सर्जरी की जाती है। इस समस्या का इलाज करने के लिए आंखों की साफ-सफाई बनाए रखने के लिए कहा जाता है। अगर आंखों में ड्राईनेस और जलन है, तो डॉक्टर आंखों के लिए विशेष आई ड्रॉप्स भी लिख सकते हैं, जो पलकों और आंखों को आराम देने में मदद करते हैं। अगर यह स्थिति स्लीप एपनिया से जुड़ी हुई है, तो सीपीएप मशीन का इस्तेमाल किया जा सकता है, जो सोते वक्त सांसों को सामान्य बनाए रखता है। अगर हॉर्मोनल असंतुलन का कारण है, तो डॉक्टर उचित हॉर्मोनल इलाज की सलाह दे सकते हैं। फ्लॉपी आईलिड सिंड्रोम से बचाव के लिए एक स्वस्थ जीवनशैली और आंखों की सही देखभाल जरूरी है।

## एक्सप्रेस विशेष

# अयोध्या और प्रयागराज के दुर्लभ संयोग



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

**भारत सरकार के सौजन्य से बन रहे इस स्टील ब्रिज के लोड टेस्टिंग का काम भी पूरा हो गया है। उन्होंने संगम ऐरावत घाट और संगम नोज घाट का निरीक्षण किया। लक्ष्य यह है कि प्रत्येक तीर्थयात्री का स्नान सुरक्षित हो, इसके लिए व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिए।**

**सनातन** धर्म में अयोध्या और प्रयागराज की महिमा सर्वविदित है। इसी महीने एक दुर्लभ संयोग भी बन रहा है। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ मनाई जाएगी। वहीं प्रयागराज में पौष पूर्णिमा से महाकुंभ का शुभारंभ होगा। दूसरा संयोग यह है कि पिछले कुंभ और अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रबंधन में हुआ था। इस बार के महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए भी योगी आदित्यनाथ प्रतिबद्ध है। इसके दृष्टिगत वह पिछले कुछ दिनों में अयोध्या और प्रयागराज की यात्रा कर चुके है। वह अधिकारियों के साथ बैठक करके दिशा निर्देश देते हैं। महाकुंभ स्थल पर पहुंच निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते है। उनका पूरा ध्यान इस पर रहता है कि यहां पहुंचने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के समय योगी आदित्यनाथ ने भारत ही नहीं दुनिया को एक संदेश दिया था। उन्होंने कहा था कि श्री रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा भारत के आत्म गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। हमारा देश अपने स्वयं के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा कर रहा है। पिछले दिनों योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में कहा कि सनातन धर्म की मान्यता है कि सम्पूर्ण सृष्टि के संचालक रक्षक पालक

**मुख्यमंत्री ने फाफामऊ में गंगा नदी पर निर्माणाधीन सिक्सलेन पुल के विकल्प के रूप में बन रहे स्टील ब्रिज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस बार के महाकुम्भ में यह स्टील ब्रिज तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए संगम तक आवागमन का सबसे सहज साधन होगा। स्टील ब्रिज से पश्चिमी उत्तर प्रदेश, अयोध्या,गोरखपुर, लखनऊ,दिल्ली, उत्तराखण्ड, राजस्थान की ओर से महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को सुविधा मिलेगी। उन्हें नगर में नहीं जाना पड़ेगा।**

श्रीमद्नारायण साक्षात सूर्यदेव हैं, जिन्हें श्री विष्णु भी कह सकते हैं। उन्हीं की कृपा से सब कुछ संचालित होता है। उनकी कृपा के बगैर कुछ भी नहीं हो सकता। अयोध्याधाम में पंच नारायण यज्ञ के माध्यम से उत्तर एवं दक्षिण के विद्वानों के संयुक्त प्रयासों से चल रही आत्म शुद्धि, इस भूमि की शुद्धि एवं पर्यावरण की शुद्धि के इस पवित्र महायज्ञ के साथ जुड़ने का सौभाग्य हम सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन जन्म भूमि पर मिल रहा है। स्वाभाविक रूप से यज्ञ की सफलता तो आवश्यक है। इसमें कहीं कोई संदेह नहीं है। भारत में यज्ञों की परंपरा हजारों वर्षों से है। 'यज्ञात भवति पर्जन्य' यानी यज्ञ ही वर्षा का कारण है। वर्षा से ही फसल होती है। उसी से प्रत्येक किसान, व्यापारी को धन-धान्य एवं समृद्धि प्राप्त होती है। काशी में काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में अयोध्या धाम फिर से त्रेतायुग की स्मृतियों को जीवंत कर रहा है। विरासत को विस्मृत करके हम भौतिक विकास को स्थाई नहीं बनाए रख सकते हैं। विरासत और विकास के बीच में एक बेहतर समन्वय होना चाहिए। यज्ञ उसी की प्रेरणा देता है। भारत के पावन धर्म स्थल एवं मान बिंदु हमारे आदर्श और प्रेरणा हैं, इनसे प्रेरित हो कर जब हम आगे बढ़ेंगे तभी भारत बना रहेगा। हजारों वर्षों पहले हमारे ऋषियों ने हमें अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्। उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्।। का संदेश दिया है।दुनिया में विश्व शांति की स्थापना करनी है, तो यह सनातन धर्म ही कर सकता है। भारत के अंदर सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है। सनातन धर्म शाश्वत तथा सृष्टि के साथ चलने वाला धर्म है। एक सौ पैतालीस वर्ष बाद महाकुंभ का ऐसा संयोग बन रहा है। प्रमुख स्नान के अवसर पर पूज्य संतों के लिए, श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पुष्प वर्षा की व्यवस्था भी रहेगी। तेरह जनवरी को पौष पूर्णिमा का पहला स्नान यहां पर सम्पन्न होगा। चौदह जनवरी मकर संक्रांति को दूसरा स्नान होगा। उनतीस जनवरी को मौनी अमावस्या का स्नान होगा। जिसमें सबसे ज्यादा भीड़ आएगी। अनुमान है कि इस दिन छह से आठ करोड़ श्रद्धालु यहां पर आएंगे। तीन फरवरी को बसंत पंचमी है। फिर बारह फरवरी और छब्बीस फरवरी सहित यहां पर कुल छह स्नान होने हैं। योगी आदित्यनाथ महाकुंभ तैयारियों का जायजा लेने कई बार प्रयागराज की यात्रा कर चुके है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज सिटी का कायाकल्प लगभग पूरा हो चुका है। दो सौ से अधिक सड़कों का निर्माण हुआ है। इन्हें सिंगल से दो, चार और छह लेन तक बनाया जा चुका है। चौदह फ्लाईओवर या आरओबी में से तेरह का निर्माण पूर्ण हो चुका है। मेला प्राधिकरण ने लगभग पांच हजार एकड़ क्षेत्रफल में प्रयागराज को जोड़ने वाले मार्गों पर संगम से दो से पांच किलोमीटर की दूरी पर पार्किंग स्पेस चिन्हित करके उन्हें सक्रिय कर दिया है। हर पार्किंग स्थल पर चौकी होगी।सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था होगी। पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी होगा। तीस पांटून ब्रिज बनकर तैयार हो रहे है। इसमें अट्ठाइस पांटून ब्रिज बनकर तैयार हो गए हैं। बारह किलोमीटर का अस्थाई घाट यहां पर तैयार किया जा रहा है। चेकर्ड प्लेट यहां पर पांच सौ किलोमीटर से अधिक के दायरे में बिछाई जा चुकी हैं। शुद्ध पेयजल के लिए करीब पांच सौ किलोमीटर से अधिक की पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। मेला लगभग अपना आकर ले चुका है। सात हजार से अधिक संस्थाएं अब तक आ चुकी हैं। डेढ़

# खादी और खाकी की रार आठों विधायक पहुंचे सीएम योगी के दरबार

■ भाजपा विधायक सौरभ सिंह सोनू फायरिंग मामले में एक दिन पहले इस विषय पर गृह सचिव से वार्ता हो चुकी है। उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया था

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** जिला अध्यक्ष सुनील सिंह विधायकों के समर्थन में उतरे। पहले थप्पड़ कांड फिर गोलीकांड को लेकर कानून व्यवस्था पर उठ रहे सवालों पर घिरे एसपी खीरी सीओ सदर कोतवाल सदर जिसको लेकर सियासी पारा हाई है आगे क्या होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने के बाद पुलिस पर कार्रवाई जो चर्चा का विषय बना हुआ है गौरतलब है।कस्ता से भाजपा विधायक सौरभ सिंह सोनू पर जानलेवा हमले के बाद लखीमपुर खीरी जिले के छह विधायकों ने शनिवार को सुबह लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि यह मुख्यमंत्री के साथ शिष्टाचार भेंट थी। जिले के विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री के साथ चर्चा हुई है।

जिसका मुख्य बिंदु गोला गोकर्णनाथ में निर्माण कराए जा रहे छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर को लेकर बात बताते चलें जिसको लेकर मुख्यमंत्री का जल्द ही लखीमपुर में दौरा भी लगेगा। उन्होंने बताया कि कस्ता विधायक के साथ हुई घटना को लेकर मुख्यमंत्री से कोई भी बात नहीं हुई है। क्योंकि इस विषय पर एक दिन पहले ही गृह सचिव से वार्ता हो चुकी है। उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया था। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात करने सदर विधायक योगेश वर्मा, धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी, श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी, निघासन विधायक शशांक वर्मा, गोला गोकर्णनाथ के विधायक अमन गिरि और कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू पहुंचे थे।विधायक सौरभ सिंह पर हमले से नाराज भाजपा के सभी विधायकों व जिलाध्यक्ष ने शुक्रवार को गृह सचिव से मुलाकात कर पुलिस की कार्यशैली की शिकायत की थी। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह व पूर्व सांसद जुगुल किशोर के नेतृत्व में विधायक पूर्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने गए थे। हालांकि उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। मुख्यमंत्री की अनुपस्थित में गृह सचिव संजय प्रसाद से मिलकर पूरी घटना बताई।

यह हुई थी घटना शिवकॉलोनी में कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू रहते हैं। वह बुधवार रात अपनी पत्नी खुशबू सिंह के साथ आवास के बाहर खाना खाकर टहलने निकले थे। इसी दौरान दो-तीन युवक उनके घर से कुछ दूरी पर शराब पी रहे थे। विधायक व उनकी पत्नी को देखकर उक्त युवकों ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। विधायक ने विरोध किया तो दबंगों ने फायरिंग कर दी।इस घटना के बाद जिले का सियासी पारा चढ़ा हुआ है।मामले की जांच के क्रम में सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी बृहस्पतिवार को जब विधायक के आवास पर पहुंचे तो वहां मौजूद विधायक के पिता पूर्व सांसद और भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जुगल किशोर भड़क गए। पूर्व सांसद ने सीओ से कहा कि आप लोग किसी काम के नहीं। न तो आप न तो आपका इंस्पेक्टर और न ही एसपी जिले में रहने लायक हैं। जिले की कानून व्यवस्था बिल्कुल बिगड़ चुकी है और पुलिस कुछ नहीं कर पा रही है।विधायक पर गोली चल गई है। दिनदहाड़े डकैती पड़ रही है। जनपद में जब जनप्रतिनिधियों पर इस तरह से फायरिंग थप्पड़ मारना आदि तरह के कांड सामने आने से कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं देखते हैं की पुलिस की हालत अधिकारी अपने पद पर जमी रहती हैं की खाकी कानून व्यवस्था की बदहाली को मुद्दा बनाकर इन पुलिस के आला अधिकारियों को को हटाने में कामयाब होगी की नहीं जो भविष्य के गर्भ में है।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में सभी तहसीलों में हुआ सम्पूर्ण समाधान



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील बिसवां में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील बिसवां में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 89 शिकायतों में से 09 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील लहरपुर में प्राप्त 43 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील सिधौली में प्राप्त 41 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 57 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील सदर में प्राप्त 26 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 36 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील महोली में प्राप्त 24 प्रार्थना-पत्रों में से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा नवनिर्मित पुलिस चौकी का किया गया भव्य उद्घाटन, क्षेत्र में फैली खुशी की लहर

जन एक्सप्रेस । राजीव दिवाकर



सीतापुर। आज पुलिस अधीक्षक जनपद सीतापुर श्री चक्रेश मिश्र द्वारा थाना महमूदाबाद की नवनिर्मित पुलिस चौकी सिरौली व पुलिस चौकी ऊँचगांव तथा थाना अटरिया की नवनिर्मित पुलिस चौकी भगौतीपुर का लाल फीता काटकर उद्घाटन किया गया। महोदय द्वारा उद्घाटन समारोह मे आये हुए नागरिकों का स्वागत एवं उन्हें धन्यवाद दिया गया। महोदय द्वारा पुलिस चौकी के महात्व को बताते हुए कहा गया कि नवीन पुलिस चौकी स्थापित हो जाने से क्षेत्र के लोगों को सुरक्षा एवं त्वरित सहायता प्रदान की जा सकेगी तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण होगा। महोदय द्वारा यातायात नियमों, साइबर फ्रॉड आदि के विषय मे जागरुक कियाा गया। साथ ही चौकी क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, भीड़भाड़ वाले इलाकों आदि में सीसीटीवी लगवाने अथवा लगे हुए सीसीटीवी को निरंतर क्रियाशील रखने के सम्बन्धित को दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद श्री वेद प्रकाश श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी सिधौली श्री कपूर कुमार, प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद श्री अनिल सिंह, प्रभारी निरीक्षक सदरपुर श्री मुकुल प्रकाश वर्मा, प्रभारी निरीक्षक सिधौली श्री बलवन्त सिंह शाही, थानाध्यक्ष अटरिया श्री रोहित दूबे, थानाध्यक्ष रामपुर कलां श्री नवनीत मिश्र एवम् अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# एडीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

जन एक्सप्रेस । बहराइच




तहसील कैसरगंज में जनसुनवाई करते एडीएम

81 मामलों में आठ का मौके पर ही हुआ निस्तारण

**कैसरगंज।** संपूर्ण समाधान दिवस तहसील कैसरगंज में अध्यक्षता कर रहे अपर जिलाधिकारी बहराइच रंजन श्रीवास्तव की मौजूदगी में संपन्न हुआ। अपर जिलाधिकारी रंजन श्रीवास्तव ने कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिया कि नहीं सभी शिकायतों का निस्तारण नियत तिथि के अंदर करें एवं संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया है कि शिकायतकर्ता से मिलकर शिकायत का मौके पर जाकर ईमानदारी के साथ निस्तारण करें एवं फर्जी रिपोर्ट लगाने से कर्मचारी परहेज करें।कैसरगंज संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 81 मामले आए जिनमें से मौके पर 8 मामलों का निस्तारण कर दिया गया शेष शिकायती पत्र को संबंधित कर्मचारियों को भेज दिया गया है एवं शख्त निर्देश दिया गया है कि नियत तिथि के अंदर गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करें इस मौके पर तहसीलदार कैसरगंज अभय राज पांडे एसडीएम न्यायिक लाल धार सिंह यादव नायब तहसीलदार ब्रह्मदिन यादव खंड विकास अधिकारी कैसरगंज पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर आदि संबंधित विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## चोरी की योजना बना रहे 02 हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । बहराइच

पयागपुर पुलिस ने एक बड़े चोर गिरोह के दो हिस्ट्रीशीटर चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों के कब्जे से चोरी करने के उपकरण भी बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने बताया कि पुलिस क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पाण्डेय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा शनिवार को थाना पयागपुर क्षेत्र के ग्राम झालातरहर के निकट रेलवे अण्डर ब्रिज पुलिया से 02 संदिग्ध युवक गिरफ्तार किए गए पूछताछ के दौरान दोनों की पहचान शिवा जी चौहान पुत्र भगौती चौहान निवासी वीरसिंह पुरवा दा0 रुकनापुर थाना पयागपुर जनपद बहराइच तथा धर्मेन्द्र पाण्डेय पुत्र त्रिवेणी पाण्डेय निवासी बड़कागांव दाखिला अमदापुर थाना पयागपुर जनपद बहराइच के रूप में हुई। गिरफ्तार दोनों उपयुक्त थाना पयागपुर के हिस्ट्रीशिटर हैं। पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि वह किसी बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे उसी समय उन्हें गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से एक कटर, एक शब्बल, एक पिलास, एक टार्च व एक चाभी का गुच्छा बरामद किया गया।

# पर्यटन विभाग ने हेलीपैड के लिए आवंटित भूमि को नकारा

जन एक्सप्रेस । अजय त्रिपाठी

■ टल गया कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग को हवाई सेवा से जोड़ने का प्रस्ताव, अब नए सिरे से भूमि की तलाश तेज

**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग को देश के विभिन्न महानगरों से हवाई सेवा से जोड़ने के लिए कारीकोट गांव में हेलीपैड निर्माण के लिए जमीन चिन्हित की गई थी। लेकिन सड़क मार्ग ठीक न होने के चलते पर्यटन विभाग ने रद्द कर दिया है। अब नए सिरे से भूमि की तलाश की जा रही है। लेकिन अभी तक हेलीपेड निर्माण के लिए उपयुक्त जमीन की तलाश नहीं हो सकी है।

प्रदेश सरकार की ओर से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दुधवा नेशनल पार्क के साथ कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग को हवाई मार्ग से जोड़ने के लिए कवायद लगभग तीन वर्ष पूर्व शुरू की थी। जिससे लखनऊ और अन्य महानगरों के पर्यटक कम समय में आसानी से जंगल का भ्रमण हवाई मार्ग से कर सकें। इसका लाभ लखीमपुर जिले के लोगों को मिला है। लखीमपुर खीरी में स्थित दुधवा नेशनल पार्क को पर्यटन की हवाई सेवा से जोड़ दिया गया है। वहां हवाई यात्रा शुरू कर दी गई है।

इसी तरह जिले में स्थित कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग को भी हवाई मार्ग से जोड़ने के लिए हैलीपेड निर्माण के लिए मोतीपुर तहसील के ग्राम कारीकोट में जमीन चिन्हित की गई थी। लेकिन कारीकोट से जंगल आने जाने तक की सड़क सुविधा बेहतर नहीं है। इसके चलते पर्यटन विभाग ने कारीकोट गांव में हेलीपैड निर्माण कार्य रद्द कर दिया है। ऐसे में अब तहसील प्रशासन की ओर से दूसरे क्षेत्र में हेलीपैड निर्माण के लिए जमीन की तलाश की जा रही है।

उपजिलाधिकारी ने बताया कि कारीकोट गांव जमीन तलाश कर जिला प्रशासन के माध्यम से शासन को भेजा गया था। लेकिन जमीन के आसपास बेहतर मार्ग न होने के चलते हेलीपैड निर्माण नहीं शुरू हुआ। साथ ही जमीन को हेलीपैड निर्माण के लिए उपयुक्त न मानते हुए पर्यटन विभाग ने प्रस्ताव को रद्द कर दिया है। ऐसे में कतर्नियाघाट को हवाई मार्ग से जोड़ने के लिए जिले के लोगों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। उपजिलाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि हेलीपैड निर्माण के लिए 90 बीघा जमीन की तलाश है। पहले के प्रस्ताव को पर्यटन विभाग ने रद्द कर दिया है। ऐसे में इतनी जमीन एक ही स्थान पर हो, इसके लिए तहसील के सभी ग्राम पंचायतों में स्थित जमीन की जांच की जा रही है।

इस संबंध में कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी बी शिवशंकर का कहना है कि कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग को हवाई मार्ग से जोड़ने की कवायद चल रही है। हवाई मार्ग के लिए हेलीपेड निर्माण की जमीन तहसील प्रशासन देगा। विभाग को सिर्फ जंगल की दूरी की रिपोर्ट बनाकर भेजनी रहेगी। कारीकोट गांव जंगल से दूर है। जिसकी एनओसी दे दी थी, लेकिन पर्यटन विभाग ने उस जमीन को उपयुक्त नहीं माना है।

## डीएम व एसपी खीरी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

जनपद के प्रत्येक तहसील स्तर पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी खीरी, दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा द्वारा तहसील मोहम्मदी पर उपस्थित रहकर सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की गई।

इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रो का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने तथा जिन प्रार्थना पत्रो का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया।

इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल की तहसीलों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराया गया।

# व्यापार मण्डल सिंगाही में निर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ



जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी

स्थानीय कस्बे सिंगाही के मैरिज हाल में शुक्रवार को नवनिर्वाचित व्यापार मंडल सिंगाही के पदाधिकारियों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह हुआ। कार्यक्रम में जनपद से जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता, जिला महामंत्री उमेश शुक्ला सहित विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में पदाधिकारी शिरकत किए थे। शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सजंय गुप्ता ने कहा यहां व्यापार मंडल के शपथग्रहण समारोह में उपस्थित भीड़ व्यापारियों की मजबूती को दर्शा रही। विशिष्ट अतिथि व्यापार मंडल जिला महामंत्री शुक्ला ने कहा कि संगठन में शक्ति होती हैं। इसकी बदौलत ही बड़ा मुकाम हासिल किया जा शपथ ग्रहण समारोह सकता हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यापारी के लिए परिवार की तरह व्यापार भी एक नैतिक जिम्मेदारी हैं। सरकार के नए नियम, कानून की सबको जानकारी रखनी होगी। इससे शोषण नहीं होगा। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष सजंय गुप्ता ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव गुप्ता, महामंत्री रतनेश सिंह कोषाध्यक्ष ऋश्वभ जैन का शपथग्रहण कराया। इसके अलावा अन्य लोगों ने शपथ ग्रहण की। इस दौरान सुनील बत्रा, जिनेन्द्र जैन, सभासद राहुल गुप्ता, बालकुमार मौर्य, सजंय मौर्य, मोहम्मद वर्मा, नन्द पाल अग्रवाल, राजेंद्र जावेद, शेलेन्द्र गुप्ता, आज़म अल्वी आदि मौजूद रहे।

## घर में घुसकर महिला से पड़ोसी ने हजारों के जेवरात छीने

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी। थाना क्षेत्र में रात में महिला के घर में घुसकर कर पडोसी ने जोर जबरदस्ती कर नकदी समेत हजारो के जेवर छीन लिए महिला ने घटना की तहरीर सिंगाही पुलिसु को दी है। बीते शुक्रवार की रात शुमार देवी पत्नी लायक राम निवासी रामनगर विरान शीतलापुर शुक्रवार की शाम अपने मायके से एक कार्यक्रम में शामिल होकर आयी थी शादीशुदा महिला ने कीमती सोने चांदी के जेवर पहन रखे थे महिला सारे शाम जब अपने घर पहुंची तो पड़ोसी सियाराम पुत्र खुशी राम निवासी रामनगर ग्राम पंचायत शीतलपुर उसके घर में पहुंच गया और पूछा कि कहां गई थी महिला ने बताया कि वह मायके के कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए गई थी हाल-चाल जानकर सियाराम वहां से वापस चला गया रात के ठीक 11बजे वह महिला के घर में घुस गया और और उसकी पर्स में रखे सोने के झाला 500 निकाल लिए इसी बीच खटपट की आवाज सुनकर महिला जग गई और दोनों में हाथों अपनी होने लगी महिला ने बताया है कि छीना झपटी में सियाराम को चोट आयी है उसके चेहरे और गले पर टूटी चूड़ियों के खरोच के निशान भी हैं।

# धूमधाम से निकली गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर शोभायात्रा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी





गुरु गोविंद सिंह महाराज के 358वें प्रकाश उत्सव पर सिख समुदाय ने भव्य नगर कीर्तन निकाला। गुरुद्वारा से शुरू हुई यह शोभायात्रा पूरे कस्बे में घूमी और सतनाम वाहेगुरु के जयकारों से भीरा कस्बा गूंज उठा। हजारों की संख्या में श्रद्धालु, छोटे बच्चे, महिलाएं और पुरुष, गुरु वाणी गाते हुए इस यात्रा में शामिल हुए।शहर की सड़कों पर दिखा आस्था का दृश्य नगर कीर्तन सिंह गुरुद्वारा से शुरू होकर बीपी कॉलोनी, श्री गुरु गोविंद सिंह पार्क, रेलवे स्टेशन रोड, सिविल लाइन थाना, पुराना बस अड्डा और गन्ना समिति होते हुए वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंचा। रास्ते भर संगत ने गुरु महाराज के चरणों में श्रद्धा अर्पित की।नगर कीर्तन के दौरान गुरु तेग बहादुर साहिब के शहीदी दिवस को भी श्रद्धा से मनाया गया। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के आगे माथा टेककर गुरु महाराज का आशीर्वाद लिया।

# घर में घुसकर महिला के पड़ोसी ने हजारों के जेवरात छीने

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी



थाना क्षेत्र में रात में महिला के घर में घुसकर कर पडोसी ने जोर जबरदस्ती कर नकदी समेत हजारो के जेवर छीन लिए महिला ने घटना की तहरीर सिंगाही पुलिसु को दी है। बीते शुक्रवार की रात शुमार देवी पत्नी लायक राम निवासी रामनगर विरान शीतलापुर शुक्रवार की शाम अपने मायके से एक कार्यक्रम में शामिल होकर आयी थी शादीशुदा महिला ने कीमती सोने चांदी के जेवर पहन रखे थे महिला सारे शाम जब अपने घर पहुंची तो पड़ोसी सियाराम पुत्र खुशी राम निवासी रामनगर ग्राम पंचायत शीतलपुर उसके घर में पहुंच गया और पूछा कि कहां गई थी महिला ने बताया कि वह मायके के कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए गई थी हाल-चाल जानकर सियाराम वहां से वापस चला गया रात के ठीक 11बजे वह महिला के घर में घुस गया और और उसकी पर्स में रखे सोने के झाला ?500 निकाल लिए इसी बीच खटपट की आवाज सुनकर महिला जग गई और दोनों में हाथों अपनी होने लगी महिला ने बताया है कि छीना झपटी में सियाराम को चोट आयी है उसके चेहरे और गले पर टूटी चूड़ियों के खरोच के निशान भी हैं चीखने चिल्लाने की आवाज शंकर पड़ोसी भी एकत्रित होने लगे तो वह पर्स छोडकर पांच सौ रूपये और झाला लेकर भाग गया महिला ने सिंगाही पुलिस को दी तहरीर।

# नगर विकास राज्यमंत्री द्वारा आंख अस्पताल में नेत्र शिविर का उद्घाटन किया गया

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




आज नेत्र शिविर का आयोजन ऑख अस्पताल सीतापुर में किया गया, जिसका उद्घाटन नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू जी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर मंत्री जी ने नेत्र शिविर में मरीजों को वितरित किये जाने वाले चश्मों एवं दवाओं के स्टॉल का अवलोकन किया। इस शिविर में कुल 377 मरीज देख गये, जिसमें 111 मरीज भर्ती किये गये, जिसमें आयुष्मान कार्ड के 52 मरीज तथा 110 मरीजों को चश्मा वितरित किया गया। साथ ही 132 मरीजों को दवाएं भी वितरित की गयीं। शिविर के आयोजन के दौरान डा0 आकांक्षा दास, कैम्प मैनेजर अमित सिंह, कैम्प आर्गेनाइजर विजेन्द्र सिंह एवं राम किशोर शुक्ला सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

निविदा सूचना सं. 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा–03 दिनाँक 03.01.2025

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | प्रोविशन ऑफ एस.एस. मेटल ट्रफ बिलो आर.एम.पी.यू. इन प्लेस ऑफ एफ.आर.पी. ट्रफ इन्क्लूडिंग स्ट्रिपिंग वर्क फॉर 250 कोच सेट। |
| 2 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 3 | अनुमानित लागत | रू. 3,59,70,440.00 मात्र |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 5 | बिड सिक्युरिटी | रू. 3,29,900 /– मात्र |
| 6 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 01 वर्ष। |
| 7 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 17.01.2025 से 31.01.2025 समय 15.00 बजे तक। |
| 8 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 9 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

47/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एंटी करप्शन की मनमाने गिरफ्तारी को लेकर लेखपाल संगठन ने तहसील परिसर में दिया धरना

## चाय पीते व घर जाते समय बुलाकर गिरफ्तार कर लेती एंटी करप्शन

- राजस्व कर्मियों का आरोप-अनैतिक दबाव एवं नियम विरुद्ध बात न मानने पर हो रहा है राजस्व कर्मियों का उत्पीड़न

जन एक्सप्रेस । 000



कैम्पियरगंज तहसील परिसर में शनिवार को राजस्व लेखपाल संगठन के बैनर तले राजस्वकर्मियों ने नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ कर अपना आक्रोश व्यक्त किया तथा तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह को मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।

धरने को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ताराचंद यादव, मंत्री प्रिंस कुमार जायसवाल ने कहा कि एण्टीकरप्शन द्वारा झूठे मामले बना कर दर्जनों राजस्व कर्मियों को जबरन गिरफ्तार किया जा रहा है जिससे राजस्व कर्मियों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि कुछ छुटभैया दलालों द्वारा राजस्व कर्मियों पर मनमानी काम करने को लेकर अनैतिक दबाव बनाया जाता है और जब कोई भी राजस्व कर्मचारी उनके अनुसार नियमों के विरुद्ध कार्य करने को तैयार नहीं होता है तो वह एण्टीकरप्शन को बुलाकर जबरन रुपए जेब में डाल कर गिरफ्तारी कराने का काम किया जा रहा है। जबकि एण्टीकरप्शन को सबकुछ पता होता कि मामला ग़लत है फिर भी वह अपने टारगेट पूरा करने को लेकर राजस्व कर्मियों को जबरन रुपए हाथ में रखकर फोटो और वीडियो बनवाया जाता है और बिना किसी भ्रष्टाचार हुए तत्काल लेखपाल एवं अन्य राजस्व विभाग के कर्मियों की गिरफ्तारी की जाती है। राजस्व कर्मियों को कभी दुकान पर चाय पिलाने के बहाने बुलाकर तो कभी घर जाते समय एण्टीकरप्शन टीम गिरफ्तार कर लेती है। उन्होंने कहा कि कभी कभी तो कुछ लोग अनपढ़ बनकर अपने रुपए को लेखपाल के हाथ में देकर उसे गिनती करने का अनुरोध करते हैं और जैसे ही कोई राजस्व कर्मचारी उस व्यक्ति की मदद करता है तो उसी समय तत्काल एण्टीकरप्शन द्वारा झूठे मामले बना कर गिरफ्तार कर लिया जा रहा है। अगर इसी तरह से एण्टीकरप्शन द्वारा झूठे मामले में कार्रवाई की जायेगी तो आने वाले दिनों में कोई किसी की मदद करने को तैयार नहीं होगा।

धरने पर राजस्व निरीक्षक रमाशंकर,जद्दू सिंह,भगवन्त प्रसाद,अजय गुप्ता, अर्जुन प्रसाद, लेखपाल संघ उपाध्यक्ष विनीत कुमार सिंह, वरिष्ठ पदाधिकारी गिरजा दत्त पाण्डेय, हेमन्त शुक्ल,दिवाकर वर्मा, सुधीर मिश्रा, मोहित नायक,योगेन्द्र प्रताप सिंह,अमन भूषण, प्रवीण पाण्डेय,अमर भारती, सत्यानंद, संजय सिंह,गुरुबिंदर सिंह माधवी त्रिपाठी, संगीता, सुलेखा, कंचन दूबे,सहित दर्जनों लेखपाल एवं राजस्व कर्मी उपस्थित थे।

# डीएम की अध्यक्षता में भाटपाररानी तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । देवरिया



जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में तहसील भाटपाररानी के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने जनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवादों का समाधान तथा सार्वजनिक भूमि पर अवैध अतिक्रमणों को हटाना प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। लेखपाल अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहें और भूमि विवाद से जुड़ी समस्याओं का समाधान करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन मामलों का समाधान नहीं हो सका है, उन्हें समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारित किया जाए।

पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की और पुलिस अधिकारियों तथा थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का त्वरित समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 125 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 68 राजस्व विभाग, 33 पुलिस विभाग, 2 विकास विभाग, 2 शिक्षा विभाग, 1 स्वास्थ्य विभाग, और 19 अन्य विभागों से संबंधित थे। मौके पर 15 शिकायती प्रार्थना पत्रों का समाधान किया गया, जबकि शेष 110 मामलों को संबंधित विभागों को समाधान हेतु सौंपा गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी, खंड विकास अधिकारी और थानाध्यक्षों की उपस्थिति रही।

# विशाल यादव के बल्ले से बैकुंठपुर टीम ने जीता फाइनल मुकाबला

जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर/महराजगंज




रॉयल क्रिकेट क्लब उदितपुर के आयोजन में फाइनल मुकाबला में बैकुंठपुर की टीम ने मैच जीतकर प्रथम विजेता एवं ट्राफी पर कब्जा कर लिया।यह मुकाबला बहुत ही रोमांचक रहा जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शकों की भीड़ उमड़ी थी। शनिवार को फरेंदा एवीएम इंटर कॉलेज उदितपुर के प्रांगण में धानी ढाला व बैकुंठपुर की टीम के बीच खेला गया।जिसमें धानी ढाला की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 105 रन बनाकर बैकुंठपुर की टीम को जीत के लिए 106 रन लक्ष्य रखा। बैकुंठपुर की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए अपने लक्ष्य को निर्धारित कर 106 रन 11 ओवर में बनाकर आठ विकेट से फाइनल मैच जीतकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया और धानी ढाला की टीम ने हार का सामना करना पड़ा।विशाल यादव ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 32 गेंद पर 64 बनाकर बैकुंठपुर को विजयी दिलाया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक फरेंदा शिवेंद्र सिंह चौधरी व विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन राजेश जायसवाल रहें। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीम को ट्राफी व पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। विजेता टीम को 11 हजार व उपविजेता टीम को 6000 हजार का पुरस्कार देकर हौसला अफजाई किया।इस दौरान आयोजनकर्ता गोलू जायसवाल, कमैनट्रिकर्ता सूरज अग्रहरि, ग्राम प्रधान उपेंद्र सहानी,अम्बरीश राव, विकास दूबे, शक्ति, सोनू, दुर्गेश चौधरी, अविनाश प्रताप सिंह सहित अन्य दर्शक मौजूद रहें।

## सूरज की रोशनी से चमका मेहरौना आश्रय पद्धति विद्यालय, डीएम ने पूरा किया अपना वादा

# जिलाधिकारी की पहल पर सीएसआर फंड से एचडीएफसी बैंक ने स्थापित किया 25 केवीए का सोलर प्लांट, छात्रों ने डीएम का जताया आभार

जन एक्सप्रेस । देवरिया

जिले के मेहरौना स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय के छात्र अब बिजली कटौती की समस्या से मुक्त होकर निर्बाध पढ़ाई कर सकते हैं। इसकी वजह बनी जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की विशेष पहल, जिसके चलते विद्यालय परिसर में 25 केवीए की क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो सका। इसी के साथ डीएम ने छात्रों से किया अपना वादा पूरा किया। बता दें कि गत वर्ष अगस्त माह में जब जिलाधिकारी ने विद्यालय का निरीक्षण किया था, तो छात्रों ने असमय बिजली कटौती से पढ़ाई बाधित होने की शिकायत की। इस पर डीएम ने तुरंत समस्या की गंभीरता को समझा और समाधान का वादा किया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने इस समस्या के समाधान के लिए निजी स्तर पर पहल करते हुए एचडीएफसी बैंक से संपर्क किया। बैंक ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र) के तहत विद्यालय परिसर में 25 केवीए का सोलर प्लांट लगाने के लिए 40 लाख रुपये का योगदान दिया। इस प्लांट में कुल 45 सोलर पैनल लगे हैं, जो विद्यालय को लगातार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। सोलर पैनल की स्थापना से अब छात्रों को गर्मी के दिनों में बिजली की अनवरत आपूर्ति के साथ बेहतर अध्ययन का अवसर मिलेगा। डीएम ने इस प्रयास में सहयोग देने वाले राजस्व विभाग, एचडीएफसी बैंक और विद्यालय प्रशासन के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा से संबंधित उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। अब छात्र बिना किसी विघ्न के अपनी पढ़ाई में जुट सकेंगे। जिलाधिकारी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस सुविधा का लाभ उठाकर वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि अब छात्रों का यह दायित्व है कि वे अच्छे अंक प्राप्त कर हमें गर्व महसूस कराएं। छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



### छात्रों ने जिलाधिकारी के प्रति जताया आभार

सोलर प्लांट चालू होने के बाद, छात्रों ने जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय के एक छात्र ने कहा, कि अब हमें पढ़ाई के दौरान बिजली कटने की चिंता नहीं होती। डीएम मैम ने हमारे लिए जो किया है, उसके लिए हम हमेशा उनके आभारी रहेंगे। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय, एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी, जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर सायरन बजते ही मची अफरा तफरी, महाकुंभ खिचड़ी मेले को लेकर हुई मॉक ड्रिल

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर अचानक भगदड़ की खबर ने लोगों को सकते में डाल दिया। सायरन बजाती एम्बुलेंस और आपदा प्रबंधन की गाड़ियां तेजी से स्टेशन की ओर दौड़ीं। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लेकिन कुछ ही देर बाद साफ हो गया कि यह कोई असली घटना नहीं, बल्कि रेलवे और आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित मॉक ड्रिल का हिस्सा था।

### आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर संतोष

मॉक ड्रिल के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। गौतम गुप्ता ने बताया कि ड्रिल के दौरान सभी विभागों ने बेहतरीन समन्वय दिखाया। इस अभ्यास से पता चला कि आपदा की स्थिति में टीमें कितनी तेजी से प्रतिक्रिया दे सकती हैं।

### महाकुंभ और खिचड़ी मेले के लिए तैयारियों की जांच

महाकुंभ और खिचड़ी मेले के दौरान लाखों श्रद्धालु गोरखपुर स्टेशन से यात्रा करते हैं। ऐसे में किसी आपदा की स्थिति से निपटने के लिए रेलवे और जिला प्रशासन ने यह मॉक ड्रिल आयोजित की। मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपात स्थिति में विभागों के बीच तालमेल और बचाव कार्य की तत्परता का आकलन करना था। जिला आपदा विशेषज्ञ गौतम गुप्ता ने बताया कि सुबह स्टेशन पर भगदड़ की सूचना प्रसारित की गई थी। इसके बाद आपदा विभाग और रेलवे की टीमें तत्काल सक्रिय हो गईं। मॉक ड्रिल के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि फ्घायल यात्रियोंफ्र को तेजी से निकाला जाए और सभी सुरक्षा उपायों का पालन हो।

### यात्रियों और कर्मचारियों को जागरूक करने की कोशिश

ड्रिल के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों और कर्मचारियों को आपातकालीन स्थितियों में सतर्क रहने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की जानकारी दी।

### रेलवे की सहायता यान और उपकरणों की जांच

ड्रिल के दौरान रेलवे की दुर्घटना सहायता यान भी स्टेशन पहुंची। यान में मौजूद सभी उपकरणों की जांच की गई और यह देखा गया कि जरूरत पड़ने पर उनका इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है। मॉक ड्रिल के दौरान आपदा प्रबंधन और रेलवे टीमों ने मिलकर अपनी रणनीतियों को परखा।

### आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर संतोष

मॉक ड्रिल के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। गौतम गुप्ता ने बताया कि ड्रिल के दौरान सभी विभागों ने बेहतरीन समन्वय दिखाया। इस अभ्यास से पता चला कि आपदा की स्थिति में टीमें कितनी तेजी से प्रतिक्रिया दे सकती हैं।

### अभ्यास से मिली सीख

मॉक ड्रिल के बाद रेलवे और आपदा प्रबंधन विभाग ने इस अभ्यास की समीक्षा की। इसमें सामने आया कि कुछ क्षेत्रों में सुधार की गुंजाइश है, जैसे सूचना के प्रसार की गति और उपकरणों की तत्परता। अधिकारियों ने भरोसा जताया कि ऐसे अभ्यासों से भविष्य में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। यह मॉक ड्रिल महाकुंभ और खिचड़ी मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों का हिस्सा है। प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी इस तरह के अभ्यास किए जाएंगे ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहा जा सके।

## सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस/आनन्दनगर/महराजगंज। सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन शनिवार को प्रारम्भ हुआ। बैकुंठपुर ग्राम पंचायत में अभिनव विद्या मंदिर इण्टर कालेज उदितपुर का सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शुभारंभ हुआ। इस शिविर कार्यक्रम को प्रधानाचार्य डाक्टर सतीश नारायण पाण्डेय ने हरी झण्डी दिखाकर समूह को रवाना किया। समूह अपने टोली के साथ भगवत नगर परसिया के राम जानकी मंदिर पर पहुंचा उसके पश्चात गायत्री मंदिर पर पहुंचे वहां से होते हुए आगे बढ़े और निर्धारित स्थान ग्राम पंचायत बैकुण्ठपुर पहुंचीं। जहां कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम प्रधान उपेन्द्र सहानी ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया। साथ में पूर्व कार्यक्रम अधिकारी कृष्णा कुमार भी उपास्थित रहें। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व प्रबन्धक शेषनारायण पाण्डेय ,उपप्रधानाचार्य महेन्द्र सिंह कुशवाहा, कार्यक्रम आधिकारी श्रीकिशुन राम, राजेन्द्र प्रसाद एवं छात्रों में भोलेनाथ, विपिन, शैलेंद्र कुमार छात्रओं में रीना, प्रीती , यादव, नेहा इत्यादि साथ ही विजय कुमार गुरुंग आदि उपस्थित रहे।

# खाद्यान्न वितरण में मिली गड़बड़ी तो होगी कड़ी कार्रवाई-डीएम

जन एक्सप्रेस । देवरिया

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि शासन के मंशानुरूप जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं द्वारा आवश्यक वस्तुओं का वितरण करते समय कार्डधारकों का ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण करते हुए, ई-वेजिंग मशीन से तौल कर खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित किया जाता है। जिलाधिकारी ने बताया कि यह संज्ञान में आया है कि कुछ उचित दर विक्रेताओं द्वारा वितरण के दौरान ई-वेजिंग मशीन पर अनधिकृत रूप से बाट, पत्थर अथवा ईंट रखकर खाद्यान्न की तौल की जाती है। इससे कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न प्राप्त होता है। उचित दर विक्रेताओं का यह कृत्य उत्तर प्रदेश आवश्यक वस्तु अधिनियम (वितरण एवं विनियमन) आदेश, 2016 की विभिन्न धाराओं का स्पष्ट उल्लंघन है और शासन की मंशा के विपरीत है।



### वितरण के दौरान उचित दर दुकानों पर उपस्थित रहे विभागीय जिम्मेदार

डीएम ने जनपद के सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में उचित दर विक्रेताओं द्वारा खाद्यान्न के वितरण पर सतर्क दृष्टि रखें। साथ ही, उचित दर दुकानों पर तैनात अपने अधीनस्थ नोडल/पर्यवेक्षणीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दें कि वितरण के समय वे दुकान पर उपस्थित रहकर यह सुनिश्चित करें कि कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा में नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण हो।

### डीएम ने डीएसओ को दिया सख्त निर्देश, उपभोक्ताओं को नहीं मिले राशन कम

जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्र में उचित दर विक्रेताओं के वितरण कार्य पर कड़ी निगरानी रखें। यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में कोई विक्रेता कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न न दें। पर्यवेक्षणीय अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि वितरण प्रक्रिया के दौरान खाद्यान्न की तौल कार्डधारकों से दूर किसी कमरे के अंदर न की जाए। खाद्यान्न की तौल कार्डधारकों के सामने ही होनी चाहिए। उक्त निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# गरीबों व वंचित वर्ग कल्याण को समर्पित है भाजपा सरकार - राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम

जन एक्सप्रेस । देवरिया



उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को साकार करते हुए ग्राम्य विकास राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने विकास खंड लार के विभिन्न गांवों में कंबल वितरण कर जरूरतमंदों की सहायता की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने निपानिया चौराहा, मालकौली हरिजन बस्ती, विशुनपुरा दलित बस्ती, रेवली और भेवली गांवों का दौरा कर सैकड़ों लोगों को कंबल वितरित किए राज्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, ÷प्रदेश सरकार गरीब और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सर्दी के मौसम में ठंड से बचाव के लिए हर जरूरतमंद तक मदद पहुंचाने का हमारा संकल्प है। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और जनता से अपील की कि वे योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए दिन-रात काम कर रही है।इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान और प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने राज्यमंत्री के इस संवेदनशील कदम के लिए आभार व्यक्त किया और इसे ठंड के मौसम में बड़ी राहत बताया।

## पुलिस ने तीन युवकों को तमंचे के साथ किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । पनियरा/महराजगंज

शनिवार को दिन में करीब दो बजे पनियरा थानाक्षेत्र के सुचितपुर बघौना गाँव के बंगला टोले के तीन युवकों को तमंचे के साथ मछली गाँव चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है, प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों युवक मुकेश कुमार व मनीष व अज्ञात सुचितपुर बघौना गाँव के बंगला टोले के निवासियों को मछलीगाँव पुलिस चौकी क्षेत्र में तमंचे के साथ घूम रहे थे जिन्हें स्थानीय पुलिस ने धर दबोचा, इस सम्बन्ध में चौकी प्रभारी मछली गाँव रुद्र प्रताप सिंह एवं थानाध्यक्ष कैम्पियरगंज पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि दोनों युवकों को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया गया है और पूछताछ जारी है, उचित कार्रवाई की जाएगी।

# नव वर्ष पर सफाई कर्मियों ने एडीओ व बीडीओ को पुष्प गुच्छ भेंट कर किया अभिवादन

जन एक्सप्रेस । गोला गोरखपुर



नव वर्ष को खास तथा यादगार बनाने के लिये नव वर्ष की बेला पर विकास खण्ड गगहा के सफाई कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में तथा ब्लॉक के अन्य पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों के सोच और प्रयास से शनिवार के दिन एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।जिसमें कर्मचारियों ने सामूहिक तौर पर एडीओ एवं बीडीओ को माल्यार्पण के पश्चात डायरी व गुलदस्ता देकर सप्रेम भेंट किया। भेंट प्राप्त करने के पश्चात बीडीओं एजाज अहमद ने सभी को नव वर्ष की शुभकामना देने के बाद धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि आप लोग अपने समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा से पंचायती राज के अहम स्तंभ बन गये है और हम आगे भी चाहेगे कि आप सभी इसी तरह अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें ताकि अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच आपसी सामंजस्य बना रहे। एडीओ पंचायत बिकाउं प्रसाद ने भी सभी को नव वर्ष की बधाई देते हुये मंगलमय कामना के साथ कहा कि आप सभी ने समय-समय पर अहम मोर्चों पर अपने कार्यो का जिम्मेदारी पूर्वक क्रियान्वयन किया है और आगे भी इसी तरह करने के लिये तत्पर रहना पड़ेगा ताकि लोगो की धारणा और विश्वास आप लोगो के प्रति कायम हो सके। इस दौरान ब्लॉक महामंत्री अजय कुमार,संप्रेक्षक श्रवण कुमार,कोषाध्यक्ष सरोज देवी,महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रविन्द्र प्रसाद,ब्लॉक कर्मचारी अमरजीत,सुरेश, तथा रामसुमेर राना,रामप्रकाश,सुनील शाही,सुभाष गोंड,अमरजीत, खण्ड प्रेरक अनिल गुप्ता एवं अभिषेक दूबे,कम्प्यूटर आपरेटर प्रभुनाथ चौरसिया व ब्रजेश गुप्ता के साथ ब्लॉक के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनपद की सभी तहसीलों में हुआ समाधान दिवस का आयोजन

## जिलाधिकारी ने फरियादियों के शिकायती पत्रों को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का संबंधित अधिकारियों को दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद में जनसमस्याओं के निराकरण हेतु संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सभी तहसीलों में किया गया।

तहसील भीटी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।तहसील दिवस में जो भी शिकायत आए उनका निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें।तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यालय प्रत्येक दिन समय से खुले। कार्यालय में जो भी लाभार्थी/नागरिक आए उनसे अच्छा व्यवहार किया जाए। उनके लिए पीने के लिए पानी तथा बैठने की व्यवस्था किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जमीनी विवाद सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके।

तहसील भीटी में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 63 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मौके पर 05 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया तथा शेष 58 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया कि शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस दौरान मौके पर डीएफओ डॉ उमेश तिवारी,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राज कुमार ,उप जिलाधिकारी तथा जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

तहसील जलालपुर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी जलालपुर के समक्ष कुल 86 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।जिसमे से 05 शिकायती प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारित कर दिया गया तथा शेष 81 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

तहसील टांडा में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी तथा उप जिलाधिकारी टांडा के समक्ष 29 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।जिसमें से 3 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारित करा दिया गया। शेष 26 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

तहसील आलापुर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी आलापुर के समक्ष कुल 84 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई। जिसमें से 6 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारण कर दिया गया।शेष 78 शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्राप्त करा दिया गया।

तहसील अकबरपुर मे संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी अकबरपुर के समक्ष कुल 57 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।जिसमें से 4 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारण करा दिया गया तथा शेष 53 शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए।

## डिविजनल सर्च एग्जामिनेशन में मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम

**तुलसीपुर बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में तहसील मुख्यालय तुलसीपुर के आदि शक्ति माँ पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने डिवीजन टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन में अपना परचम लहराया है। इस परीक्षा में विद्यालय के जूनियर वर्ग (कक्षा 6 से कक्षा 8 तक) में चार बच्चों ने मध्यम वर्ग से ( कक्षा 9 से कक्षा 10) 6 बच्चों ने तथा सीनियर वर्ग (कक्षा 11 से कक्षा 12) से 6 बच्चों ने अपना नाम दर्ज कराया है परीक्षा के इस परिणाम से विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर डीपी सिंह ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में पाठ्यक्रम के अलावा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी बच्चों को तैयार कर जाता है। इस परीक्षा का परिणाम विद्यालय के अन्य बच्चों को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# जनपद में नहीं रुका रहा है पंचायत भवनों में चोरी का सिलसिला

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

- पूर्व में भी कई पंचायत भवनों को चोरों ने बनाया हैअपना निशान नहीं हो सका अभी तक खुलासा

जनपद के जलालपुर के दाउदपुर पंचायत भवन में बीती रात चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़कर हजारों का सामान पार कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी रिकॉर्डिंग खंगाले, लेकिन चोरों की पहचान नहीं हो सकी। शिकायत पर पुलिस घटना के राज पास के लिए जांच पड़ताल में जुटी है। ठंड बढ़ने के साथ ही चोरी की घटनाएं भी बढ़ गई है। बीती रात चोरों ने दाउदपुर पंचायत भवन को अपना निशाना बनाया। चोर प्राथमिक स्कूल की बाउंड्री वॉल के रास्ते घुसकर पंचायत भवन का ताला तोड़कर ऑफिस में रखा इनवर्टर व 2 बैटरा उठा ले गए।चोर प्राथमिक स्कूल की बाउंड्री वॉल के रास्ते घुसकर पंचायत भवन का ताला तोड़कर ऑफिस में रखा इनवर्टर व 2 बैटरा उठा ले गए। प्रधान राकेश जायसवाल सुबह पंचायत भवन पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। सूचना पर डायल 112 पुलिस के साथ ही थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने पंचायत भवन की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग चेक किया। जिसमें चोर ऊपर से नीचे तक चेहरा ढके हुए दिख रहा है। लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है। सीसीटीवी रिकॉर्डिंग की असलिया जानने के लिए अकबरपुर से एक्सपर्ट बुलाया गया लेकिन वह भी चोरों की पहचान करने में असफल रहे। पुलिस आसपास में अन्य सीसीटीवी टीवी रिकॉर्डिंग के माध्यम से घटना के खुलासे के प्रयास में जुटी है।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल और कॉलेज में शनिवार को वार्षिक खेल को प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जानकारी के अनुसार 4 जनवरी 2025 को नगर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज के ग्राउन्ड में ''आरोहण खेल-कूद प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया। एनसीसी कैडेटों द्वारा बैंड बाजों के साथ मुख्य अतिथि एवं सम्मानित अतिथियों का अभिवादन करते हुए स्टेज पर लाया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एमपी तिवारी, कोषाध्यक्षा मीता तिवारी, ने आये हुए मुख्य अतिथि एवं सम्मानित अतिथियों का बैज लगाकर एवं बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय तिरंगे का ध्वजारोहण करके एनसीसी कैडेट एवं विद्यालय के सभी हाउसों के छात्र-छात्राएं मार्च पास्ट करते हुए राष्ट्रध्वज को सलामी दी एवं राष्ट्र गान ''जन गण मन'' से शुरूआत हुआ। छात्राओं ने स्वागत गीत गाया और अत्यंत सुदंर-सुदंर नृत्य प्रस्तुत किया जो दर्शको को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। कार्यक्रम में प्रातः कालीन बेला के मुख्य अतिथि प्रोफेसर जनार्दन प्रसाद पाण्डेय प्राचार्य एमएलके पीजी कालेज, बलरामपुर ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके द्वीप प्रज्ज्वलित किया। मुख्य अतिथि ने फीता काटकर तथा मशाल को प्रज्ज्वलित करके मशाल दौड़ से प्रतियोगिता प्रारम्भ हुई एवं एनसीसी के कैडेट एवं हाउस कप्तान सहित छात्रों का मार्च पास्ट हुआ। इसी क्रम में समस्त खिलाड़ियों का शपथ ग्रहण सम्पन्न हुआ । विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने दोपहर बेला के मुख्य अतिथि चौधरी रामशिरोमणि वर्मा लोक सभा सदस्य श्रावस्ती को बैज लगाकर, बुके देकर, अंगवस्त्र पहनाकर तथा मोमेन्टो देकर स्वागत किया । प्रबन्ध निदेशक ने मुख्य अतिथि से सभी खिलाड़ियो से परिचय कराया। प्रबन्ध निदेशक ने सांय बेला के मुख्य अतिथि दद्दन मिश्रा पूर्व संसद सदस्य एवं अध्यक्ष जिला पंचायत श्रावस्ती को बैज लगाकर, बुके देकर, अंगवस्त्र पहनाकर तथा मोमेन्टो देकर स्वागत किया। प्रबन्ध निदेशक ने मुख्य अतिथि से सभी खिलाड़ियो से परिचय कराया।

# एमएलके कॉलेज सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन


**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम हॉल में शनिवार को जेनस इनीशिएटिव्स की ओर से स्कॉलरशिप वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, कार्यक्रम अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे, वनस्पति विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन, प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ आयोजक डॉक्टर पंकज कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन एवं मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। जानकारी के अनुसार 4 जनवरी को एमएलके पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम हॉल में जेनस इनीशिएटिव्स द्वारा आयोजित छात्रवृत्ति वितरण एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हृदय रोग विशेषज्ञ जेनस इनीशिएटिव्स के संस्थापक डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ चरक हार्ट इंस्टिट्यूट लखनऊ ने कहा कि दुनिया में जो व्यक्ति कठिन परिश्रम करता है सफलता उसी का कदम चूमती है। उनका मानना है कि मध्यम वर्गीय परिवार या गरीब परिवारों के लिए एक अच्छे स्कूल में पढ़ाई का खर्च उठाना मुश्किल हो रहा है यह छात्रवृत्ति उन जरूरतमंद बच्चों को दी जाती है जो पढ़ने में अच्छे एवं कमजोर वर्ग से आते हैं पैसों की कमी से प्रतिभावान छात्रों की पढ़ाई नहीं रुकेगी संस्था द्वारा 12वीं पास छात्रों को ?12000 सालाना स्कॉलरशिप दिया जाता है इसी अंतर्गत आज बलरामपुर के एम एल के डिग्री कॉलेज बलरामपुर में छात्रवृत्ति प्रदान करते हुए कही गई ।जिसमें 2 नए 8 पुराने बच्चों को छात्रवृत्ति दी। मुख्य अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा इस स्कॉलरशिप का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान करना कि वे अपने आगे की पढ़ाई और बेहतर ढंग से कर सके। मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डॉ राजेश चतुर्वेदी ने कहा कि कठोर परिश्रम एवं कड़ी मेहनत मनुष्य का असली धन होता है। बिना कठिन परिश्रम के सफलता पाना असंभव है। बच्चे इस स्कॉलरशिप के महत्व को समझें और अच्छी पढ़ाई कर उच्च पद पर अग्रसर हो आगे चलकर वह भी ऐसे किसी की जरूरतमंद की हेल्प करें ।

# तहसील उतरौला में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रभावी निराकरण हेतु डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में उतरौला में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान डीएम द्वारा जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया एवं कतिपय शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाने को निर्देशित किया गया। भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े मामलों में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि शिकायतें के निस्तारण में गलत रिपोर्टिंग पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार ,जिला विकास अधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट जोन/ | लखनऊ–उ०रे० ०रे०उ/वाणिज्य–मण्डल– |
| नीलामी सूची सं० ० लॉट सं/ | 14235-SLR-F2-BSB-BE-22-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.01.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.01.2024 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं० ० लॉट सं/ | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.01.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.01.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं० ० लॉट सं/ | 14262-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.01.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.01.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं० ० लॉट सं/ | 14205-SLR-F2-AYC-DLI-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.01.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.01.2025 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं० ० लॉट सं/ | 22417-SLR-F2-BSB-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.01.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.01.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं० ० लॉट सं/ | 14224-SLR-F2-BSB-RGD-23-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.01.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.01.2025 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं० ० लॉट सं/ | 12231-SLR-R1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.01.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.01.2025 at 13:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं० ० लॉट सं/ | 14262-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.01.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.01.2025 at 13:40 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

No.: C/SLR Leasing contract-2019/KS Date:- 03.01.2025 42/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# लॉयंस क्लब स्पार्कल सुरभि ने चौथा स्थापना दिसव मनाया

- दो कन्याओं की शादी का सामान देकर किया सेवा कार्य, 10 नए सदस्यों का हुआ आगमन

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



लॉयंस क्लब स्पार्कल सुरभि का चौथा स्थापना कार्यक्रम होटल ग्रांड में आयोजित हुआ। जिसमें 10 नए सदस्यों का आगमन हुआ। कार्यक्रम में दो कन्याओं की शादी का सामान देकर सेवा कार्य किया गया। जिसमें पलंग, गद्दा, तकिया, अलमारी, पानी की टंकी, वाशिंग मशीन, कुर्सी-मेज, रजाई, कम्बल, प्रेस, गर्म कपड़े, डिनर सैट आदि दिये गये। इन दोनों कन्याओं की शादी में 2.75 लाख का सामान सदस्यों द्वारा दिया गया।

क्लब के स्थापना कार्यक्रम में जिला गर्वनर एमजेएफ लायन स्वाती माथुर, प्रथम वीडीजी लायन संजीव तौमर, द्वितीय वीडीजी लायन आरएल वर्मा, पूर्व जिला एमजेएफ लायन शशि गुप्ता, मुख्य वक्ता पूर्व जिला एमजेएफ लायन, पीके जैन, योगेश कंसल, एमजेएफ लायन अतुल भार्गव, एमजेएफ लायन अजय भार्गव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष लायन राजरानी गांधी रही। मंच का संचालन एमजेएफ लायन सुषमा मंगल एवं एमजेएफ लायन उमा बंसल ने किया। लॉयंस क्लब स्पाकल सुरभि की अध्यक्ष स्नेह अग्रवाल लायन ने शिल्पा सिंघल लायन, मंजू गुप्ता को शपथ ग्रहण कराया गया। सभा में लायन संगीता सुराना, लायन पुष्पा जैन, लायन बबली बंसल, लायन कल्पना अग्रवाल आदि उपस्थित रही।

## ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज तराई।** मिशन वात्सल्य पूर्व नाम बाल संरक्षण सेवाएं के अंतर्गत गठित ब्लाक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की ने किया। बैठक में तमाम एजेंडा के तहत चर्चा किया गया। जिसमें बाल कल्याण एवं संरक्षण सीमित के पदाधिकारी व सीमित सीमित के सदस्य ने अपनी अपनी बातों को एजेंडा के तहत रखा। विकास खंड विकास अधिकारी अनूप सिंह ने तमाम बिंदुओं पर जानकारी दी। बैठक में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधित्व प्रवीण सिंह विक्की ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य है कि सरकार के तमाम योजनाओं का लोगों को लाभ मिले। इस बाल संरक्षण का मुख्य उद्देश्य है कि बच्चों की सुरक्षा संरक्षण शिक्षा व स्वास्थ्य व देखरेख की बिंदुओं पर समीक्षा की जाएगी। इसमे सभी की जिम्मेदारी होगी। सभी के सहयोग व सीमित के सहयोग से गठित अपने-अपने क्षेत्र में अच्छा कार्य करेगी। एजेंडा का मुख्य देश है कि बाल श्रम, बाल यौन शोषण पलायन ट्रैफिकिंग व बच्चों के साथ किसी भी प्रकार की क्रूरता जैसा व्यवहार न हो ये सुनिश्चित कराया जाएगा।

# भारत नेपाल सीमा पर पुलिस व एसएसबी ने की संयुक्त पेट्रोलिंग

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में शनिवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली गैसड़ी पुलिस बल द्वारा एसएसबी के साथ मिलकर जनपद में शांति सुरक्षा बनाए रखने के लिए इंडो नेपाल बॉर्डर पर संयुक्त रूप से पैदल गस्त करके शांति का संदेश दिया ।

जानकारी के अनुसार 04 जनवरी को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली गैसड़ी बलजीत राव व पुलिस बल द्वारा एसएसबी के साथ जनपद में शान्ति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखनें हेतु इंडो नेपाल बॉर्डर पर पैदल गस्त किया गया। इस दौरान इंडो नेपाल बॉर्डर से सटे गाँवों तथा बार्डर एरिया, जंगल की पगडंडियों पर निरन्तर पैदल गस्त कर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग की गयी । नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने के हेतु समय-समय पर सीमा से सटे हुए गावों के ग्राम सुरक्षा समिति व सम्भ्रान्त व्यक्तियों को मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी व गौ तस्करी, अवैध कटान व अन्य संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के बारे मे लोगों को जागरूक किया जा रहा है तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देनें के बारें मे बताया जा रहा है, जिससे पुलिस द्वारा इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके । पुलिस टीम द्वारा एसएसबी के साथ पैदल गस्त के दौरान नेपाल बॉर्डर से सटे गांव का भ्रमण कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया।

## सुचिता पूर्ण तरीके से कराई जा रही राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाएं

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज में संचालित राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाएं कड़ी व्यवस्था के बीच संपन्न कराई जा रही है । शनिवार को स्नातक के विभिन्न विषयों की परीक्षाएं संपन्न कराई गई । जानकारी के अनुसार 4 जनवरी को राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज द्वारा एमएलके पीजी कॉलेज स्नातक के विभिन्न विषयों की परीक्षाएं संपन्न कराई गई । परीक्षा केंद्र एमएलके पीजी कॉलेज में केंद्र अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय व केन्द्र समन्वयक डॉ राजीव रंजन के निर्देशन में पूरी सुचिता पूर्ण तरीके से नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराई गई । परीक्षा केंद्र के लिए पंजीकृत 33 परीक्षार्थियों में से 24 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए जबकि 9 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

# दिव्यांग महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कटिबद्ध है एनटीपीसी टांडा

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



एनटीपीसी टांडा न केवल ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में भी यह एक मिसाल कायम करता है। टांडा परियोजना अपने आसपास के ग्रामवासियों के साथ गहरे और आत्मीय संबंध बनाए रखती है। युवा कौशल विकास से लेकर महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने तक, एनटीपीसी टांडा हर पहलू में समाज के उत्थान के लिए प्रयासरत है।

इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए, एनटीपीसी टांडा ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) और गरिमा महिला मंडल के संयुक्त प्रयास से दिव्यांग महिलाओं के स्वावलंबन को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। इस अनोखी पहल में शैम्पू, साबुन, और सुगंधित मोमबत्तियाँ बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला में बड़ी संख्या में दिव्यांग महिलाओं ने भाग लिया और विभिन्न उत्पाद निर्माण के बारीक पहलुओं को आत्मसात किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था कि दिव्यांग महिलाओं को न केवल स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जाए, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी मजबूती दी जाए। यह प्रशिक्षण न केवल उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर उद्यमिता को भी बढ़ावा देगा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती संघमित्रा परिदा ने अपनी प्रेरणादायक उपस्थिति से इस आयोजन को गौरवान्वित किया। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, ÷यह कार्यशाला दिव्यांग महिलाओं के लिए एक नई शुरुआत है। यह उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने का साहस और अपने सपनों को पूरा करने का मार्ग प्रदान करेगी।÷ उन्होंने यह भी बताया कि एनटीपीसी टांडा इन महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों के विक्रय के लिए बाजार उपलब्ध कराने में हर संभव सहायता करेगा।

इस कार्यशाला का कुशल संचालन सुश्री निष्ठा सिंह, अधिकारी (सीएसआर), ने किया। गरिमा महिला मंडल और सीएसआर टीम के सामूहिक प्रयासों ने इस कार्यक्रम को एक प्रेरणादायक पहल बना दिया।

कार्यक्रम के समापन पर श्रीमती संघमित्रा परिदा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं और भविष्य में इस तरह की और भी गतिविधियों के आयोजन का वादा किया।

एनटीपीसी टांडा का यह प्रयास एक मिसाल है कि किस तरह समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाया जा सकता है। यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं के जीवन में बदलाव लाएगा, बल्कि उनके परिवारों और समुदायों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

# पोस्टमार्टम के बाद मजदूर का शव लेकर राइस मिल पंहुचे स्वजन, हंगामा

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

राइस मिल में काम करने के दौरान मजदूर की मौत होने पर पोस्टमार्टम के बाद शनिवार स्वजन शव वाहन में रखकर मिल गेट पर पंहुच गए। गुस्साएं स्वजनो ने चार घंटे तक हंगामा किया।मौके पर पहुंचे विधायक बाबूराम पासवान ने मिल संचालक से वार्ता की।मृतक के स्वजनों को मुआवजा और राजेश के उपचार कराने की बात पर सहमति के बाद स्वजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।




पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा निवासी लालबहादुर (40) पुत्र जोगराज शुक्रवार रात गांव के ही राजेश के साथ पिपरिया दुलई के निकट स्थित एक राइस मिल में मजदूरी करने गए हुए थे। राइस मिल प्लांट में काम करने के दौरान दोनों मजदूरों की हालत बिगड़ गई थी। उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में लालबहादुर की मृत्यु हो गई थी।राजेश का बरेली के एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। दम घुटने की वजह से दोनों लोगों की हालत बिगड़ने की आशंका जताई गई। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन लालबहादुर का शव लेकर राइसमिल गेट पर पंहुच गए। स्वजनों के साथ ट्रैक्टर ट्राली से पंहुचे सैकड़ो लोग मिल गेट पर एकत्र हो गए। शव रखे हुए वाहन को गेट के पास खड़ा कर हंगामा शुरू कर दिया। जानकारी पर इंस्पेक्टर कोतवाली अपराध गजेन्द्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आक्रोशित स्वजनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने। जानकारी पर विधायक बाबूराम पासवान और उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह भी पहुंचे।

> राइस मिलर गेट पर लोग एकत्र होने की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। राइस मिलर और मृतक के स्वजन में वार्ता होने से कार्रवाई नहीं हुई। अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिली है। रिपोर्ट में मृत्यु का कारण पता चल सकेगा।
>
> **नरेश कुमार त्यागी, इंस्पेक्टर कोतवाली पूरनपुर**

उन्होंने स्वजन और राइस मिलर से वार्ता की।

सुबह आठ बजे से राइस मिल गेट पर शुरू हुआ हंगामा 12 बजे शांत हुआ। चार घंटे बाद स्वजन वार्ता के बाद शव को गांव ले गए।

# आधार संशोधन के लिए मासूमों को गोद में लेकर कतार में खड़ी रही महिलाएं मायूस

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर



तहसील में स्थापित आधारकार्ड संशोधन कैंप में शनिवार सुबह से ही सैकड़ों पुरुष, महिलाएं व बच्चे पंहुच गए।एक कैंप होने के साथ ही सर्वर आदि की समस्या को लेकर लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।सुबह से बच्चों को गोद में लेकर आधार संशोधन की आस में खड़ी महिलाओं को शाम निराश होकर घर वापस लौटना पड़ा।

आधार संशोधन के लिए भटक रहे लोगों को राहत पंहुचाने के लिए प्रशासन की ओर से से तहसील में आधारकार्ड शिविर लगाया गया है। इसमें आधारकार्ड में फिंगर, मोबाइल अपडेट, संशोधन आदि की प्रक्रिया हो रही है। तहसील में शुक्रवार से कैंप का शुभारंभ किया गया है। कैंप में ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, बच्चे और ग्रामीण पहुंच रहे हैं।सुबह होते ही इनके पंहुचने का क्रम शुरू हो जाता है। तहसील परिसर में सुबह से ही लंबी कतार लगना शुरू हो जाती है।कतार में खड़े रहकर पूरे दिन अपनी बारी का इंतजार करते हैं। इसके बाद भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। तहसील में एक ही कैंप होने से यह समस्या आ रही है। शनिवार सुबह से ही तहसील परिसर में बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए।शाम तक कड़ाके की ठंड में इंतजार करने के बाद भी अधिकांश लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा।सर्वर डाउन आदि की प्रकिया के तहत ठीक से काम न हो पाना बताया जा रहा है। तहसील के अलावा नगर के डाकघर और बैंकों में आधार संशोधन के लिए शिविर लगाए गए हैं। इन शिविरों में भी सुबह होते ही कतार लगना शुरू हो जाती हैं। देर रात तक लोग ठंड में लाइनों में लगे रहते हैं। इसके बाद भी उनकी समस्या का निस्तारण नहीं हो पाता। शनिवार को कैंप में नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित मौजूद रहे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एक पुरुष और एक महिला उप निरीक्षक की ड्यूटी लगाई गई।उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि सर्वर की समस्या से कुछ दिक्कत आ रही। तहसील में लगे कैंप में सुचारू रूप से आधार संशोधन का कार्य हो रहा है।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न





जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 33 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुये, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया। अवशेष शिकायतों के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुए कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता परक ढ़ंग से निस्तारण करें, अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण हेतु मौका मुआइना अवश्य करें और शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से जन सुनवाई की शिकायतों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है, सभी अधिकारी दोनों पक्षों को बुलाकर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करायें तथा निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें, जिससे कि शिकायतकर्ता द्वारा दोबारा शिकायत न की जा सके। राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो तो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये।

सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने गरीब पात्र/जरूरतमंदों को ठंडक से बचाव हेतु कम्बल वितरित किये। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, पुलिस क्षेत्राधिकारी, एलडीएम, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, समाज कल्याण अधिकारी, प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी व तहसीलदार सदर, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# समस्या थाने में नहीं है बैरक कहा रहें जवान, कहीं पीडब्ल्यूडी तो कहीं कृषि भवनों में डेरा डाले हैं जवान






जन एक्सप्रेस। अजय शर्मा

**हजारा/पूरनपुर।** जनपद पीलीभीत के नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा में पुलिस कर्मियों के रहने के लिए पर्याप्त भवन नहीं होने के कारण यहां के पुलिस कर्मी लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह तो कहीं कृषि विभाग के भवनों में डेरा जमाकर रह रहे हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग के अतिथि गृह और कृषि भवनों में पुलिस कर्मियों के रहने के कारण उक्त भवनों से संबंधित कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यही हाल पुलिस चौकियों का भी है।



जनपद पीलीभीत के नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा में तैनात प्रभारी निरीक्षक, उपनिरीक्षकों,दीवान,मुंशी एवं पुरुष व महिला आरक्षी गणों के रहने के लिए पर्याप्त भवन नहीं होने के कारण इन पुलिस कर्मियों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

हजारा थाना में तैनात कुछ पुलिस कर्मी लोक निर्माण विभाग पीलीभीत के मुरैना गांधीनगर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में तो महिला पुलिस कर्मियों को मुरैना गांधीनगर के कृषि भवनों में रहना पड़ता है। थाना परिसर में एक बैरक भी है जो पर्याप्त नहीं है इस बैरक में भी क्षमता से अधिक जवान रहने को विवश हैं।यहां बता दें कि हजारा थाना परिसर में बैरक/ भवन बनने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग पीलीभीत के अवर अभियंता अनूप कुमार के द्वारा बैरक निर्माण के लिए भूमि का नाप-जोख कर रिपोर्ट संबंधित निर्माण संस्था को रिपोर्ट बनाकर भेजी गई है मगर काफी समय बीतनें के बाद भी कोई अता-पता नहीं है।

### भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा की अतिसंवेदनशील पुलिस चौकी मगर सुविधाएं शून्य

हजारा थाना क्षेत्र के नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र की कंबोज नगर पुलिस चौकी का भी यही हाल है यहां भी चौकी प्रभारी,दीवान व आरक्षी गणों के रहने के लिए अतिरिक्त भवन नहीं है।एक भवन है जिसमें पुलिस कर्मियों का आवास, कार्यालय, रसोईघर आदि है ऊपर से यह भवन भी छोटा व जर्जर हालत में है उक्त भवन से भविष्य में खतरा उत्पन्न हो सकता है।कंबोज नगर भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा की अतिसंवेदनशील पुलिस चौकी है मगर सुविधाएं शून्य हैं।हजारा थाना से कंबोज नगर पुलिस चौकी की दूरी लगभग बीस-पच्चीस किमी है और चौकी के वाहन की हालत भी खस्ता हाल है।

### संबंधित भवनों के कर्मचारियों को होती हैं दिक्कतें

हजारा थाना में पुलिस कर्मियों के रहने के लिए पर्याप्त भवन नहीं होने के कारण इन पुलिस कर्मियों को पीडब्ल्यूडी व कृषि विभाग के भवनों में रहना पड़ता है जिस कारण संबंधित कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।पुलिस कर्मियों के रहने के लिए भवन न होना अपने आप में एक बड़ी समस्या है।संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों को यहां की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए समाधान करने की आवश्यकता है।

# घर में बंधक बनाकर ग्रामीण को बेरहमी से पीटा, पिता पुत्र सहित चार के विरुद्ध प्राथमिकी




जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

घर जा रहे ग्रामीण को रास्ते से खींचकर चार आरोपितों ने पकड़ लिया।जबरन घर में बंधक बनाकर लाठी डंडों से बेरहमी से पिटाई लगाई। बीच बचाव करने पहुंची पत्नी के साथ भी मारपीट की। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पीआरबी ने बमुश्किल ग्रामीण को छुड़ाया।पुलिस ने चारों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलडहा निवासी शीला देवी ने पुलिस को बताया कि उनके पति वेद प्रकाश 30 दिसंबर की शाम साढ़े सात बजे घर आ रहे थे ।इसी दौरान पड़ोस के आरोपित महिपाल शर्मा,नरेंद्र पाल, अजय,पुत्रगण सालिकराम धीरज पुत्र विजयपाल पति को लाठी डंडों के बल पर जबरन घर के अंदर खींच ले गए। सभी ने पति को कमरे में बंद कर लाठी डंडों से बेरहमी से पीटा। आरोपितों की पिटाई में ग्रामीण बुरी तरह घायल हो गया।छुड़ाने पहुंची पत्नी के साथ भी गाली-गलौज कर मारपीट की गई। उसने मामले की सूचना डायल 112 पर दी जिस पर पुलिस पहुंची पीआरबी को दी। घटना की सूचना पर पीआरबी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बमुश्किल ग्रामीण को आरोपितों से बंधन मुक्त कराया। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपित इससे पहले भी मारपीट कर चुके हैं। अक्सर गाली गलौज कर धमकाते रहते हैं।पुलिस ने प्राथमिकी लिखकर जांच शुरू कर दी है।

# शाहगंज में बैडमिंटन टूर्नामेंट: दीपक-गोलू और काव्यांश-आशीर्वाद ने किया कब्जा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जेसीआई शाहगंज सिटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का शानदार समापन शुक्रवार देर रात हुआ। सीनियर वर्ग में दीपक शर्मा और गोलू सोनकर की जोड़ी ने विजेता का खिताब जीता, जबकि जूनियर वर्ग में काव्यांश और आशीर्वाद की जोड़ी ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से खिताब पर कब्जा किया।



### कड़ी प्रतिस्पर्धा में 16 टीमों ने लिया हिस्सा

टूर्नामेंट में सीनियर और जूनियर वर्ग की कुल 16 जोड़ियों ने हिस्सा लिया। सीनियर वर्ग में रुदल और शशिप्रकाश, तथा जूनियर वर्ग में शोएब और काबिश उपविजेता रहे। दोनों वर्गों में प्रतिस्पर्धा बेहद रोमांचक और कड़ी रही।

### उद्घाटन और समापन समारोह

टूर्नामेंट का उद्घाटन पहले दिन डॉ. सुधाकर मिश्रा ने मैदान पर खेलकर किया। देर रात हुए समापन समारोह में उद्योग व्यापार मंडल के तहसील अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल, विशिष्ट अतिथि मनोज जायसवाल और सभासद श्यामप्रकाश गुप्ता ने विजेताओं को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### संचालन और रेफरी

कार्यक्रम का संचालन रविकांत जायसवाल और करुणेश गुप्ता ने किया। रेफरी की जिम्मेदारी एस.डी. चौहान ने निभाई, जबकि विकास जायसवाल, अजय, पवन और आलोक ने अंपायर की भूमिका निभाई।

### उत्साहजनक माहौल और आभार प्रदर्शन

जेजे चेयरमैन रौनक मोदनवाल ने टूर्नामेंट को शानदार बताते हुए इसे सफल बनाने वाले सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम संयोजक सुजल मोदनवाल और जेजे सचिव आयुष अग्रहरि ने भी सभी का आभार व्यक्त किया।

### गणमान्य लोग रहे मौजूद

इस आयोजन में दीपक जायसवाल, दिवाकर मिश्रा, अविनाश जायसवाल, आदित्य अग्रहरि, हिमांशु गुप्ता, डॉ. बालाजी राव, आर्यन अग्रहरी, अश्विनी यादव, और आयुष कसेरा जैसे कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। दो दिनों तक चले इस टूर्नामेंट ने खिलाड़ियों और दर्शकों को एक रोमांचक खेल अनुभव दिया। जेसीआई शाहगंज सिटी के इस आयोजन ने न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच दिया, बल्कि युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित भी किया।

**पुरस्कार राशि**

**सीनियर वर्ग**

विजेता टीम को 3100 और उपविजेता टीम को 2100 का नकद पुरस्कार दिया गया।

**जूनियर वर्ग**

विजेता टीम को 2100 और उपविजेता टीम को 1100 की राशि प्रदान की गई।

# स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित महाविद्यालय शिक्षक एशोसियेशन ने कुलपति को मूल्यांकन प्रायोगिक परीक्षा को लेकर ज्ञापन दिया और यूजी पीजी की परीक्षा का सकुशल संपन्न होने पर बधाई दी।

उत्तर प्रदेश में वित्तपोषित महाविद्यालय शिक्षक एशोसियेशन के अध्यक्ष डॉ प्रभाकर सिंह,महामंत्री डॉ निलेश कुमार सिंह पदाधिकारियो के साथ विश्वविद्यालय में पहुंचे, उन्होंने कुलपति प्रो वन्दना सिंह को ज्ञापन सौपा। शिक्षक समस्याओं को निदान करने की मांग की। इसके साथ ही यूजी पीजी की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं सकुशल संपन्न होने व समय से मूल्यांकन कार्य शुरू होने पर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और कहा कि मूल्यांकन कार्य भी शुरू हो गया है। प्रायोगिक परीक्षाएं समय से निपटाएं जाये, इसके साथ ही उसमें नियमानुसार शिक्षकों को मूल्यांकन में लगे और प्रायोगिक परीक्षाओं को समय से पूरा हो, जिससे परीक्षा परिणाम समय से घोषित हो सके।

उन्होंने कहा कि जो भी शिक्षको के भुगतान लंबित है वह उन्हें समय से दिलवाया जाए। इस संबंध में शिक्षकों ने परीक्षा नियंत्रक डा.विनोद कुमार सिंह, कुलसचिव अजीत प्रताप सिंह, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय को को बधाई और परीक्षा सम्पन्न होने और मूल्यांकन कार्य शुरू कराने की शुभकामना दी।

इस अवसर पर डॉ रमन कुमार सिंह, डॉ संजीव कुमार सिंह, डॉ अमित सिंह, डॉ सलीम खान, डॉ अवधेश भारती, डॉ शिवाजी, डॉ.अरविंद कुमार यादव, डॉ दिलीप सिंह, डॉ निजामुद्दीन, डॉ पिंटू गुप्ता, डॉ आलोक त्रिपाठी, डॉ सुधा सिंह, डॉ राजेश श्रीवास्तव, डॉ राजेश भारती डॉ कमल पटेल मौजूद रहे।

# लेखपाल संघ द्वारा तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस। बिपिन तिवारी

**शाहगंज।** विभिन्न मांगों को लेकर लेखपाल संघ द्वारा तहसील मुख्यालय पर शनिवार को संघ के तहसील अध्यक्ष विकास सिंह के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन हुआ। संचालन मंत्री विवेक सिंह ठाकुर ने किया। लेखपालों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित मांग पत्र उपजिलाधिकारी राजेश चौरसिया को सौंपा।

लेखपालों का आरोप था कि साजिशन, झूठी शिकायत के आधार पर लेखपालों को एंटी करप्शन/विजिलेंस टीम से जबरन ट्रैप की कार्यवाही की जा रही है। जिस पर रोक लगाने की मांग की गई। इस दौरान लेखपाल एकता जिंदाबाद और एंटी करप्शन मुर्दाबाद के नारे बुलंद किया गया। इस दौरान लेखपाल संघ जिला अध्यक्ष संजय कुमार, तहसील अध्यक्ष विकास सिंह, मंत्री

विवेक सिंह, पूर्व अध्यक्ष सनंदन भट्ट, दूधनाथ, जनार्दन यादव, पवन सिंह, रेशमा, रचना, नीतू, पूनम, उपेन्द्र कुशवाहा, पवन सिंह आदि सैकड़ों लेखपाल मौजूद रहे।

# जरूरतमंदों में वितरित हुए कंबल- मानवता की मिसाल बनी पहल

जन एक्सप्रेस। अवनीश पाण्डेय



जौनपुर। ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों की मदद के लिए खुदीपट्टी गांव के डॉ. रमेश चंद्र पांडेय ने शनिवार को समाजसेवा की मिसाल पेश की। उन्होंने एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर कुल सौ जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय प्रकाश तिवारी %साधु% ने की। उन्होंने कहा कि गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को ऐसे कार्यों में आगे आना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान माटीकला बोर्ड के सदस्य अजित कुमार प्रजापति ने संचालन की जिम्मेदारी संभाली। इस पहल से न केवल जरूरतमंदों को मदद मिली, बल्कि समाज में सेवा भावना का संदेश भी दिया गया।

डॉ. पांडेय की इस नेक पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की और इसे मानवता के प्रति सच्ची जिम्मेदारी निभाने का उदाहरण बताया।

# बधाई विवाद- किन्नर व युवक में हुई कहा सुनी को लेकर चले लाठी डंडे

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



बधाई के बिवाद को लेकर किन्नर व युवक में हुई कहासुनी देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी डंडे चल गये। दोनों पक्ष गंभीर रुप से घायल हो गये। घायलों के मामले की तहरींरें कोतवाली पलिस को दे दी हैं। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद मामले की जांच शुरु कर दी है।

मोहल्ल ग्यासपुर निवासी मधु नाम की किन्नर गांव सितारगंज में बधाई मांगने गयी थी। बधाई में कम पैसे दिये जाने को लेकर सितारगंज नवदिया निवासी प्रशांत के बीच बिवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी डंडे चलने लगे। दोनों पक्ष गंभीर रुप से घायल हो गये। मामले की तहरींरें दोनों पक्षों की ओर से कोतवाली पुलिस को दी गयीं। पुलिस ने तहरीर मिलते ही किन्नर व युवक को डाक्टरी परीक्षण हेतु सरकारी अस्पताल भेज दिया। मामले की जांच शुरु कर दी है।

# एंटी करप्शन के विरुद्ध लेखपालों का प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



रामसनेहीघाट। गाजीपुर में लेखपाल पर एंटी करप्शन टीम द्वारा की गई कार्यवाई को गलत बताते हुए आक्रोशित रामसनेहीघाट लेखपाल संघ ने धरना देकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौपा है। दिए गए ज्ञापन में लेखपाल संघ रामसनेहीघाट ने कहा है कि साजिशन, झूठा फंसाये जाने की नीयत से साधारण शिकायत के आधार पर एण्टी करप्शन, विजिलेन्स टीम द्वारा जबरन ट्रैप की कार्यवाही पर रोक लगाये जाने लगाने की मांग करते हुए कहा है कि लेखपाल राजस्व विभाग का फील्ड कर्मचारी है जिसका सम्बन्ध जनता से सीधे होता है तथा जनता भूमि विवाद सहित अधिकांश समस्याओं से सम्बन्धित संदर्भ निस्तारण हेतु लेखपाल के पास ही आते हैं जिसमे दो पक्षों के विवाद के निस्तारण सम्बन्धी लेखपाल द्वारा की गयी कार्यवाही से किसी एक पक्ष का असंतुष्ट होना स्वाभाविक है। ज्ञापन में कहा गया है कि पंचायत, विकास विभाग की योजनाओं में भूमि उपलब्ध कराने एवं अवैध अतिक्रमण की स्थिति में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही से भी प्रभावित व्यक्तियों के परिवार लेखपाल से दुश्मनी ठान लेता है और लेखपाल को क्षेत्र की राजनीति में घसीटने का भी प्रयास किया जाता है, लेकिन इस प्रकार विधि विरूद्ध कार्य कराने में असफल एवं विविध कारणों से असंतुष्ट व्यक्ति लेखपालों के खिलाफ साजिश करके एण्टी करप्शन टीम द्वारा पकड़वाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है, ज्ञापन में लेखपाल संघ ने आरोप लगाते हुए कहा है कि एण्टी करप्शन कार्यालय द्वारा सामान्य शिकायत के आधार पर वास्तविक तथ्यों का परीक्षण किए बगैर शिकायतकर्ता को उकसाकर स्वयं बोल बोल कर शिकायती प्रार्थनापत्र लिखवाया जाता है और प्री ट्रैप जांच की कागजी औपचारिकता कर उसी दिन अथवा अगले दिन लेखपाल को फंसाने के विविध प्रयास करके गिरफ्तार कर लिया जाता है। अधिकांश प्रकरणों में शिकायत पत्र में उल्लिखित कार्य लेखपाल से सम्बन्धित भी नहीं होता है और न ही लेखपाल द्वारा कोई रिश्वत की मांग की गयी होती है लेखपाल को सामने मिलने पर शिकायतकर्ता द्वारा जबरन उसकी जेब, हाथ, वाहन, कक्ष में पैसा रख दिया जाता है और टीम द्वारा जबरन पकड़कर लेखपाल के हाथ में पैसा रखवाकर अथवा पाउडर लगाकर अथवा अपने पाउडर लगे हाथ से लेखपाल का हाथ पकड़कर, पानी के गिलास में धुलवाये जाते हैं। लेखपाल संघ ने गाजीपुर में लेखपाल पर हुई गलत कार्यवाई सहित अन्य लेखपालों पर हुई कार्यवाई मामले को संज्ञान लेकर मामले की जांच करके गलत कार्यवाई पर रोक लगाए जाने की मांग की है। इस दौरान लेखपाल सघ तहसील रामसनेहीघाट अध्यक्ष अष्वनी मिश्रा, अम्बुज मिश्रा, अजय दीप सिंह, चंद्रभान तिवारी, पवन मौर्या, सेतु बंधु पांडेय आदि मौजूद रहे।

## कमाल गुरु गोबिंद सिंह देह शिवा बर मोहे ईह..

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



सिख समाज के 10वे गुरु, गुरु गोबिन्द सिंह का प्रकाश उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान शनिवार को दोपहर फूलो से सजी पालकी मे गुरु ग्रंथ साहिब ओर पंज प्यारो की अगुवाई में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से नगर कीर्तन शोभा यात्रा निकाली गई। सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व पर शनिवार को शहर मे एक भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब बाराबंकी से चला तो सड़क के दोनों तरफ़ श्रद्धालुओं की खचाखच भीड़ जमा थी। श्री गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। परंपरागत वेशभूषा मे सुसज्जित पंज प्यारे अपने हाथों में खुली कृपाण लेकर नगर कीर्तन का नेतृत्व कर रहे थे। जिनके पीछे फूलों से सुसज्जित भव्य पालकी साहिब को श्रद्धालुगण लेकर चल रहे थे। श्री गुरुग्रंथ साहिब को ज्ञानी तीरथ सिंह चांवर कर रहे थे। श्रद्धालुगण पालकी साहिब के आगे पूरे मार्ग की सफाई करते फूलो की वर्षा कर रहे थे। लखनऊ से आए अमरजीत सिंह गोल्डी व उनके साथी और नौतनवा से आए कीर्तन ग्रुप ने साहिबे कमाल गुरु गोबिंद सिंह देह शिवा बर मोहे ईहे, शुभ कर्मन ते कभुं न टरूं, जैसे शब्द गाकर पूरे मार्ग मे संगतों में जोश भर दिया। शोभायात्रा नगर कीर्तन लाजपत नगर, छाया चौराहा, राजकमल मार्ग, पीर बटावन, नागेष्वर मंदिर मार्ग, दर्पण चौराहा, धनोकर चौराहा, निबलेट चौराहा व बेगम गंज चौराहा होते हुए गुरुद्वारा साहिब वापस पहुंचा।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह ने बताया कि श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में आगामी 6 जनवरी को विशेष दीवान व कवि दरबार का आयोजन गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में किया जाएगा।

### ठेकेदार को पीट कर वर्कआर्डर फाड़ने वालो पर एफआईआर

जन एक्सप्रेस । कन्नौज। छिबरामऊ। नगर के तिरंगा तिराहे पर सामुदायिक इज्जत घर का निर्माण कराने के लिए गए ठेकेदार को पीटकर वर्क आदेश को फाड़ने वाले युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। अब पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। नगर पालिका के ठेकेदार मुहल्ला राधा नगर निवासी राघव तिवारी ने बताया कि एक जनवरी को वह नगर पालिका की ओर से निर्मित होने वाले सामुदायिक इज्जत घर के लिए अपने मजदूर व मिस्त्री लेकर पहुंचे। वहां पर पहले से मौजूद चार-पांच अज्ञात व्यक्तियों ने आकर कार्य का विरोध किया। जिसकी सूचना उसने फोन से ननगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को दी।

### ट्रैक्टर ट्राली पलटी, तीन घायल, एक रेफर

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। फतेहपुर।



कोतवाली क्षेत्र में फूस लादकर जा रही ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर ग्राम कुतलूपुर के पास पलट गयी। जिस पर सवार चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां पर एक युवक की हालत गम्भीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुतुलूपुर की है। जहा पर ग्राम दैमलपुर निवासी सुनील कुमार (31) अपने गांव के ही साथी सोनू (28), उमेश (20) व नौमीलाल (20) थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर से टैक्टर-ट्राली से लखनऊ गये थे। शनिवार को टैक्टर-ट्राली पर फूस लादकर वापस अपने घर आ रहे थे। तभी इसी बीच देवा-फतेहपुर मार्ग पर स्थित ग्राम कुतलूपुर के पास अचानक टैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर सडक के किनारे पलट गयी। जिसमें सवार चारों लोग घायल हो गये जिन्हे उपचार के लिए एम्बुलेन्स से सीएचसी लाया गया। जहां उमेश की हालत को गम्भीर बताते हुए डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## कप्तानगंज पुलिस ने फरार चले रहे इनामिया अभियुक्त को किया गिरफ्तार




जन एक्सप्रेस । बस्ती

प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज उपेंद्र मिश्रा व एसओजी प्रभारी चंद्रकांत पाण्डेय की टीम में संयुक्त कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोप में फरार चल रहे 25 हजार इनामिया को आज गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। कुछ दिन पहले ग्राम सेठा में जमीन के नामांतरण तथा वसीयतनामा को लेकर हत्या के मामले में 25000 इनामियां अभियुक्त करुणाकर उपाध्याय उर्फ लल्लन पुत्र अवधेश उपाध्याय ग्राम सेठ थाना कप्तानगंज बस्ती को आज सुबह फुटिहिया अमहट मार्ग से गिरफ्तार करके जेल दिया है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज उपेन्द्र कुमार मिश्र, निरीक्षक अपराध राजेश विश्वकर्मा, उ0नि0सुरेश कुमार कुशवाहा, प्रभारी एसओजी उ0नि0श्री चन्द्रकान्त पाण्डेय प्रभारी सर्विलांस सेल उ0नि0शशिकान्त हे0का0इरशाद खान हे0का0 रमेश यादव, हे0का0 अभय कुमार उपाध्याय, का0 धर्मेन्द्र कुमार, का0 चन्दन भारती, का0शिवम यादव एसओजी टीम का0पंकज सिंह, का0 एसपी चौहान, हे0का0 देवेश यादव, हे0का0 संतोष यादव सर्विलांस टीम शामिल रहे।

## पचास लाख रुपये कीमत का 01 कुंटल 12 किलो गांजा बरामद कर 06 अंतर्राज्यीय तस्करों को किया गया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । पंकज यादव



**थाना अचलगंज/उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं क्षेत्राधिकारी बीघापुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अचलगंज पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा 06 अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को 01 कुंटल 12 किलो गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। शनिवार को प्रभारी निरीक्षक अचलगंज व एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा चपरी शाहपुर स्थित बन्द पड़े फैक्ट्री के पास से अंतर्राज्यीय 06 गांजा तस्करों को 1. जितेन्द्र पुत्र छुन्नू कंजड निवासी चकलवंशी सरकारी स्कूल के पीछे थाना माखी जनपद उन्नाव उम्र 22 वर्ष 2.आयुष तिवारी पुत्र स्वर्गीय दिनेश चन्द्र तिवारी निवासी ग्राम कांथा थाना असोहा जनपद उन्नाव उम्र 23 वर्ष 3.अभिषेक तिवारी पुत्र रामखेलावन निवासी ग्राम शिवपुर कुर्मियान थाना अचलगंज जनपद उन्नाव उम्र 24 वर्ष 4.सोनू पुत्र इन्द्रपाल कंजड निवासी माखी मोहल्ला सराय थाना माखी जनपद उन्नाव उम्र 30 वर्ष 5.उमेश कुमार उर्फ लाली पुत्र लालू लोधी निवासी ग्राम जरगांव थाना अचलगंज जनपद उन्नाव उम्र 23 वर्ष 6.सुशील कुमार उर्फ बड़कऊ पुत्र बच्चू लोधी निवासी ग्राम मझखोरीया थाना पुरवा जनपद उन्नाव उम्र 36 वर्ष को कब्जे से 01 कुन्तल 12 किलोग्राम अवैध गांजा व एक अदद मो0सा0 अपाचे व 06 अदद मोबाइल व 5500/- नगद रूपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

इस सम्बन्ध में थाना अचलगंज पर मु0अ0सं0 02/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण पूर्व में भी मादक पदार्थ के अपराध व अन्य आपराधिक अभियोगों में जेल जा चुके है। अभियुक्तो के सम्बन्ध/तार राज्य उड़िसा व बिहार से जुड़े है बरामद शुदा माल गांजे (अवैध गांजा) की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग रुपया 50 लाख है।

अभियुक्तगों को आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा जा रहा है गिरफ्तार करने में मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक राजेश्वर प्रसाद त्रिपाठी विनय यादव हरिओम सिंह प्रवीण चौरसिया विवेक मौर्या अमर जीत सुनील कुमार ओमनारायण जयपाल महावीर श्रवण कुमार निरीक्षक जयप्रकाश यादव ज्ञान सिंहआशीष कुमार सतेन्द्र सिंह रवि कुमार गौरव चौधरी जसवीर हरेश मुन्ना कुमार उपस्थित रहे।

### एकेड़िया के वार्षिक उत्सव में झूमे नन्हे मुन्ने बच्चे

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के एकेडिया इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को पहले वार्षिक उत्सव मनाया गया जिसमें विद्यालय के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने अपनी अपनी प्रस्तुति देकर मौजूद शिक्षकों अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया बता दें की तहसील क्षेत्र के एक एकेड़िया विद्यालय में शनिवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया था जिसमें तमाम क्षेत्र के मौजूद अतिथियों की मौजूदगी में विद्यालय के बच्चों ने नृत्य नाटिका ,नाट्य मंचन, और गायन प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रस्तुति दी इस मौके पर मौजूद लोगों ने छात्र-छात्राओं के प्रस्तुति पर जमकर ताली बजाई । कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा कई सांस्कृतिक परिस्थितियों भी दी गई जिसमें महाभारत रानी लक्ष्मीबाई और किलकारी का मंचन शानदार रहा। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा इस वर्ष सीबीएसई बोर्ड में टॉप 3 बच्चों को पुरस्कार से सम्मानित किया तथा मोबाइल द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्र-छात्राओं को मोबाइल तथा विद्यालय टॉप आने वाले छात्र को लैपटॉप दिया गया इस दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा अन्य अतिथियों का भी सम्मान कराया गया विद्यालय के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय अन्य विद्यालय परिवार भी मौजूद रहा।

## तथाकथित पत्रकार को गंगाघाट पुलिस ने भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने 1 लाख की ठगी व जालसाजी करने वाले मुख्य आरोपी तथाकथित पत्रकार को गिरफ्तार कर भेजा जेल। गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत पोनी गाँव में एक युवक से जमानत के फर्जी दस्तावेजों के सहारे एक लाख रुपये की ठगी कर ली गई थी। जिसमें पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, जिनमें तीन नामजद व्यक्ति, एक अधिवक्ता और उसका सहायक मुंशी शामिल हैं। पोनी गाँव निवासी शिवमंगल ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि बालू घाट चौकी क्षेत्र के पोनी रोड चार नंबर गली के रहने वाले उनके रिश्तेदार वीरेन्द्र कुमार धानुक उर्फ वीरू और जितेन्द्र कुमार धानुक उनके घर आए थे। जहा उन्होंने शिवमंगल को एक फर्जी कोर्ट का नोटिस दिखाया और 24 अगस्त 2021 का एक जाली जमानत का आदेश दिखाया। इस जाली दस्तावेज के आधार पर उन्होंने शिवमंगल से जमानत के नाम पर एक लाख रुपये ठग लिए। जब शिवमंगल को इस धोखाधड़ी का पता चला और उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे, तो उन्हें धमकाया गया। इसके बाद शिवमंगल ने गंगाघाट कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए वीरेन्द्र कुमार, विजय कुमार, जितेन्द्र कुमार के अलावा एक अधिवक्ता और उसके सहायक क्लर्क के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जिसमें मुख्य आरोपी वीरेंद्र धानुक उर्फ वीरु पहले भी एससीएसटी आयोग को फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने के आरोप में न्यायालय से जमानत पर था बाहर था। लोगों ने बताया कि शातिर वीरेंद्र धानुक फर्जी मुकदमे लिखाने और ब्लैकमेल करने में माहिर था। मुकदमा लिखते ही गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने तत्काल कार्रवाही करते हुए शनिवार को 1 लाख की ठगी व जालसाजी करने वाले वीरेन्द्र धानुक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि अन्य आरोपियों की भी जल्द ही गिरफ्तारी की जा सकती है।

# मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते समय विशेष सावधानी बरतें

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



**मुख्यमंत्री हेल्पलाइन जनसुनवाई पोर्टल पर जिम्मेदार**
भ्रामक आख्या रिपोर्ट लगाकर पीड़ितों को न्याय से वंचित करते हैं और सरकार के प्रति आम जन में आविश्वास पैदा करते हैं।

शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु तहसील बांगरमऊ, उन्नाव में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विधायक बांगरमऊ श्रीकान्त कटियार की उपस्थिति में जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं पुसिल अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा जनसामान्य की समस्याएं व शिकायतें सुनीं गयीं।

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील बांगरमऊ, उन्नाव में डीएम द्वारा राजस्व विभाग की 98, ग्रह विभाग की 23, समाज कल्याण विभाग की 13, खाद्य एवं रसद विभाग की 12, चकबन्दी विभाग की 23, विद्युत विभाग की 24 सहित अन्य विभागों की 18 शिकायतों/ समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। इस अवसर पर कुल 211 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 16 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर विधायक द्वारा क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना गया तथा प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विधायक एवं जिलाधिकारी द्वारा तहसील में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, साथ ही बढ़ती हुई सर्दी के दृष्टिगत जरूरतमन्दों/ वृद्धजनों को कंबल वितरित किए गए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा शिकायतों से संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक एवं समयबद्ध निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते समय विशेष सावधानी बरतें।

इस अवसर पर तहसील परिसर में जिला कार्यक्रम विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण कैम्प, समाज कल्याण कैम्प, महिला कल्याण कैंम्प एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि कैम्प, फार्मर रजिस्ट्री कैंप एवं स्वास्थ्य का कैंप लगाकर जनसमुदाय को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया साथ ही दवाएं भी वितरित की गयी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान सीएमओ डा0सत्य प्रकाश, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्र, जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर सिंह, अधिशाषी अभियन्ता नलकूप द्वारिका प्रसाद, जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीती चन्द्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 महावीर सिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सुनील शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, सहायक श्रमायुक्त एस0एन0 नागेश, जिला मत्स्य अधिकारी बी0 के0 दुबे, जिला कृषि अधिकारी शशांक, जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रताप सिंह, एस0ओ0सी0 डॉ0 सुरेश सागर, उप जिलाधिकारी बांगरमऊ नम्रता सिंह, तहसीलदार बांगरमऊ रामआश्रय, क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ अरविंद कुमार चैरसिया सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व स्थानीय कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

## हाइवे पर पर मरम्मत कार्य के चलते सारा दिन रेंगे वाहन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



शुक्लागंज। लखनऊ कानपुर और कानपुर लखनऊ हाइवे के दोनों तरफ बने कई छोटे-बड़े गढ्ढों के कारण वाहन सवारों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। क्षतिग्रस्त मार्ग के कारण हाइवे पर चंद मिनट में जाम भी लग रहा था। जिसे देखते हुये एनएचएआई की ओर से हाइवे पर शनिवार को मरम्मत कार्य कराया गया। जिस कारण पूरे दिन हाइवे पर जाम की स्थिति बनी रही और वाहन रेंगते हुये निकले।

आजाद मार्ग चौराहा से लखनऊ-कानपुर हाइवे पर खस्ताहाल सड़क का डामरीकरण करने के कारण शनिवार को पूरे दिन वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। सड़क निर्माण कार्य के दौरान एनएचएआई ने डायवर्जन बोर्ड लगाकर वाहनों को दूसरी सड़कों पर मोड़ दिया, लेकिन बीच में कट से छोटे और बड़े वाहन आने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। करीब दस बजे से डामरीकरण कार्य शुरू होने के बाद, पुलिस ने वाहनों की आवाजाही रोकने का प्रयास किया। हालांकि, हाइवे होने के कारण भारी वाहन भी जाम में फंसने लगे, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही और वाहन रेंगते हुए आगे बढ़े। पुलिस कर्मी जाम को सुलझाने में व्यस्त रहे, लेकिन इसके बावजूद यातायात में रुकावटें आती रहीं। इस जाम के कारण लंबी दूरी की बसों और वीआईपी वाहनों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यात्रियों को लंबे समय तक रुकना पड़ा, जिससे उन्हें भारी असुविधा हुई। शाम करीब पांच बजे कार्य बंद होने के बाद यातायात सामान्य हो सका। हालांकि, दिनभर की जाम की समस्या ने लोगों को काफी परेशान किया।

## ओएचई की हुई मरम्मत, बदले गये छमकनाली के टर्फ

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**शुक्लागंज।** लखनऊ-कानपुर रेल मार्ग पर गंगाघाट के सरैयां छमकनाली पुलिया के जर्जर टर्फ को बदलने और ओएचई की मरम्मत के लिए शनिवार को रेलवे विभाग ने डेढ़ घंटे का ब्लॉक लिया। इस दौरान रेल संचालन प्रभावित रहा, लेकिन आवश्यक मरम्मत कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इसी अवधि में टर्फ बदलने के साथ टॉवर वैगन की मदद से ओएचई (ओवरहेड इक्विपमेंट) की भी मरम्मत की गई।

शनिवार दोपहर रेलवे विभाग के कर्मचारी छमकनाली पुलिया संख्या 108 पर पहुंचे और कंट्रोल रूम से ब्लॉक की मांग की। दोपहर डेढ़ बजे से तीन बजे तक, यानी डेढ़ घंटे का ब्लॉक स्वीकृत किया गया। ब्लॉक मिलते ही रेल कर्मियों ने पुलिया के जर्जर टर्फ को हटाने का काम शुरू कर दिया।

पुराने टर्फ को हटाने के बाद, उसी जगह पर नए टर्फ स्थापित किए गए। इस कार्य के चलते अप लाइन का रेल संचालन पूरी तरह से ठप रहा। तीन बजे ब्लॉक समाप्त होने के बाद ही रेल संचालन सामान्य हो सका। कर्मचारियों ने बताया कि इसी तरह ब्लॉक लेकर आगे भी आवश्यक कार्य कराए जाएंगे ताकि रेल यात्रियों को कम से कम असुविधा हो और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

डेढ़ घंटे के ब्लॉक की इसी अवधि का उपयोग करते हुए, अप लाइन पर टॉवर वैगन की सहायता से ओएचई की भी महत्वपूर्ण मरम्मत की गई। कोहरे के कारण ओएचई में जमा हुए कार्बन को साफ किया गया, जिससे विद्युत प्रवाह सुचारू बना रहे।

इसके अतिरिक्त, ट्रांसफार्मर का रख-रखाव भी जांचा गया और आवश्यक सुधार किए गए।

यह सुनिश्चित किया गया कि उपकरण सही ढंग से काम कर रहे हैं ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की बाधा से बचा जा सके।

## शिक्षामित्र से बने सहायक अध्यापकों ने पुरानी पेंशन बहाली और पूर्व सेवा जोड़ने के लिए सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



जिले के शिक्षामित्रों से बने सहायक अध्यापकों ने सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अपनी पुरानी पेंशन योजना बहाल करने और पूर्व की सेवाओं को जोड़कर आर्थिक लाभ प्रदान करने की मांग की। ज्ञापन में शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश रिटायरमेंट बेनिफिट्स रूल्स 1961 के नियम-3(8) और माननीय उच्चतम न्यायालय व उच्च न्यायालय के निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि अन्य विभागों की तरह बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों को भी इस लाभ से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

ज्ञापन में शिक्षकों ने बताया कि अपर मुख्य सचिव के आदेश दिनांक 28 जून 2024 के अनुसार, 1 अप्रैल 2005 से पहले और इसके बाद नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना के विकल्प का अधिकार दिया गया था। जनपद के शिक्षकों ने नियत तिथि 31 अक्टूबर 2024 से पहले अपने विकल्प पत्र खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से या रजिस्टर्ड डाक से बीएसए कार्यालय में जमा कर दिए थे। हालांकि, विकल्प पत्रों की प्रक्रिया विकासखंड स्तर पर अभी भी लंबित है, जिससे शिक्षकों को आशंका है कि वे इस महत्वपूर्ण लाभ से वंचित हो सकते हैं। शिक्षक प्रतिनिधिमंडल के सदस्य गंगा बख्श सिंह (जिलाध्यक्ष), राजेश कुमार दीक्षित (जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष), वीरेंद्र सिंह (जिलामंत्री), संतोष कुमार (जिला कोसाध्यक्ष), स्नेह कुमार सिंह (जिला संरक्षक) ने बीएसए संगीता सिंह से अनुरोध किया कि लंबित विकल्प पत्रों की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर उन्हें बेसिक शिक्षा निदेशालय भेजा जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जल्द से जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। शिक्षकों ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना उनकी सेवानिवृत्ति के बाद की आर्थिक सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान शिक्षकों का एकजुटता और दृढ़ संकल्प देखने को मिला।

# पीएम करेंगे नमो भारत ट्रेन का शुभारंभ
# आज से कर सकेंगे भारत की सबसे तेज ट्रेन में सफर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक के लिए नमो भारत ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। वर्तमान में साहिबाबाद और मेरठ साउथ के बीच 9 स्टेशनों के साथ कॉरिडोर का 42 किलोमीटर लंबा हिस्सा परिचालित है। इस उद्घाटन के साथ, नमो भारत कॉरिडोर का परिचालित खंड 55 किलोमीटर तक विस्तारित हो जाएगा, जिसमें कुल 11 स्टेशन होंगे। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को एनसीआर के प्रमुख शहरों से जोड़ने के लिए रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ऐसे में आरआरटीएस को दिल्ली के चारों और के शहरों से जोड़ा जाएगा। इससे न केवल लोगों के समय की बचत होगी बल्कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण में भी राहत मिलेगी। एनसीआर से दिल्ली में रोजाना आवाजाही करने वाले लोगों के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं होगा। मौजूदा समय में आरआरटीएस के फेज-1 में तीन कॉरिडोर प्रस्तावित हैं। जिसमें से दिल्ली-मरेठ कॉरिडोर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। शेष दो अन्य दिल्ली-अलवर और दिल्ली पानीपत कॉरिडोर पर भी जल्द काम शुरू होगा। वहीं फेज-दो में पांच कॉरिडोर प्रस्तावित हैं। इस तरह से आरआरटीएस के आठ कॉरिडोर के तैयार हो जाने से दिल्ली-एनसीआर में मास ट्रांजिट सिस्टम दुनिया के अन्य शहरों से भी बड़ा हो जाएगा। दिल्ली के चारों ओर 100 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी प्रमुख शहर आरआरटीएस से जुड़ेंगे।

### 291 किमी की लंबाई के होंगे तीन कॉरिडोर

दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर 82.15 किलोमीटर लंबा है। दिल्ली के हिस्से में 14 किलोमीटर तो यूपी के हिस्से में करीब 68 किलोमीटर है। फेज-1 में प्रस्तावित दो अन्य कॉरिडोर दिल्ली से पानीपत कॉरिडोर की लंबाई 103.02 किमी जबकि वहीं, राजस्थान के अलवर और सराय काले खां के बीच के कॉरिडोर की लंबाई 106 किमी है। दिल्ली से पानीपत और अलवर के कॉरिडोर के निर्माण हो जाने के बाद दिल्ली-एनसीआर में आरआरटीएस की सभी कॉरिडोर की कुल लंबाई 291 किमी से अधिक होगी। बताया जा रहा है कि इन दोनों कॉरिडोर की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट भी तैयार की जा चुकी है। केंद्र सरकार की हरी झंडी के बाद इस पर काम शुरू किया जाएगा।

### दिल्ली मेट्रो की कई लाइनों से होगी कनेक्टिविटी

मौजूदा समय में दिल्ली मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर आनंद विहार, न्यू अशोक नगर और सराय काले खां मेट्रो स्टेशन से जुड़ा हुआ है। आरआरटीएस के दो अन्य कॉरिडोर भी दिल्ली मेट्रो से जुड़ेंगे। इसमें सराय काले खां से अलवर कॉरिडोर आईएनए, मुनिरका और एयरोसिटी समेत कई मेट्रो स्टेशनों से जुड़ेगा। साथ ही पानीपत जाने वाला कॉरिडोर भी कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन के साथ अन्य स्टेशन से जुड़ेगा। अधिकारियों का कहना है कि जरूरत के हिसाब से दिल्ली मेट्रो की कई लाइनों के साथ आरआरटीएस कॉरिडोर जुड़ेंगे। ताकि लोगों की आवाजाही बिना किसी रुकावट के हो सके।

### दिल्ली-एनसीआर में मास ट्रांजिट सिस्टम दुनिया के कई शहरों को करेगा पीछे

आरआरटीएस के फेज-1 और दो के सभी कॉरिडोर के पूरा हो जाने और दिल्ली मेट्रो के फेज-चार के सभी कॉरिडोर का निर्माण हो जाने के बाद दिल्ली-एनआईआर में मास ट्रांजिट सिस्टम की लंबाई लगभग एक हजार किलोमीटर की हो जाएगी। इससे दुनिया के कई बड़े शहर दिल्ली-एनसीआर के मास ट्रांजिट सिस्टम में पीछे हो जाएंगे। अभी मौजूदा समय में आरआरटीएस का दिल्ली मेरठ कॉरिडार पर 42 किलोमीटर का हिस्से पर नमो भारत ट्रेनो परिचालन हो रहा है। रविवार को इसके 13 किलोमीटर के अन्य खंड पर भी ट्रेनों का परिचालन शुरू हो जाएगा। वहीं दिल्ली मेट्रो की बात करें तो मेट्रो का दिल्ली और एनसीआर में 393 किलोमीटर कर नेटवर्क है।

### 15 मिनट के अंतराल में होंगी शुरू

रविवार शाम 5 बजे से शुरू होने वाली नमो भारत ट्रेनें 15 मिनट के अंतराल पर जनता के लिए शुरू होंगी। दिल्ली से मेरठ जाने वाले स्टेशन न्यू अशोक नगर स्टेशन से मेरठ साउथ तक का स्टैंडर्ड कोच के लिए 150 रुपये और प्रीमियम कोच के लिए 225 रुपये है। सभी यात्रियों की सहायता और सुविधा के लिए प्रत्येक ट्रेन में एक ट्रेन अटेंडेंट उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त आपातकालीन स्थिति में मदद के लिए कोच के अंदर और प्लेटफॉर्म स्क्रीन दरवाजों पर एक पैनिक बटन दिया गया है।

# मुख्यमंत्री ईमानदार लेकिन नीचे के अधिकारी नहीं सुनते उनकी बात: नन्द किशोर गुर्जर

■ एक बार फिर भरी हुंकार प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पुलिस प्रशासन पर फिर निकाली भड़ास

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



गाजियाबाद पुलिस से खार खाए बैठे लोनी भाजपा विधायक नन्द किशोर गुर्जर के फिर एक बार पुलिस प्रशासन को लेकर बयान दिया है। जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के अनसुने की बात उठाई है। यह बातें उन्होंने गाजियाबाद प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कही है। विधायक नन्द किशोर गुर्जर आज एसीपी कार्यालय तैनात पुलिसकर्मियों के रिश्वत लेनें के बाद वायरल वीडियो पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि गाजियाबाद पुलिस में भ्रष्टाचार चरम पर है। जिसकी शिकायत लगातार मुख्यमंत्री को दिया गया लेकिन आश्वासन के बाद भी अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है कि अधिकारी मुख्यमंत्री की भी बातें अनसुनी करते हैं। नन्द किशोर गुर्जर ने कहा कि वह लखनऊ में अपने विधायक साथियों के साथ मुख्यमंत्री से मिले उन्हें तीन बार आश्वासन दिया गया कि गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर को हटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी अच्छे और ईमानदार और अपनी बातों पर खरे उतरने वाले हैं। लेकिन उनके मातहत अधिकारी उनकी भी नहीं सुनते हैं। हम धरातल पर राजनीति करते हैं जनता के जुड़े मुद्दे हमारे अपने मुद्दे होते हैं। अगर हम जनता की बात करना छोड़ देंगे तो जनता हमारा साथ छोड़ देगी। जिसका हश्र उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में सबने देखा है। अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए विधायक ने कहा कि कुछ अधिकारी की सांठ गांठ समाजवादी पार्टी और कांग्रेस से है। जिसके इशारे पर वह उनका एजेंडा चला रहे हैं। अगर समय रहते ऐसे भ्रष्ट और बईमान अधिकारियों पर कार्यवाही हुई तो पुनः प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी 350 सीट प्राप्त करेगी। विधायक द्वारा विभिन्न अपने जानमाल और गौकशी को लेकर भी अपनी बात कही और प्रशासनिक स्तर पर पुलिस प्रशासन की नाकामी बताते हुए जमकर आलोचना किया।

# इंदिरापुरम: हस्तांतरण के बाद भी सूरत बदलने की कवायद कमजोर

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्र इंदिरापुरम के नगर निगम गाजियाबाद में हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू होने के बाद अब नगर निगम राजस्व बकाए को लेकर कमर कसने जा रहा है। जिससे जीडीए के बकाए कर को वसूल सके। इसके लिए नगर निगम कूड़ा निस्तारण में लगे वाहनों के साथ साथ अपने कर्मचारियों के माध्यम से कर वसूली अभियान चलाएगा। जबकि कुछ लोग इसे निगम की हठवादिता बताकर कानूनी लड़ाई की बात कर रहे हैं। जनता की माने तो जा सुविधाएं नहीं तो कर कैसा ?

ज्ञात हो कि सालों की जद्दोजहद और क्षेत्रीय पार्षदों और विधायक साहिबाबाद सुनील कुमार शर्मा के अथक प्रयास से इंदिरापुरम का हस्तांतरण अंततः हो गया है। जिसमें जीडीए द्वारा अधूरे पड़े कार्यों के एवज में 185 करोड़ रुपए नगर निगम को चार किश्तों में देगा। जिसमें अक्टूबर 2024 को 70 करोड़, दिसंबर 2024 को 40 करोड़ , मार्च 2025 को 40 करोड़ और जुलाई 2025 को 35 करोड़ देने हैं।

अब नगर निगम गाजियाबाद की प्रशासनिक कवायद कितनी इस क्षेत्र का विकास कर पाती है। यह आगामी समय ही बताएगा। पूरे इंदिरापुरम में लगातार बढ़ती अवैध की गति ने विकास के नाम पर जो विनाश लीला किया है उसकी भरपाई मुश्किल है। जनप्रतिनिधि हो या प्रशासनिक अफ़सर सभी ने इस इलाके को चरागाह समझकर खूब दोहन किया है। जिसके कारण सीवर, सड़क, अतिक्रमण और असुरक्षा की समस्या लगातार बनी हुई है। जीडीए से नगर निगम में हस्तांतरण के बाद स्थिति कोई बदली नहीं है बल्कि और भी ज्यादा भ्रष्टाचार और अतिक्रमण बढ़ गया है। जिसको स्थानीय स्तर पर नेता और दबंगों का संरक्षण है।

### इंदिरापुरम के विकास कार्य और उस पर खर्च का बजट

जीडीए द्वारा हस्तांतरण के समय जो अनुमानित खर्च का एस्टीमेट बनाया था । जिसमें 80 किमी की सड़क निर्माण के मद में 50 करोड़ , सीवर अनुरक्षण में 25 करोड़ , जल कल के लिए 20 करोड़ , जबकि सॉलिड वेस्ट मैनजमेंट के मद में 15 करोड़ , ड्रेनेज सिस्टम के लिए सर्वाधिक राशि 50.31 करोड़ , स्ट्रीट लाइट हेतु 13.69 करोड़ और पार्कों के रख रखाव हेतु 11 करोड़ विकास कार्य पर खर्च का अनुमानित लागत दिखाई थी। अब प्रश्न यह ही कि पहली किश्त 70 करोड़ और दिसंबर 2024 की दूसरी किश्त के 40 करोड़ कुल मिलाकर 110 करोड़ रुपए इंदिरापुरम के विकास पर आए अथवा आएंगे लेकिन क्या इन पैसों का सदुपयोग हो रहा है यह प्रश्न जनता पूछ रही है। डिवाइडरों की दयनीय स्थिति, साफ सफाई के नाम पर कोरम पूरा होना और बहते सीवर विकास की पोल खोल रहे हैं। नगरायुक्त और निगम पार्षद एकता की मिसाल कायम करके भले विकास की कसमें खा रहे हैं , लेकिन यह कसम कितनी जमीन पर उतरती है उसका जवाब जनता देगी।

# टीएमसी नेता की हत्या गहरी साजिश, अदालत की निगरानी में जांच करे केंद्रीय एजेंसी: शुभेंदु अधिकारी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को दावा किया कि मालदा जिले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक अनुभवी नेता की हत्या गहरी साजिश का हिस्सा है। अधिकारी ने अदालत की निगरानी में किसी केंद्रीय एजेंसी द्वारा इस मामले की जांच की मांग की। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता अधिकारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह मालदा इंग्लिश बाजार नगरपालिका के टीएमसी पार्षद दुलाल सरकार को वर्षों से जानते थे, जिनकी कथित तौर पर हत्या की गई। उन्होंने कहा, दुलाल सरकार की दिनदहाड़े निर्मम हत्या हुई है, अदालत की निगरानी में इसकी जांच केंद्रीय एजेंसी द्वारा होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुलिस को निर्देश दिया है कि घटना के पीछे के सभी लोगों को गिरफ्तार किया जाए। लेकिन मुझे लगता है कि पुलिस साजिश का खुलासा नहीं कर पाएगी। मैं चाहता हूं कि दुलाल सरकार की विधवा अदालत की निगरानी में केंद्रीय एजेंसी से जांच का अनुरोध करें।

### 'राज्य में बिगड़ रही कानून-व्यवस्था'

शुभेंदु अधिकारी मुख्यमंत्री बनर्जी और उनकी पार्टी के प्रमुख विरोधी नेताओं में से एक हैं। वह विधानसभा चुनाव से पहले 2020 में टीएमसी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। तबसे वह सत्तारूढ़ पार्टी और सरकार पर लगातार हमलावर हैं। दुलाल के मामले पर उन्होंने कहा कि यह घटना राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति का सबूत है।

### जांच कर रही पुलिस, राजनीति न करें: कुणाल

इस बीच, टीएमसी के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा, मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार पुलिस हत्या के मामले की पूरी जांच कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी कर रही है। उन्होंने कहा, इस मामले पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए, क्योंकि पुलिस अपना काम कर रही है।

# कहते थे सरकारी गाड़ी-बंगला नहीं लेंगे आज 45 करोड़ का शीशमहल: अमित शाह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नए कामकाजी महिला छात्रावास ब्लॉक सुषमा भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने इस दौरान सुषमा स्वराज को पार्टी की महान नेताओं में से एक के रूप में याद किया। वहीं, आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वह (केजरीवाल) राजनीति में आए तब कहते थे कि हम सरकारी गाड़ी नहीं लेंगे, सरकारी बंगला नहीं लेंगे। मगर आज 45 करोड़ रुपये का शीश महल बना लिया। बता दें, छात्रावास का नाम पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के नाम पर रखा गया है। वो दिल्ली की मुख्यमंत्री भी रही थीं। सुषमा भवन का उद्घाटन करने के बाद शाह ने कहा कि सुषमा जी को पार्टी की महान नेताओं में से एक के रूप में सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने आप नेता पर निशाना साधते हुए कहा, कुछ बच्चे मुझसे मिलने मेरे घर आए थे। मैंने उनसे पूछा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लिए क्या किया है? मगर मैंने ही गलती से जबाव दे दिया कि कुछ नहीं। इसपर बच्चों में से एक ने कहा कि ऐसा नहीं हैं। उन्होंने अपने लिए एक बड़ा शीश महल बनवाया है। जब वह (अरविंद केजरीवाल) राजनीति में आए थे, तो वह कहते थे कि वह सरकारी कार या सरकारी बंगला नहीं लेंगे। एक तरह की राजनीति का आगाज करेंगे। मगर उन्होंने 50 हजार गज में दिल्लीवासियों के 45 करोड़ रुपये से अपने लिए शीश महल बनवाया।

### बस मुण्डन मोर करा दो मैया.....!

मैया देख तनिक तो मुझको...!
कितनो बड़ो ह्वै गयो हूँ मैया....
पर....करि-करि चोटी तुम तो...
छोरी बनाय दई हो मैया...
सखा सकारे हास करत हैं,
कैसे चराऊँ मैं गैया....?
कूल कालिंदी जो मैं जाऊँ,
या जाऊँ कभी जो ताल-तलैया...
संग के छोरे सबै कहत हैं....
खेलन को छुवन-छुवैया
पर छोरी सब...पकरि-पकरि के बोलै
आवहु खेलो गुडुही-गुड़िया....
एक अबूझ पहेली मानै मुझको
हौं छोरी या छोरा बाँका....!
हल पहेली करने को,
झट उतार देत हैं सब मेरी कछिया....
साँच कहूँ मैं तुमसे मैया
बहुतै लाज लगे है...तब तो मैया...
दाँतन बिच उंगली करि-करि...!
हास करत हैं जब सब सखियाँ...
और...एक दूजे से सब बोलें....
ग़फ़लत होय गई रे दैया....
हम माथ झुकाए बैठि रह्यो...और..
सोचूँ....होय क्या रह्यो है रे दैया...?
कसम तुम्हार खात हूँ मैया....!
यहि चोटिन के चक्कर में,
चौपट होय गइ मानो,
मोरी सारी दिन और रतियाँ.....
अब और कहूँ क्या मैं तुमसे मैया
बस चोटी मैं ना करवैहों मैया....
अब बस एक कहा तुम मेरा मानो,
मुण्डन मोर करा दो मैया..ज
इन काली लम्बी चोटिन से,
छुटकारा मोय दिला दो मैया....
सुन्दर,नीक,सपूत बनि.....!
खूब चरैहों मैं तुम्हरी गैया....
मेरो भी सब पीर खत्म होय जैहैं
सच मानो तुम मैया.....
बस मुण्डन मोर करा दो मैया....
बस मुण्डन मोर करा दो मैया....



जितेन्द्र कुमार दुबे
अपर पुलिस उपायुक्त,लखनऊ

# व्यापारियों ने दिया सांसद अतुल गर्ग को ज्ञापन



जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग से मिलकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित पत्र में व्यापारियों ने निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा, उपभोक्ता संरक्षण की रक्षा लिए ई कॉमर्स में विनियमय अधिनियम बनाए जाने से संबंधित समस्याओं से संदर्भित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, मेरठ मंडल अध्यक्ष अनिल सांवरिया, जिलाध्यक्ष प्रीतम लाल समेत आधा दर्जन से ज्यादा पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### साधुओं से मारपीट पड़ी भारी, 2 गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद। वेब सिटी थानाक्षेत्र के बम्हैटा गांव के शिव मंदिर में विश्राम के लिए मंदिर परिसर में पहुंचे नाथ सम्प्रदाय के साधुओं से स्थानीय युवकों ने मारपीट किया। पुलिस ने शिकायत दर्ज करके 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त सूचना के अनुसार पंजाब के सोनीपत से महाकुंभ प्रयागराज जाने के उद्देश्य से नाथ सम्प्रदाय के साधु गटक नाथ और अन्य लोग निकले थे। लेकिन रात्रि होने के कारण मंदिर देखकर उसके परिसर में रुकने की बात कही। जिसको लेकर पहले से मौजूद यशवीर यादव और नकुल यादव से कहासुनी शुरू हुई जो बाद में मारपीट में बदल गई। आरोप है कि मारपीट में साधु का कुंडल भी आरोपियों ने छीन लिया। साधु के साथ घटी घटना और सूचना पर तत्काल पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंच गई। साधुओं की शिकायत पर पुलिस प्रशासन ने तत्काल मुकदमा पंजीकृत करके आरोपियों को हिरासत में भी ले लिया। नाथ सम्प्रदाय के साधुओं के साथ घटी घटना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप की स्थिति बन गई। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी नाथ सम्प्रदाय से संबंधित है।

### भाजपा नेताओं की हुई सुनवाई, खोड़ा चौकी प्रभारी हटाए गए

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद। भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष को गैंगस्टर एक्ट में जेल भेजने के बाद शुरू हुआ भाजपा नेताओं का हाई वोल्टेज प्रदर्शन सफल रहा। आखिर प्रगति विहार चौकी प्रभारी मनीष कुमार को हटा दिया गया है। उन्हें पुलिस लाइन से सम्बद्ध कर दिया गया है। ज्ञात हो कि भाजपा के महानगर अध्यक्ष और नव निर्वाचित विधायक संजीव शर्मा के मध्यस्ता के बाद महानगर भाजयुमो का धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ था।जिसके बाद उसी दिन देर शाम मंडल अध्यक्ष अनुज कसाना के गैंगस्टर एक्ट में जेल भेजने की सूचना प्रायः सूचना के अनुसार प्रसारित हुई। जिसके बाद संगठन के अंदर खलबली मच गई। खैर दूसरे दिन डैमेज कंट्रोल के तहत खोड़ा के प्रगति विहार चौकी प्रभारी पुलिस लाइन से सम्बद्ध करने का आदेश आया।

### गौवंश पालको के लिए सरकार की अनूठी योजना

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, गाजियाबाद डा0 एस0पी0 पाण्डेय के अनुसार जनपद में दिनांक 01जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक अभियान चलाकर मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत गो आश्रय स्थलों में संरक्षित निराश्रित बेसहारा गोवंशो को इच्छुक पशुपालकों को सुपुर्द करने की योजना संचालित किया जा रहा। कोई भी इच्छुक पशुपालक जिसके पास गोवंश पालने हेतु स्थान हो, योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु नजदीकी पशु चिकित्सालय अथवा विकास खण्ड कार्यालय अथवा अधिशासी अधिकारी कार्यालय पर सम्पर्क कर सकता है। उसके लिए निर्धारित प्रारूप प्राप्त कर आवेदन करना होगा। योजनान्तर्गत लाभार्थी अधिकतम 04 गोवंश प्राप्त कर सकता है। पशुपालक को एक गोवंश पर प्रतिमाह पंद्रह सौ रूपये की दर से भरण-पोषण की धनराशि सीधे उसके बैंक खाते में उपलब्ध करायी जायेगी।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के स्वागत समारोह से सहारनपुर में सैनी समाज की राजनीति की दशा और दिशा निर्धारित होगी: डॉ. धर्मसिंह

जन एक्सप्रेस। सहारनपुर



उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व में कैबिनेट मंत्री रहे डॉ धर्मसिंह सैनी ने कहा कि आगामी पांच जनवरी को रामपुर मनिहारान में होने वाला हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का अभिनंदन समारोह अब केवल स्वागत समारोह नहीं रहा, बल्कि यही कार्यक्रम जिला सहारनपुर में ही नहीं अपितु समस्त उत्तर प्रदेश में सैनी समाज की राजनीति के भविष्य की दशा और दिशा निर्धारित करने का काम करेगा। इस लिए अब हमें अपनी सम्पूर्ण ताक़त लगा कर इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाना होगा। उक्त विचार उन्होंने आज अपने पैतृक गांव सोना सैयद माजरा मे स्थित संस्थान श्री रुप राम इंटरनेशनल एकेडमी में आयोजित सैनी सम्मेलन में प्रकट किये। उन्होंने कहा कि

### सहारनपुर में सैनी की जनसंख्या

मुस्लिम और दलित समाज के बाद सर्वाधिक प्रथम स्थान पर है, जो हमेशा निर्णायक भूमिका में नजर आती है, लेकिन हमारा समाज आज तक अपनी ताकत नहीं पहचान सका है और चुनाव में बिखर जाता है,जिससे राजनैतिक स्तर पर पिछड़ रहा है।अब समय आ गया है कि हमें अपनी ताकत का ऐहसास दूसरों को भी कराना होगा, इसके लिए अपने सभी नेताओं को आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट होकर इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाना होगा। उन्होंने वर्तमान केन्द्र और प्रदेश सरकारों द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी विस्तार से प्रकाश डालते हुए भाजपा हाईकमान को धन्यवाद दिया कि उसके द्वारा सैनी समाज को सम्मान देते हुए एक किसान के बेटे नायब सिंह सैनी को हरियाणा में मुख्यमंत्री और यूपी में जसवंत सैनी को राज्य मंत्री बनाया है, इससे पहले मुझे भी उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री बनाया गया था।इस लिए समाज की भी जिम्मेदारी बनती है कि आगामी चुनाव में वह भाजपा को ही अपना सर्वाधिक सहयोग प्रदान करने का काम करें। बताता जाता है कि पिछले कुछ दिनों से सहारनपुर में सैनी समाज के कद्दावर नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ धर्म सिंह सैनी तथा राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी और भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह सैनी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री साहब सिंह सैनी व पूर्व विधायक नरेश सैनी आदि के बीच किसी न किसी बहाने से मतभेद चलते रहते हैं, जिनका फायदा दूसरे समाज के नेता गण खूब उठाते रहते हैं। यदि यही चलता रहा और इस कलह पर अंकुश नहीं लगाया गया तो वो दिन दूर नहीं,जिस दिन रुड़की हरिद्वार की सैनी राजनीति की तरह यहां पर भी कोई नाम लेवा नहीं रहेगा। ऐसी स्थिति में जब दूसरे लोगों के द्वारा सैनी समाज के लोगों का उत्पीड़न किया जाएगा तो फिर उनकी मदद कौन करेगा? यही दूर द्रष्टि रखते हुए कुछ सोच समझकर आज डॉ धर्म सिंह सैनी जी ने अपनी ओर से पहल करते हुए राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी जी और जिलाध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह सैनी तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री साहब सिंह सैनी और पूर्व विधायक नरेश सैनी, विक्रम सिंह सैनी ,चेतन सैनी आदि सैनी नेताओं को आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट होकर काम करने को लेकर अपने यहां समारोह में बुलाया गया था, लेकिन उनमें से जसवंत सिंह सैनी और महेंद्र सिंह सैनी जी ही पहुंच सके हैं, बाकी साहब सिंह सैनी और नरेश सैनी दोनों ही भाई नहीं पहुंचें हैं।

### राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत समारोह केवल

रामपुर मनिहारान अथवा सहारनपुर जिले के लिए ही नहीं, बल्कि यूपी, हरियाणा, उत्तराखंड और दिल्ली चारों राज्यों के मध्य प्रस्तावित है, जिसका असर भविष्य में इन चारों राज्यों की सैनी समाज की राजनीति पर अवश्य पड़ेगा।क्योंकि यदि कार्यक्रम जबरदस्त सफलता प्राप्त करता है तो इसका संदेश अच्छा जाएगा और यदि कमजोर रहता है, तो इसका संदेश अच्छा नहीं जाएगा, जिसका असर आने वाले समय में सैनी समाज की राजनीति पर अवश्य पड़ेगा इसलिए इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हमें अपनी सभी शक्ति लगाकर जन सैलाब इकट्ठा करने की जरूरत है।

### हरियाणा के साथ पश्चिम उत्तर प्रदेश का रोटी बेटी का नाता: डॉ महेंद्र सिंह सैनी

भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह सैनी ने कहा है कि हरियाणा के साथ पश्चिम उत्तर प्रदेश का रोटी बेटी का नाता है, इस नाते से नायब सिंह सैनी हमारे रिश्तेदार लगते हैं, जिनकी बहुत अच्छे तरीके से आओ भगत करना हमारा परम कर्तव्य बनता है। वैसे यह भी हम सभी जानते हैं कि नायब सिंह सैनी भाजपा के मुख्यमंत्री हैं और जिला सहारनपुर की भाजपा कार्यकर्ताओं का दायित्व बनता है कि प्रत्येक गांव से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर उनका भव्य स्वागत करें। इस अवसर पर ऑल इंडिया सैनी समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओमपाल सैनी, सैनी विकास समिति के जिला अध्यक्ष चौधरी मानसिंह सैनी, संयुक्त सैनी महासभा के संयोजक एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सैनी पत्रकार , युवा सैनी सभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राकेश सैनी, प्रगतिशील सैनी सभा के अध्यक्ष सही राम सैनी, धर्मपाल सैनी एडवोकेट, उत्तराखंड सैनी सभा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चंद्र सैनी, डॉ प्रेमचंद सैनी, रविंद्र सैनी, धीर सिंह सैनी किसान यूनियन की नेता ऋतु सैनी आदि बहुत से लोगों ने भी अपने-अपने विचार प्रकट करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आवाहन किया। जबकि कार्यक्रम में राज्य मंत्री जसवंत सैनी के प्रतिनिधि भाई कृष्ण कुमार टीटू, पूर्व मंत्री डॉक्टर धर्म सिंह सैनी के भाई चरण सिंह सैनी और अकादमी के डायरेक्टर डॉक्टर करण सिंह सैनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजीत राणा, दीपक सैनी,महामंत्री विजेंद्र सिंह, सनी सैनी प्रधान, बृजपाल सैनी आदि हजारों लोग उपस्थित रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी शिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष शिवकुमार सैनी ने की तथा संचालन डॉक्टर ओमपाल सैनी ने किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)